नई दिल्ली
मंगलवार 20 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 278
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 25.0
न्यून. 9.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,246.18 | 324.17 ▼ |
| निफ्टी | 25,585.50 | 108.85 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,48,100/- | 1900/- ▲ |
| चांदी | 3,02,600/- | 10000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.91 | 13 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 63.35 बैरल 1.22% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




### अध्यक्ष पद पर नबीन का निर्विरोध हुआ निर्वाचन, पक्ष में 37 सेट नामांकन पत्र जमा हुए

# नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए, आज संभालेंगे पदभार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नितिन नबीन सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए। नबीन का निर्वाचन निर्विरोध हुआ क्योंकि उनके अलावा किसी अन्य ने अध्यक्ष पद हेतु पर्चा दाखिल नहीं किया था। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी बयान में बताया गया कि नितिन नबीन के पक्ष में कुल 37 सेट नामांकन पत्र प्राप्त हुए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम नितिन नबीन का प्रस्तावित हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेश अध्यक्षों के निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत की गई, जो कि न्यूनतम आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक है। गौरतलब है कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को गत दिसंबर में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपानबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नबीन के नामांकन के समय मौजूद रहे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी

- **भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आज जेपी नड्डा सौंपेंगे नबीन को पदभार**
- **प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत अनेक दिग्गज रहेंगे मौजूद**





आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए।

नितिन नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था। हाल ही में उन्हें बीजेपी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब वे पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नितिन नबीन नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर आज मंगलवार सुबह 11:30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता भी इस मौके पर बड़ी तादाद में मौजूद रहेंगे।




## राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन में शामिल हुए हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता

- **मुख्यमंत्री सैनी और प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली के नेतृत्व में नितिन नबीन के पक्ष में चुनाव अधिकारी को सौंपा नामांकन सेट**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन में शामिल होने के लिए सोमवार को हरियाणा भाजपा के नेताओं की टीम दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय पहुंची। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में हरियाणा के 30 वरिष्ठ नेता भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के सभागार में पहुंचकर नामांकन में सम्मिलत हुए। हरियाणा के सभी नेता सुबह 10 बजे ही दिल्ली स्थित हरियाणा भवन पहुंच गए थे। हरियाणा भवन में सभी नेताओं ने आपस में चर्चा की और इसके बाद दो बजे सभी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अगुवाई में केंद्रीय कार्यालय पहुंचे और नेताओं के हस्ताक्षर युक्त पत्र यहां बैठे चुनाव अधिकारियों को सौंपा।

पत्र में मुख्यमंत्री नायब सैनी,प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य डा. सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, मंत्री अनिल विज, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, डॉ. कमल गुप्ता, सांसद धर्मबीर सिंह, सुनीता दुग्गल, सांसद नवीन जिंदल, रेखा शर्मा, रामचंद्र जांगड़ा, किरण चौधरी रहे। मंत्री विपुल गोयल, राव नरबीर सिंह, महीपाल ढांडा, राजेश नागर, गौरव गौतम, सांसद धर्मबीर सिंह, प्रदेश सचिव भूपेंद्र सिंह, गार्गी कक्कड़, राहुल राणा, नसीम अहमद, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अरूण यादव, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता के नाम सम्मिलित थे। सभी के हस्ताक्षर किया हुआ पत्र यहां मौजूद पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण और सांसद संबित पात्रा को सौंपा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा अपने विचार के लिए जानी जाती है, क्योंकि हम राष्ट्र के लिए काम करते हैं। सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्रहित के लिए काम करता है। भाजपा ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चांदी पहली बार 3 लाख रुपए के पार


**नई दिल्ली।** सोना-चांदी हर रोज रिकॉर्ड तोड़ती दिख रही हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को चांदी ने तो खुलते ही ऐसा गदर मचाया कि एक किलो चांदी के दाम 3 लाख रुपए के पार निकल गया।



चांदी ने इतिहास में पहली बार ये स्तर पार किया है। वहीं दूसरी ओर सोना भी 1 हजार 900 चढ़कर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर जा पहुंचा। कुल मिलाकर सोने का विकल्प चांदी में खोजने वालों के लिए झटका है।

### करोड़पति भिखारी तीन मकान और कार भी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर सराफा बाजार में वर्षों से भीख मांग रहा मांगीलाल असल में करोड़ों की संपत्ति का मालिक निकला। उसकी संपत्ति, बैंक अकाउंट की जांच जारी है। मांगीलाल सराफा की गलियों में लकड़ी की गाड़ी पर चलता था। मांगीलाल के पास तीन पक्के मकान, डिजायर कार, तीन ऑटो हैं। ऑटो किराये पर चलाता था। कार चलाने के लिए ड्रायवर रखा हुआ था। वह भीख के पैसों को ब्याज पर देता था।



## पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान का किया आत्मीय स्वागत, भेंट किए उपहार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान और उनके परिवार का लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर गर्मजोशी से स्वागत किया। हवाई अड्डे पर यूएई के राष्ट्रपति की आगवानी के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "मैं अपने भाई, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति हिज़ हाइनेस शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे गया। उनकी यह यात्रा भारत-यूएई की मजबूत मित्रता को वे जो महत्व देते हैं, उसे दर्शाती है। हमारी चर्चाओं की प्रतीक्षा है।"

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्प परंपरा को दर्शाने वाले पारंपरिक उपहार भेंट किए। प्रधानमंत्री ने शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान को गुजरात की हस्तनिर्मित रॉयल नक्काशीदार लकड़ी की झूला (झूला) भेंट की। यह खूबसूरती से तराशी गई लकड़ी की झूला गुजरात के अनेक परिवारों के



घरों का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है। इस पर की गई बारीक फूलों और पारंपरिक आकृतियों की नक्काशी भारतीय कारीगरों की उत्कृष्ट शिल्पकला को दर्शाती है। गुजराती संस्कृति में झूला पारिवारिक एकता, संवाद और पीढ़ियों के बीच आपसी जुड़ाव का प्रतीक है। यह उपहार यूएई द्वारा वर्ष 2026 को 'परिवार वर्ष' घोषित किए जाने के संदेश से भी गहराई से जुड़ता है।

प्रधानमंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति को एक कश्मीरी पश्मीना शॉल भी भेंट की, जिसे एक भव्य और सजावटी चांदी के नक्काशीदार डिब्बे में रखा गया था। बताया गया कि यह पश्मीना शॉल कश्मीर की पारंपरिक हस्तकला का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसे बेहद महीन ऊन से हाथ से तैयार किया जाता है, जिससे यह हल्की, मुलायम और गर्म होती है। शॉल को जिस चांदी के डिब्बे में रखा गया है, वह तेलंगाना में निर्मित है। यह उपहार भारत की समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई की प्रथम महिला हिज़ हाइनेस शेखा फ़ातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल भेंट की, जिसे आकर्षक चांदी के डिब्बे में सजाया गया था। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी केसर भी उपहार स्वरूप दिया गया। कश्मीर घाटी में उगाया जाने वाला केसर अपने गहरे लाल रंग के रेशों और तीव्र सुगंध के लिए विश्वविख्यात है और इसे अत्यंत सम्मानित मसालों में गिना जाता है।

इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात और उपहारों के आदान-प्रदान ने भारत और यूएई के बीच पारंपरिक मूल्यों, पारिवारिक भावना और सांस्कृतिक साझेदारी को और मजबूत किया।

## पीठासीन अधिकारी का आचरण दलगत राजनीति से हटकर न्यायपूर्ण होना चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष

- **86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का लखनऊ में उद्घाटन**
- **राज्य विधानसभाओं की कार्यवाही के लिए एक निश्चित एवं पर्याप्त समय सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है: बिरला**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन सोमवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य संबोधन दिया। सम्मेलन में 28 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं तथा 6 विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सम्मेलन में शामिल सभी पीठासीन अधिकारियों ⏩ शेष पेज 5 पर



**केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री बोले राहुल गांधी और खरगे को झूठ शोभा नहीं देता**

## शिवराज ने वीबी-जी राम जी पर कांग्रेस के आरोपों को बताया झूठा प्रचार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीबी-जी राम जी योजना पर कांग्रेस की आलोचना खारिज करते हुए विपक्ष पर एआई-जनरेटेड तस्वीरों के जरिए झूठ फैलाने और अनावश्यक भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह कानून किसानों और मजदूरों के बीच समन्वय को बढ़ावा देगा। सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चौहान ने वीबी-जी राम जी अधिनियम के उद्देश्य का बचाव करते हुए कहा कि यह योजना जमीनी स्तर पर किसानों और मजदूरों के बीच ⏩ शेष पेज 5 पर

### स्विट्जरलैंड के दावोस में आर्थिक नीतियों पर मंथन, दावोस में पांच दिन चर्चा करेंगे दिग्गज

# एनएसए अजीत डोभाल, 4 केंद्रीय मंत्री समेत 6 सीएम होंगे शामिल, इनमें डॉ. मोहन यादव भी

- **डब्ल्यूईएफ की 56वीं वार्षिक बैठक**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दावोस में शुरू हो रही वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में 23 जनवरी तक दावोस में दुनियाभर के नेता आर्थिक नीतियों और वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे।

भारत का प्रतिनिधित्व इस बैठक में बेहद मजबूत है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू शामिल होंगे। इसके अलावा छह मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन. चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत बिस्वा ⏩ शेष पेज 5 पर

**बर्फ से ढंकी डावोस की गलियों में दुनिया भर के शीर्ष कारोबारी और राजनीतिक नेता जुटे**




दावोस में मप्र के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री व अन्य अधिकारी

**सम्मेलन में 130 से ज्यादा देशों के करीब 3,000 वैश्विक नेता हिस्सा ले रहे**

- **यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व अंतरिक्ष जैसे विषयों पर कार्यक्रम होंगे**
- **मौजूदा वैश्विक संकटों के बीच दुनिया में सच और भरोसे की कमी, जिसके बिना सामूहिक समाधान संभव नहीं**

### ये दिग्गज रखेंगे अपनी बात

दावोस बैठक के दौरान प्रमुख वैश्विक नेताओं के विशेष संबोधन भी होंगे। 20 जनवरी (मंगलवार) को माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला शाम 7:30 बजे विशेष संबोधन और संवाद करेंगे। 21 जनवरी (बुधवार) को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 3:30 बजे भी विशेष सत्र को संबोधित कर सकते हैं। इनके अलावा एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग 2:00 बजे अपने विचार रखेंगे।

### वैश्विक सप्लाई चेन बड़े बदलाव की ओर

वैश्विक सप्लाई चेन अब संरचनात्मक अस्थिरता के दौर में प्रवेश कर चुकी हैं, जिससे कंपनियां और सरकारें निवेश व उत्पादन की रणनीतियों पर दोबारा सोचने को मजबूर हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार चार में से तीन बिजनेस लीडर अब विकास के चालक के रूप में लचीलेपन को प्राथमिकता दे रहे हैं। वार्षिक बैठक से पहले जारी ग्लोबल वैल्यू चेन्स आउटलुक 2026 रिपोर्ट बताती है कि भू-राजनीति, औद्योगिक नीतियां, ऊर्जा संक्रमण और तेज तकनीकी बदलाव वैश्विक वैल्यू चेन्स को नए सिरे से आकार दे रहे हैं। यह रिपोर्ट उद्योग, सरकार और शिक्षा जगत के 100 से अधिक परामर्शों और 300 से ज्यादा वरिष्ठ अधिकारियों के सर्वे पर ⏩ शेष पेज 5 पर

### हथियारों का जखीरा बरामद

# सोनू दरियापुर गैंग के चार कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी उत्तर जिला पुलिस ने राजधानी में संगठित अपराध पर एक बड़ी चोट करते हुए कुख्यात सोनू दरियापुर गैंग के एक सक्रिय जबरन वसूली मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है,। इनसे अत्याधुनिक हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि 16 जनवरी की रात लगभग 10:10 बजे इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा, इंचार्ज स्पेशल स्टाफ और एसीपी ऑपरेशन द्वारा एक विशेष पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया। श्मशान घाट, खेड़ा खुर्द रोड के पास टीम को तैनात किया गया था। इस बीच एक मोटरसाइकिल पर संदिग्ध रूप से घूम रहे तीन व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी के बाद तीनों के पास से अवैध हथियार बरामद हुये। इसके बाद उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में धारा केस दर्ज किया गया। आरोपियों के नाम रजत उर्फ गब्बरू निवासी जैन कॉलोनी प्रहलादपुर, बांगर दिल्ली, अनुराग उर्फ हनी निवासी जैन कॉलोनी, नियर बरवाला, दिल्ली और सुशील बिष्ट उर्फ पवन उर्फ पहाड़ी निवासी डीडीए फ्लैट्स, सेक्टर-34, रोहिणी पता चलें। सुशील बिष्ट एक आदतन अपराधी है, जो पहले डकैती, छिनैती और आर्म्स एक्ट के 34 मामलों में शामिल रहा है। बाद में चौथे आरोपी को भी पकड़ा गया जिसका नाम आर्यन निवासी प्रहलादपुर, बांगर दिल्ली बताया गया है। इनसे दो अत्याधुनिक .32 बोर पिस्तौल (मैगजीन के साथ), दो देसी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद हुये। जांच से पता चला है कि सभी आरोपी सोनू दरियापुर गैंग के सदस्य हैं। वे रोहिणी और बाहरी उत्तरी जिलों में व्यापारियों को निशाना बनाकर जबरन वसूली रैकेट चला रहे थे। उनके आपराधिक रिकॉर्ड से पता चलता है कि वे पहले भी डकैती, छीनने और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन के कई मामलों में शामिल रहे हैं।

## 20 लाख की रंगदारी का मामला सुलझा, तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर 20 लाख की रंगदारी का मामला सुलझाते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मास्टरमाइंड भी शामिल है। आरोपियों ने एक स्थानीय बिजनेसमैन को पश्चिम विहार-स्टाइल शूटआउट की धमकी दी थी, अगर 20 लाख की फिरौती नहीं दी गई। पुलिस के अनुसार 15 जनवरी को रात लगभग 10:30 बजे शिकायतकर्ता को अंजान नंबर से कॉल आया था। पीड़ित 52 वर्षीय कबाड़ व्यापारी रोहिणी सेक्टर-11 का रहने वाला है। कॉलर ने उससे 20 लाख की मांग की और धमकी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर पैसे नहीं दिए गए, तो गोली से मार दिया जाएगा। डर पैदा करने के लिए पश्चिम विहार की हाल की हिंसक घटना का हवाला भी कॉलर ने दिया। शिकायतकर्ता के कॉलर को यह बताने के बावजूद कि वह दिल का मरीज है, 16 जनवरी को भी धमकियां जारी रहीं।

कॉलर ने कहा कि वे नकद लेने के लिए खुद आएंगे। सदमे में और डर के मारे अपने घर में बंद शिकायतकर्ता आखिरकार शाहबाद डेयरी पुलिस स्टेशन पहुंचा। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। इंस्पेक्टर राजेश मलिक एसएचओ शाहबाद डेयरी और एसीपी बवाना द्वारा तुरंत तीन समर्पित टीमें गठित की गई। जांच में एडवांस्ड टेक्निकल सर्विलांस और लगातार डेटा एनालिसिस से रोहिणी के भूपिंदर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड एक नंबर का पता चला। संदिग्धों के एक्टिव सिग्नल को इंटरसेप्ट किया और एक सटीक रेड में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके नाम चिराग महेंद्रू (25) है। वह इस मामले में सरगना था। सेक्टर-15, रोहिणी का रहने वाला चिराग पहले एक कैफे में काम करता था। दूसरे आरोपी का नाम आशुतोष कुमार पांडे (26) निवासी सेक्टर-16, रोहिणी है। वह टैक्सी ड्राइवर के तौर पर काम करता है। तीसरे आरोपी का नाम अंकित मिश्रा (26) निवासी सेक्टर-16, रोहिणी है। वह आजादपुर में अकाउंटेंट के तौर पर काम करता है।

### शाहबाद डेयरी इलाके का मामला

## अपराधी को पकड़ने के दौरान दो पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में एक अभियान के दौरान हथियारबंद अपराधी को काबू करने की कोशिश में दो पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला किया गया। आरोपी की पहचान रवि उर्फ पंछी (38) के रूप में हुई है। वह शाहबाद डेयरी क्षेत्र का रहने वाला है। पंछी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पास से चाकू और देसी पिस्तौल भी बरामद की गई। चाकू के वार से घायल हुए हेड कांस्टेबल कुलदीप और कांस्टेबल नीरज को अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार पंछी इलाके का कुख्यात बदमाश है और उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। यह घटना 17 जनवरी की शाम को तब घटी जब दोनों पुलिसकर्मी शाहबाद डेयरी क्षेत्र में गुप्ता कॉलोनी के पास नियमित गश्त पर थे। स्वामी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पंछी नाम का एक व्यक्ति इलाके में मौजूद है, जिसके पास हथियार हैं और वह इलाके में लूट की साजिश रच रहा है।

अधिकारी के अनुसार जन सुरक्षा को तत्काल खतरा देखते हुए दोनों पुलिसकर्मी अतिरिक्त बल का इंतजार किए बिना ही आरोपी को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई करने पहुंच गये। पुलिसकर्मियों को देखते ही पंछी भागने की कोशिश करने लगा, जिसके चलते पुलिस ने उसका पीछा किया और फिर हाथापाई हो गई। स्वामी ने बताया कि इस दौरान पंछी ने धारदार चाकू से दोनों पुलिसकर्मियों पर हमला किया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। पंछी इलाके का कुख्यात अपराधी है और ई-रिक्शा चालक के रूप में काम करता है।

## नंदू गिरोह का बदमाश दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। वह करीब दो साल से फरार था और विदेश में था। अदालत ने उसे कई आपराधिक मामलों में भगोड़ा घोषित किया था। हरियाणा निवासी मनोज राठी (33), नजफगढ़ थाने के 2021 में दर्ज हत्या के एक मामले तथा बाबा हरिदास नगर थाना और स्पेशल सेल के आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज दो मामलों में वांछित था।

पुलिस के अनुसार नौ जनवरी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर राठी को रोका गया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। राठी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला चार फरवरी 2024 का है, जब मध्यप्रदेश के दो हथियार तस्कर अंकित मिश्रा और जितेंद्र राजपूत को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। उनसे 12 अवैध पिस्तौल बरामद की गई थी। पूछताछ के दौरान दोनों ने खुलासा किया था कि हथियारों की खेप मनोज राठी और दिल्ली में उनके सहयोगियों के लिए थी। पुलिस की जांच में यह पता चला था कि तस्करों की गिरफ्तारी के तुरंत बाद राठी देश छोड़कर भाग गया था। पांच मार्च 2024 को एक अदालत द्वारा उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। उसके बाद एक एलओसी जारी हुई। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में राठी ने खुलासा किया कि वह 2021 में नजफगढ़ थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में भी वांछित था।

राठी 2019 में गैंगस्टर कपिल सांगवान के संपर्क में आया और उसके गिरोह के लिए काम करने लगा। 2021 में उसने और उसके साथियों ने कथित तौर पर सांगवान के निर्देश पर नजफगढ़ में एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की थी, जिसके बाद राठी को गिरफ्तार किया गया और लगभग तीन साल जेल में बिताने के बाद वह जमानत पर बाहर आया था। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद राठी ने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश स्थित तस्करों से गिरोह के लिए अवैध हथियारों की खरीद का समन्वय शुरू किया। बाद में वह विदेश भाग गया और देश के बाहर से ही गिरोह के लिए काम कर रहा था।

## एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुखर्जी नगर पुलिस ने एटीएम उपभोक्ता का डेबिट कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोप में 39 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में केस महीने की शुरुआत में दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद निवासी मोहम्मद करीम को गिरफ्तार किया गया। उसके घर से धोखाधड़ी वाले डेबिट कार्ड से खरीदे गये वाशिंग मशीन, हीटर, इलेक्ट्रिक प्रेस और एयर प्यूरीफायर समेत कई घरेलू सामान बरामद किए गये हैं। पुलिस ने बाद में इसके पास से 61 डेबिट और क्रेडिट कार्ड के साथ-साथ मोटरसाइकिल की तीन फर्जी नंबर प्लेट बरामद कीं। यह मामला 17 जनवरी को दर्ज ई-एफआईआर के बाद सामने आया, जिसमें शिकायतकर्ता रोशन ने आरोप लगाया कि तीन जनवरी को मुखर्जी नगर के एक एटीएम में उसके डेबिट कार्ड को बदल दिया गया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब वह नकदी निकालने की कोशिश कर रहा था, तभी एक अज्ञात व्यक्ति तकनीकी समस्या में मदद करने के बहाने उसके पास आया, उसका कार्ड थोड़ी देर के लिए लिया और वापस कर दिया। बाद में उसकी जानकारी के बिना उसके खाते से पैसे निकाल लिए गए। शिकायतकर्ता के खाते से 20 हजार रुपये निकाले गए थे। बाद में उस कार्ड का इस्तेमाल मॉडल टाउन के एक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में विभिन्न सामान खरीदने के लिए किया गया था। सूचना मिलने पर टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की और करीम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान करीम ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और यह भी माना कि उसने आसानी से पैसा कमाने के लिए इसी तरह के अपराध किए थे। करीम पहले भी 2023 में न्यू अशोक नगर थाने में दर्ज चोरी और धोखाधड़ी के एक मामले में संलिप्त पाया गया था।

### पंजाबी बाग : घर में चोरी के आरोप में घरेलू सहायिका अरेस्ट

नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में एक घर में चोरी करने के आरोप में 18 वर्षीय घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 2.66 लाख रुपये बरामद किए गए। आरोपी महिला का नाम मंगोलपुरी निवासी लक्ष्मी बताया गया है। घटना की जांच के बाद उसे हिरासत में लिया गया था। चोरी के संबंध में पीसीआर पर 15 जनवरी को सूचना मिलने के बाद यह मामला सामने आया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके घर से 5.63 लाख रुपये नकद गायब हो गए हैं। शिकायत के आधार पर 16 जनवरी को पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस की एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, स्थानीय जानकारी जुटाई और आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली और उसके पास से 2,66,600 रुपये नकद बरामद किए गए।

### घर में घुसकर गोली चलाने के मामले में दो व्यक्ति दोषी करार

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सदर बाजार इलाके में वर्ष 2014 में एक घर के अंदर हुई गोलीबारी के मामले में दो आरोपियों को हत्या के प्रयास और रात में जबरन घर में घुसने के अपराध का दोषी करार दिया। अदालत ने कहा कि प्रमुख गवाहों के पलट जाने के बावजूद अभियोजन पक्ष ने मामले को साबित कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंकुर जैन ने सईद बिलाल और शहजादा इरफान को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 458 (रात में जबरन घर में घुसना), धारा 34 (साझा मंशा) के तहत दोषी ठहराया। इसके अलावा बिलाल को बिना लाइसेंस वाला हथियार इस्तेमाल करने के लिए शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत भी दोषी ठहराया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 20 अप्रैल 2014 को देर रात करीब दो बजे बिलाल, नसरीन और इरफान ने कसाबपुरा में स्थित मोहम्मद वसी के घर में जबरन घुसकर वसी, इमरान और आबिदा पर हमला किया। बिलाल ने वसी पर गोली चलाई, लेकिन वसी के झुक जाने के कारण गोली दीवार में जा लगी। वहीं इरफान ने वसी के भाई इमरान पर छुरे से हमला करने की कोशिश की, लेकिन वह बच गया। घर के सभी लोग बाहर निकल आए और शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। बाद में घटनास्थल से एक खाली कारतूस और दीवार पर गोली का निशान मिला। वसी, इमरान और आबिदा इस मामले के मुख्य प्रत्यक्षदर्शी भी थे। वे गवाही के दौरान पलट गए और अभियोजन पक्ष का समर्थन करने से इनकार कर दिया। अदालत को बताया गया कि गवाही के बीच इन गवाहों ने उच्च न्यायालय में मामला रद्द करने की याचिका भी दायर की थी।

## युवक पर चाकू से हमलाकर लूटपाट, एक आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के नारायणा इलाके में हाल में जमानत पर छूटे व्यक्ति समेत कुछ हमलावरों ने 25 वर्षीय युवक पर कथित रूप से चाकू से हमला कर 18 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि आरोपियों में से एक उत्तम नगर निवासी निखिल (23) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार 17 जनवरी को चाकूबाजी की घटना के संबंध में पीसीआर को सूचना मिली थी। कॉल करने वाले ने बताया कि रेलवे लाइन के पास रवि नामक युवक के सिर और जांघ पर चाकू से वार किया गया है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि, घायल को पहले ही पीसीआर वाहन द्वारा आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया जा चुका था। रवि नांगलोई स्थित एक लुब्रिकेंट कंपनी में वितरण प्रबंधक के रूप में काम करता है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार रवि उत्तम नगर थाने में 2021 में दर्ज एक गैर इरादतन हत्या के मामले में शामिल था। रवि की हालत स्थिर होने के बाद उसका बयान दर्ज किया गया। उसने पुलिस को बताया कि वह जवाहर कैंप इलाके में अपने एक परिचित गुरमुख के घर 18 हजार रुपये लेने गया था। रुपये लेने के बाद घर लौटते समय आरोपियों ने उसे रोक लिया। रवि ने पुलिस को बताया कि हमलावरों में से एक ने उस पर चाकू से वार किया, जबकि अन्य ने उसके साथ मारपीट की। सिर पर वार किए जाने से वह जमीन पर गिर गया और आरोपी नकदी छीनकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत लूट और गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान निखिल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लूटी गई रकम में से कुछ राशि भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि हमलावरों में से एक को हाल में जमानत पर जेल से रिहा किया गया था और पिछले साल आर्म्स एक्ट के एक मामले में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था।

### गणतंत्र दिवस : आगंतुकों को अपने निर्धारित पार्किंग स्थल तक पहुंचने में मिलेगी मदद

# कर्तव्य पथ पर पार्किंग सुविधा आसान बनाने के लिए दिल्ली यातायात पुलिस ने गूगल मैप से मिलाया हाथ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल करते जवान।

गणतंत्र दिवस की परेड देखने के लिए 26 जनवरी को कर्तव्य पथ की ओर आने वाले आगंतुक गूगल मैप और मैपल्स के जरिये निर्धारित पार्किंग स्थलों तक पहुंच सकेंगे। दिल्ली यातायात पुलिस ने इस मौके पर वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए दोनों नेविगेशन मंचों से हाथ मिलाया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आमंत्रित अतिथि और टिकट धारक गूगल मैप या मैपल्स का इस्तेमाल करके वास्तविक समय में यात्रा संबंधी जानकारी हासिल कर सकेंगे, जिसमें कर्तव्य पथ तक पहुंचने के उपयुक्त मार्ग और उनके लिए आवंटित पार्किंग स्थल का सटीक स्थान शामिल है। अधिकारी के मुताबिक, यह सुविधा केवल गणतंत्र दिवस तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि 29 जनवरी को होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान भी आगंतुक इसका लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा, इस पहल से आगंतुकों को बिना किसी असुविधा के अपने निर्धारित पार्किंग स्थल तक पहुंचने में मदद मिलेगी और प्रमुख मार्गों पर भीड़भाड़ कम होगी। अधिकारी के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने आगंतुकों की मदद के लिए अपनी वेबसाइट पर पार्किंग व्यवस्था से संबंधित एनिमेटेड वीडियो भी साझा किए हैं।

उन्होंने बताया कि निजी वाहन से आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड आधारित पार्किंग प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें 22 निर्धारित पार्किंग स्थल शामिल होंगे, जहां लगभग 8,000 वाहन खड़े किए जा सकेंगे। अधिकारी ने कहा कि इस प्रणाली के तहत पार्किंग पास धारक पास पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने बैठने के स्थान के सबसे नजदीकी पार्किंग स्थलों तक पहुंचने के लिए वास्तविक समय में दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकेंगे। गणतंत्र दिवस परेड के लिए आगंतुकों को हर साल लगभग 77,000 पास जारी किए जाते हैं, जिनमें से करीब 8,000 पास अपने वाहन से आने वालों के लिए निर्धारित होते हैं।

### हजारों करोड़ के मादक पदार्थ तस्करी मामले में एक अरेस्ट

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने 13,000 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की तस्करी मामले में सिक्किम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तिलक प्रसाद शर्मा (40) के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर थाईलैंड से मादक द्रव्य की तस्करी में शामिल था। पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी दो अक्टूबर 2024 को की गई एक बड़ी कार्रवाई से जुड़ी है, जब दिल्ली, गुजरात और पंजाब के कई स्थानों से लगभग 13,000 करोड़ रुपये मूल्य का कोकीन और गांजा जब्त किया गया था। गिरोह का सरगना वीरेंद्र बसोया इस समय विदेश में है और उसके बेटे ऋषभ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। वह भी देश से बाहर है। मामले में जांच जारी है। सूत्रों ने बताया कि इस बहु-राज्यीय अभियान के दौरान 15 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिससे मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क के पैमाने और पहुंच का खुलासा हुआ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2)(ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **राजेंद्र उर्फ गोलू पुत्र राम चंदर निवासी एफ-1/9, पहली मंजिल, विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली; (2) दीपक उर्फ टूटी पुत्र रमेश निवासी झुग्गी नं. 360, जयपुर गोल्डन हॉस्पिटल के पास, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं./कोर्ट सं. **60/2018, अंतर्गत धारा 454/350/411/34 आईपीसी, थाना के.एन. काटजू मार्ग, ज़िला रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) **राजेंद्र उर्फ गोलू (2) दीपक उर्फ टूटी** मिल नही रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) **राजेंद्र उर्फ गोलू (2) दीपक उर्फ टूटी** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं./कोर्ट सं. **60/2018, अंतर्गत धारा 454/350/411/34 आईपीसी, थाना के.एन. काटजू मार्ग, ज़िला रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभिुक्त (1) **राजेंद्र उर्फ गोलू (2) दीपक उर्फ टूटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशु सेहलोथ**
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-03 (उत्तर)
कमरा नं. 213, द्वतीय तल
रोहिणी जिला न्यायालय, दिल्ली

**DP/806/RD/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नितीश, पुत्रः** श्री प्यारेलाल उर्फ राजू, **पताः** पीयूष भाटी का मकान, देवता मोहल्ला, सीआरसी–2, सुल्तानपुर, **नई दिल्ली FIR No. 593/2025, U/s: 109(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितीश,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितीश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नितीश, FIR No. 593/2025, U/s: 109(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री आशीष कुमार मीना**
**एलडी महानगर दण्डाधिकारी**
**दक्षिणी जिला, कोर्ट नंबर 214**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/770/SD/2026
(Court Matter)

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
**CIN: L74210DL1987PLC029979**
**पंजी. कार्यालय :** 1400, हेमकुंट टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
**Ph.: 011-42504954/4878, Fax: 28293822**
**Email id: sbecsystems@rediffmail.com website: www.sbecsystems.in**

**सूचना**

सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के संदर्भ में, ट्रांसफर डीड्स के लिए फिजिकल शेयर जो मूलतः 01 अप्रैल 2019 से पूर्व दायर किए गए थे परन्तु दस्तावेजों / प्रक्रिया में कमी अथवा अन्यथा की वजह से निरस्त कर दिये गये / लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया, के हस्तांतरण आग्रहों को आसान बनाने के लिए एक स्पेशल विंडो 06 माह की अवधि के लिए 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक खोली गई थी।

उपरोक्त के प्रत्युत्तर में 100 शेयरों वाली एक शेयर ट्रांसफर डीड हमारे आरटीए द्वारा निम्नलिखित विवरण सहित दिनांक 26.12.2025 को प्राप्त की गई :

हस्तांतरणकर्ता का नाम – कुलदीप राय, फोलियो नं. 22494, सर्टिफिकेट नं. 23030, डिस्टिंक्टिव नं. 04749301–04749400, हस्तांतरिती का नाम – मलाथी लाथा सोमीसेट्टी।

आमजन/शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त हस्तांतरण में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो कृपया साक्ष्य सहित लिखित में हमारे आरटीए – मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली–110062 में beetalrta@gmail.com पर अथवा कम्पनी के पास sbecsystems@rediffmail.com पर इस सूचना के प्रकाशन से 10 दिन के अंदर सूचित करें। अन्यथा हस्तांतरिती के पक्ष हस्तांतरण कर दिया जाएगा।

**कृते एसबीईसी सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**हिमानी मित्तल**
**(कम्पनी सचिव)**

**दिनांक :** 19.01.2026
**स्थान : नई दिल्ली**

## आपात स्थिति में परेशान नहीं होंगे नागरिक, एक ही नंबर से मिलेगी त्वरित मदद

# दिल्ली में भी 112 बनेगा एक मात्र आपात नंबर: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में भी अब किसी भी प्रकार की आपदा या आपात स्थिति में अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर डायल नहीं करने पड़ेंगे। किसी भी तरह की आपात स्थिति में सिर्फ 112 डायल करने पर ही तेजी से मदद पहुंचेगी। इसकी शुरुआत इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) 2.0 के तहत की गई है। इस बात की जानकारी सोमवार को सीएम रेखा गुप्ता ने दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को संकट की घड़ी में अलग-अलग नंबर याद रखने की परेशानी से मुक्त मिलेगी और उन्हें तेजी से सहायता उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में पुलिस (100), अग्निशमन सेवा (101), एंबुलेंस/स्वास्थ्य सेवा (108), महिला सहायता (181), बाल सहायता (1098), गैस रिसाव (1906), बिजली आपूर्ति (19123), जल आपूर्ति (1916), दिल्ली मेट्रो (155370) और आपदा प्रबंधन/राहत सेवाओं (1077) सहित कई आपात सेवाओं के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर इस्तेमाल किए जाते हैं। इसकी वजह से संकट की स्थिति में आम नागरिकों को भ्रम और देरी का सामना करना पड़ता है। ईआरएसएस 2.0 के तहत हर तरह की आपात स्थितियों में अब अलग-अलग नंबर पर कॉल करने की जरूरत नहीं होगी। केवल 112 पर कॉल करके हर तरह की मदद मांगी जा सकेगी। सीएम के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 112 को राष्ट्रीय आपातकालीन नंबर घोषित किया गया है। इसी के मद्देनजर दिल्ली भी इसे लागू करने का काम करने जा रही है। उन्होंने बताया कि ईआरएसएस 2.0 एक आधुनिक यूनिफाइड सिग्नल हैंडलिंग सिस्टम है, जिसमें सभी इमरजेंसी कॉल, मोबाइल ऐप इमरजेंसी, पैनिक बटन, एसएमएस और वेब अलर्ट एक ही पब्लिक सेफ्टी आंसरिंग प्वाइंट पर प्राप्त होंगे। यहां से जिस भी तरह की इमरजेंसी होगी उसके आधार पर पुलिस, फायर, एम्बुलेंस और आपदा प्रबंधन सेवाओं को एक साथ अलर्ट किया जा सकेगा। इस प्रणाली में 112 पर सिर्फ कॉल ही नहीं, बल्कि मोबाइल ऐप, इमरजेंसी बटन, एसएमएस और ऑनलाइन माध्यम से भी सहायता मांगी जा सकती है यानी अगर कोई नागरिक आपात स्थिति में बोलने की स्थिति में नहीं है, तब भी वह आसानी से मदद का संकेत भेज सकता है।

### समय बचेगा, मदद पहुंचेगी जल्द

मुख्यमंत्री ने बताया कि ईआरएसएस 2.0 की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कॉल या इमरजेंसी का पता चलते ही ही सिस्टम अपने आप कॉल करने वाले की लोकेशन पहचान लेगा। इससे पीड़ित व्यक्ति को यह समझाने की जरूरत नहीं पड़ती कि वह कहां है। लोकेशन मिलते ही कंट्रोल रूम से सबसे नजदीकी पुलिस वैन, एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड को तुरंत रवाना कर दिया जाएगा, जिससे गोल्डन ऑवर (शुरुआती 60 मिनट) में समय की बचत होगी और मदद जल्दी पहुंचेगी। इस नई व्यवस्था में एक ही कॉल पर पुलिस, फायर और मेडिकल सेवाओं को एक साथ सूचना मिलेगी। इससे आपात स्थिति में होने वाली देरी काफी हद तक खत्म हो जाएगी।

## न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी 7.7 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड व घने कोहरे से सोमवार को कुछ हद तक राहत मिली। तापमान में सुधार के चलते दिल्ली में शीत लहर व ठंड में कमी दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार न्यूनतम तापमान बढ़ोतरी के बाद 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक है। जबकि अधिकतम तापमान भी बढ़कर 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 7.1 डिग्री अधिक है। जबकि निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर ने कहा कि दिल्ली में कड़ाके की ठंड से राहत मिली है, अब तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है।

स्काईमेट का कहना है कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान में बीते चार दिनों से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जबकि 15 जनवरी को सबसे कम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। अभी अगले तीन दिनों तक ठंड बढ़ने की संभावना नहीं है। लेकिन 22 जनवरी से बादल और हल्की बारिश के आसार शुरू हो रहे जिसके बाद सर्दी बढ़ेगी। कंपनी का कहना है कि फिलहाल उत्तरी पहाड़ों पर ऊपरी स्तर पर एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसका असर केवल ऊंचाई वाले इलाकों तक सीमित रहेगा। लेकिन 22 जनवरी 2026 को एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय तक पहुंचेगा। इसके बाद मैदानी इलाकों में चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। इन दोनों सिस्टम के असर से उत्तर भारत के पहाड़ों और मैदानों में एक साथ मौसम बदलेगा। दिल्ली भले ही इसके बाहरी दायरे में रहे, लेकिन 22 जनवरी से बादल और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी, जो गणतंत्र दिवस के बाद तक जारी रह सकती है। इस दौरान हवाएं पूर्व दिशा से चलेंगी, जो अपेक्षाकृत गर्म और नमी वाली होंगी। इससे दिल्ली में तापमान में तेज गिरावट नहीं होगी और 22 जनवरी के बाद कभी भी न्यूनतम तापमान दो अंकों में पहुंच सकता है।

धर्म परिवर्तन के लग रहे आरोप

## बुराड़ी के माउंट ओलिवेट स्कूल का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी के संत नगर स्थित एक निजी क्रिश्चियन स्कूल, माउंट ओलिवेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा बच्चों को जबरन बाइबल पढ़ाने के विरोध व धर्म परिवर्तन के आरोपों को लेकर लोगों ने जबरदस्त तरीके से विरोध प्रदर्शन किया।

इस मामले पर स्कूल प्रबंधन फिलहाल बचाव की मुद्रा में है और खुद पर लगे आरोपों से इंकार कर रहा है। इस मुद्दे पर सोमवार को स्कूली बच्चों के अभिभावकों, स्थानीय लोगों व भाजपा तथा अन्य हिंदूवादी संगठनों ने मिलकर स्कूल का घेराव किया और स्कूल की मान्यता तुरंत रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जबकि स्कूल प्रबंधन ने ग्रेप -4 के लागू होने के बहाने बच्चों की ऑनलाइन क्लास ली। इस मामले को लेकर शनिवार 17 जनवरी 2026 को भी स्कूल के अंदर व बाहर लोगों ने हंगामा किया था। स्कूल के घेराव के दौरान लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। लोगों ने जमकर स्कूल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से मांग की है कि धर्म परिवर्तन कराने जैसे मामले में शामिल विद्यालय को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। कई हिंदूवादी संगठनों, सामाजिक संगठनों व कई भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर माउंट ओलिवेट स्कूल की मान्यता रद्द नहीं की गई और प्रबंधन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो विरोध प्रदर्शन व धरना और तेज किया जाएगा। इस मामले पर दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइन जोन के चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी अपनी मान्यता होती है। आप बाइबल को मानते है इसमे कोई हर्ज नहीं। लेकिन अगर कोई भी व्यक्ति,संस्थान या विद्यालय किसी भी बच्चे को जबरन बाइबल पढ़ने को कहता है तो यह कानून तथा नियमों और आस्था की आजादी के साथ घोर खिलवाड़ है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### ग्रैप-4 में भी घोटाला कर रही दिल्ली पुलिस : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को ग्रैप-4 के लागू होने के बावजूद पुलिस द्वारा पैसे लेकर निर्माण सामग्री से भरे ट्रकों को धड़ल्ले से अनुमति देने की दो वीडियो साझा कर भाजपा और दिल्ली पुलिस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में दिल्ली पुलिस खुलेआम ग्रैप-4 में भी घोटाला कर रही है। सौरभ ने कहा कि ग्रैप-4 एक घोटाला है। साझा किए गए रविवार रात के वीडियो में दिल्ली पुलिस रिश्वत लेते हुए और निर्माण सामग्री से भरे ट्रकों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति देते हुए दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चलेगा कि एक ही रात में कम से कम 300 ट्रकों को दिल्ली के अंदर आने की अनुमति दे दी गई। दिल्ली में पूरी रात यही सिलसिला चलता रहता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को इस बात की परवाह नहीं है कि प्रदूषण दिल्लीवालों के बच्चों पर क्या असर डाल रहा है। अब देखना यह है कि क्या दिल्ली के पुलिस कमिश्नर अपने डीसीपी को निलंबित करेंगे। सौरभ ने एक अन्य वीडियो साझा करते हुए कहा कि कंट्रक्शन मटेरियल से भरे ट्रक दिल्ली के मांडी बॉर्डर से बेरोकटोक घुस रहे हैं और पुलिसकर्मी तमाशा देख रहे हैं।

## आधी आबादी को उचित स्थान और सम्मान देने की जरूरत, भाजपा सरकार कर रही अनदेखी: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि देश की आधी आबादी को उचित स्थान और सम्मान देने की जरूरत है, लेकिन भाजपा सरकार लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने महिलाओं को हमेशा मान सम्मान और समानता का अधिकार देकर संगठन और सरकार में बराबरी का दर्जा दिया है।

यादव प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में यादव के अलावा दिल्ली महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह, दिल्ली कांग्रेस सह प्रभारी अ भा क कमेटी के सचिव दानिश अबरार, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस महासचिव शिल्पी, दिल्ली महिला कांग्रेस प्रभारी सुनीता सहरावत, लीगल सेल चेयरमैन आरफा खान, सिंथिया कुमार, ज्योत्सना सहित सभी महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष और कार्यकारिणी की पदाधिकारी मौजूद थीं। इस मौके पर यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक समानता और निर्णय लेने की शक्ति देकर उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने काम कांग्रेस ने ही किया। यादव ने कहा कि महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सभी जिलों में महिलाओं के मुद्दों को उठाकर मजबूती से काम कर रही हैं। यह महिला कांग्रेस की मजबूती को दर्शाता है कि 14 जिलों में 200 ब्लॉक अध्यक्ष बन चुकी है और 36 प्रदेश की कार्यकारी सदस्य है।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए नबीन के नाम का नामांकन पत्र कराया जमा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में जा कर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए नितिन नबीन के नाम की प्रस्तावना का नामांकन पत्र जमा कराया। नामांकन भरने के बाद प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ हम सभी ने बिहार से आने वाले पार्टी के ओजस्वी युवा नेता नितिन नबीन जो वर्तमान में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष है उनका नामांकन अध्यक्ष पद के लिए भरा है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के साथ पार्टी चुनाव जीत कर एवं जन सेवा के नये कीर्तिमान स्थापित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा एवं रेखा गुप्ता के साथ नामांकन जमा करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत एवं बाँसुरी स्वराज, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन, विजय गोयल, सतीश उपाध्याय एवं आदेश गुप्ता, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह एवं उपमहापौर जयभगवान यादव शामिल थे।

## एलजी कप 2026 यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रतिष्ठित बहु-विषयक खेल टूर्नामेंट एलजी कप 2026 संपन्न हुआ। अभी तक इस प्रतियोगिता आयोजन में फुटबॉल, तीरंदाजी और शूटिंग आदि शामिल थे। टूर्नामेंट में दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों ने तीन खेलों में हिस्सा लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने डीडीए की अत्याधुनिक खेल सुविधाओं में प्रतिस्पर्धा की। वहीं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक नए कैफे का उद्घाटन भी किया गया, जिससे पूर्वी दिल्ली के सदस्यों और निवासियों के लिए मनोरंजन और कई सुविधाओं में वृद्धि हुई। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार समारोह में उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने टूर्नामेंट के विजेताओं को पदक प्रदान किए। जबकि इस अवसर पर भारत सरकार के सड़क परिवहन और कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, डीडीए के उपाध्यक्ष एन. सरवन कुमार और डीडीए के कई वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे। एलजी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए खुद भी तीरंदाजी में हाथ आजमाए। डीडीए का कहना है कि एलजी सक्सेना के दिशा निर्देश पर प्राधिकरण लगातार दिल्ली का विकास कर रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष, फुटबॉल के लिए एलजी कप 12 से 16 जनवरी 2026 तक डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-17, द्वारका में आयोजित किया गया था।

### एमसीडी ने सीएंडडी कचरे के लिए निर्धारित की विशेष साइट

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर को स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त बनाए रखने के लिए नागरिकों से अपील की है कि वे निर्माण कार्य के बाद बची सामग्री और मलबे को सड़कों, खाली प्लॉटों या नालों में न फेंकें। इसके बजाय, एमसीडी द्वारा चिन्हित 'निर्माण एवं तोड़फोड़ (सीएंडडी) कचरा निपटान स्थलों' पर ही इसे जमा कराएं। एमसीडी प्रशासन का कहना है कि अवैध रूप से फेंका गया निर्माण मलबा न केवल वायु और जल प्रदूषण बढ़ाता है, बल्कि यातायात और जनस्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता है। निर्धारित सीएंडडी साइट्स पर मलबा जमा कराने से उसका वैज्ञानिक और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से निपटान किया जा सकेगा। एमसीडी प्रशासन का कहना है कि नागरिक अपने नजदीकी सीएंडडी कचरा निपटान स्थल की जानकारी एमसीडी की आधिकारिक वेबसाइट **https://mcdonline.nic.in/cnd/index.html** पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। एमसीडी प्रशासन ने सभी भवन मालिकों, ठेकेदारों और बिल्डरों से नियमों का पालन करने और स्वच्छ दिल्ली अभियान में सहयोग करने की अपील की है। निगम का संदेश साफ है कि सही निपटान, स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर भविष्य।

## आतिशी ने कानून व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने के लिए मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने दिल्लीमें लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की है। इस मामले में उन्होंने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और व्यक्तिगत रूप से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि पिछले कुछ समय, विशेषकर हालिया महीनों में दिल्ली में घटित गंभीर आपराधिक घटनाओं ने आम नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और व्यापारियों के मन में भय और असुरक्षा पैदा कर दिया है।

आतिशी ने अपने पत्र में कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आवास के नजदीक ही बीसी ब्लॉक (शालिमार बाग) में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एवं आम आदमी पार्टी की कार्यकर्ता रचना यादव की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह एक स्पष्ट टारगेट किलिंग का मामला था, क्योंकि रचना यादव अपने पति की हत्या की चश्मदीद गवाह थीं और उनकी गवाही 7 फरवरी 2026 को न्यायालय में होनी थी। यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था की विफलता है, बल्कि गवाहों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। आतिशी ने केंद्रीय गृह मंत्री को लिखे पत्र में पुलिस विभाग की गिरती साख का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 में एक अत्यंत चिंताजनक घटना सामने आई, जिसमें दिल्ली पुलिस के एक सिपाही ने एक महिला के कान से कुंडल खींचकर भागने की कोशिश की। भीड़ द्वारा पकड़े जाने के बाद उसे पुलिस के हवाले किया गया।

जानकारी मांगने पर निगम प्रशासन साध लेता है चुप्पी

# दिल्ली नगर निगम के एलईडी पैनल सालभर से बदहाल नीतियां बताने के लिए लगाए गए थे डिजिटल बोर्ड

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जोनों में लगाए गए एलईडी पैनल सालभर से निगम प्रशासन की लापरवाही की मार झेल रहे हैं और संचालित नहीं ाने से बदहाली के कगार पर हैं।

निगम की नीतियों, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और जनहित से जुड़े संदेश प्रसारित करने के लिए लगाए गए ये डिजिटल पैनल बीते लगभग एक साल से बदहाल हालत में पड़े हैं। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय परिसर में कई स्थानों पर स्क्रीन पैनल पर डॉट डॉट ही चलते नजर आते हैं तो वहीं, जोनों के उपायुक्त कार्यालय परिसर में महीनों से एक भी संदेश दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं, बता दें कि शुरूआती दिनों में इन एलईडी पैनलों पर समय-समय पर जागरूकता अभियान के संदेश चलते थें लेकिन पिछले करीब एक साल अब बंद हैं।

### सरकारी धन की बर्बादी को उजागर करती है हालत

पैनलों की खराब हालत न केवल सरकारी धन की बर्बादी को उजागर करती है, बल्कि निगम की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करती है।

वहीं, बता दें कि सबसे गंभीर बात यह है कि जब इस विषय में दिल्ली नगर निगम प्रशासन से जानकारी मांगी जाती है कि पैनल कब ठीक होंगे, इनके रखरखाव पर कितना खर्च हुआ और जिम्मेदार अधिकारी कौन हैं तो निगम प्रशासन चुप्पी साध लेता है। न तो कोई स्पष्ट जवाब दिया जाता है और न ही सुधार की कोई समय-सीमा बताई जाती है।

### 'जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो'

लोगों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इन एलईडी पैनलों की बदहाली कहीं न कहीं जवाबदेही के अभाव और निगरानी तंत्र की कमजोरी को उजागर करती है। अब जरूरत है कि दिल्ली नगर निगम केवल कागजी दावों से बाहर निकलकर इन पैनलों को जल्द दुरुस्त कराए, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करे और वास्तव में जनहित में जागरूकता अभियान चलाए ताकि जागरूकता सिर्फ नारे तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर भी दिखाई दे। लोगों का कहना है कि जब जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए साधन ही निष्क्रिय पड़े हों, तो फिर सरकार और निगम की नीतियां आम लोगों तक कैसे पहुंचेंगी?

## जम्मू-कश्मीर के 170 युवाओं ने दिल्ली विधानसभा का किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामूला, बडगाम, श्रीनगर एवं पुलवामा जिलों से आए 170 युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा का भ्रमण किया। इस बात की जानकारी विधानसभा सचिवालय ने दी है।यह भ्रमण कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की मेरा युवा भारत पहल का हिस्सा है तथा गृह मंत्रालय के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया कि विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा भारत की पहली पूर्णतः सौर ऊर्जा से संचालित विधान सभा बन चुकी है। इसके साथ ही, सदन की कार्यवाही राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) से एकीकृत पूर्णतः डिजिटल प्रणाली के माध्यम से संचालित की जा रही है। युवाओं को यह भी बताया गया कि अध्यक्ष की परिकल्पना दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय महत्व के एक सांस्कृतिक एवं विरासत स्थल के रूप में विकसित करने की है।

## फरीदाबाद नगर निगम की हंगामेदार रही बैठक, निगम सदन की बैठक में 101 मुद्दों पर चर्चा

# डिप्टी मेयर के चुनाव व फाइनेंस कमेटी के गठन की मांग को लेकर पार्षदों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद सदन की आज आयोजित हुई बैठक हंगामेदार रही। बैठक में पार्षदों ने 10 महीने बाद तक भी सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, फाईनेंस कमेटी के चेयरमैन व सदस्य को लेकर भाजपा में सहमति नहीं बन पाई है। जिसको लेकर पार्षदों ने बैठक में जमकर हंगामा किया। जिस बीच कुछ पार्षदों मेयर को इस मुद्दे पर घेरे रखा।

बैठक में पार्षदों द्वारा फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन व मेंबर और सीनियर डिप्टी मेयर एवं डिप्टी मेयर के चुनाव की मांग रखी गई है। पार्षदों ने कहा कि चुनाव के बाद ही बैठक का आयोजन किया जाना चाहिए। जबकि कुछ पार्षदों ने मेयर प्रवीण बत्रा का समर्थन करते हुए पहले मदो पर चर्चा करने को कहा। उनका कहना था कि इस मामले को बैठक से अलग रखा जाए। वहीं सदन की बैठक से मीडिया को भी बाहर कर दिया गया।

***पार्षदों ने 10 महीने बाद तक भी सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, फाईनेंस कमेटी के चेयरमैन व सदस्य को लेकर भाजपा में सहमति नहीं बन पाई है। जिसको लेकर पार्षदों ने बैठक में जमकर हंगामा किया। जिस बीच कुछ पार्षदों मेयर को इस मुद्दे पर घेरे रखा।***



बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण बत्रा ने की। बैठक में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी शामिल किया गया। बैठक में निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडग़टा, पदेन सदस्य एवं विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया सहित सभी 46 वार्ड पार्षद, तीनों मनोनीत पार्षद पहुंचे।

बैठक के एजेंडे में शहर के सभी 46 वार्डों से जुड़े 101 मद शामिल किए गए। इनमें सडक़, चौक और पार्कों के नाम बदलने, लाइब्रेरी निर्माण, आरएमसी सडक़, स्ट्रीट लाइट, कचरा निपटारे और पेयजल से संबंधित कार्य शामिल हैं। इसके अलावा अवैध कब्जे हटाने, सीवर समस्या, स्ट्रीट डॉग और आवारा पशुओं, श्मशान घाट निर्माण, डिस्पेंसरी और सरकारी स्कूलों के निर्माण, ट्यूबवेल, प्रॉपर्टी आईडी और सफाई व्यवस्था से जुड़े मुद्दे भी एजेंडे में शामिल किए गए। एजेंडा तैयार करने से पहले अधिकारियों ने क्षेत्रवार पार्षदों से सुझाव लिए थे और उसी के आधार पर यह एजेंडा तैयार किया गया। बैठक में नगर निगम की ओर से भी कुछ प्रस्ताव शामिल किए गए। जिसको सदन में पार्षदों के समक्ष रखा गया। जिसमें सोतई गांव में 12 एकड़ भूमि पर ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण बनाने का प्रस्ताव शामिल है।

## खबर संक्षेप

### डिलीवरी बॉय पर चढ़ाई स्कोर्पियो, गंभीर

**गुरुग्राम।** सेक्टर-93 पुलिस चौकी क्षेत्र में काले रंग की एक स्कॉर्पियो में सवार युवक द्वारा फूड डिलीवरी का काम करने वाले युवक को कुचलने का मामला सामने आया है।



डिलीवरी बॉय सेक्टर-93 स्थित हयातपुर इलाके में सड़क किनारे खड़े थे। घटना में टिंकू पंवार नाम का एक डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया।

### एक सप्ताह में 14 मामलों में 39 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 10 जनवरी से 16 जनवरी के बीच कार्रवाही करते हुए एक सप्ताह में 39 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 19,92,597 रुपए बरामद किए हैं।



### तेज रफ्तार टैंकर ने अधेड़ को कुचला, मौत

**फरीदाबाद।** संजय कॉलोनी में संडे मार्केट के पास ड्यूटी से वापस लौट रहे अधेड़ को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टैंकर चालक भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी । मौके पर मौजूद लोगों ने मार्केट को लेकर अपना विरोध जताया।



### अवैध हथियार रखने वाले 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टे बरामद किए हैं।1 8 जनवरी को क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने रूप किशोर उर्फ भोला चौधरी को देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है, वहीं क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 ने इलियास को देशी कट्टा सहित दशहरा ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया है।



### स्कूटी व बाइक को आग लगाने वाले 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** स्कूटी व मोटर साईकिल को आग लगाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। दरअसल सनोज निवासी आदर्श कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस थाना एसजीएम नगर में शिकायत दी कि दिनांक 16 जनवरी को उसके पड़ोसी मनीष व उसके अन्य साथियों ने मिलकर उसकी स्कूटी व बाइक को आग लगा दी तथा उसकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए।



## नोएडा हादसे पर सीएम योगी सख्त

# तीन सदस्यीय एसआईटी गठित, 5 दिन में पेश करेगी रिपोर्ट, नोएडा अथॉरिटी के सीईओ हटाए

नोएडा के सेक्टर 150 में हुए दर्दनाक हादसे ने सिस्टम की लापरवाही को बेनकाब कर दिया है। 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के बाद सीएम योगी ने सख्त रुख अपनाया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौतमबुद्ध नगर।

दिल्ली से सटे नोएडा के सेक्टर 150 में हुए दर्दनाक हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है। सीएम के निर्देश पर इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। यह एसआईटी पांच दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी। इसके साथ ही नोएडा अथॉरिटी के सीईओ एम लोकेश को हटा दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, मंडलायुक्त मेरठ की अगुवाई में गठित एसआईटी में एडीजी जोन मेरठ और पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर को शामिल किया गया है। ये टीम हादसे के कारणों, जिम्मेदार अधिकारियों और सुरक्षा इंतज़ामों में हुई चूक की गहन जांच करेगी। इससे पहले नोएडा ट्रैफिक सेल के जूनियर इंजीनियर नवीन कुमार को तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकाल दिया गया है।

**टीम हादसे के कारणों, जिम्मेदार अधिकारियों और सुरक्षा इंतज़ामों में हुई चूक की गहन जांच करेगी**

**जूनियर इंजीनियर नवीन कुमार को तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकाल दिया है**



### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में युवराज की जान कार्डियक अरेस्ट के चलते गई

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि युवराज की जान कार्डियक अरेस्ट के चलते गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात की है जब नोएडा में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। जिस बेसमेंट में युवराज की कार गिर गई थी, वहां पानी भरा हुआ था और वह पानी बर्फ की तरह ठंडा बताया जा रहा है। हादसे के बाद वह काफी देर तक ठंडे पानी में भीगा रहा। वह लगभग दो घंटे तक पानी के बीच फंसी अपनी कार पर खड़ा रहकर मदद का इंतजार करता रहा।

**ट्रैफिक मैनेजमेंट से जुड़े अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी**

इसके अलावा सेक्टर 150 और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक मैनेजमेंट से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोएडा अथॉरिटी ने बताया कि डेवलपर लोटस के अलॉटमेंट और कंस्ट्रक्शन गतिविधियों को लेकर संबंधित विभागों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही साइट पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करने को कहा गया है। दरअसल नोएडा में 27 वर्षीय इंजीनियर युवराज मेहता की दर्दनाक मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद कई अहम तथ्य उजागर हुए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, युवराज की मौत दम घुटने से हुई है। इसके साथ ही रिपोर्ट में हार्ट फेलियर/कार्डियक अरेस्ट को भी मौत का कारण बताया गया है।

## पुलिस ने अधिकारिक बयान नहीं दिए

# स्पा सेंटर मैनेजर ने दोस्त के साथ मिलकर युवती से किया गैंग रेप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-40 थाना एरिया में स्पा सेंटर मैनेजर द्वारा दोस्त के साथ मिलकर एक युवती से गैंग रेप करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले हुडा सिटी सेंटर के पास राह चलते उसकी जोयदेव रॉय नाम के युवक से बातचीत हुई थी। वह मूल रूप से कोलकत्ता का रहने वाला है और सेक्टर-45 में एक स्पा सेंटर में मैनेजर है। शुरुआत में दोस्ती हुई, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। दोनों के बीच मोबाइल पर लंबी बातचीत होती थी। कई बार जोयदेव ने शारीरिक संबंध बनाने का प्रस्ताव रखा, लेकिन पीड़िता ने मना कर दिया और कहा कि पहले शादी करेंगे। गत 13 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे जोयदेव ने फोन कर कहा कि वे साथ में कुछ खाएंगे और बात करेंगे। वह बाइक पर उसे लेने आ गया।

### नशीली दवा पिलाकर दिया वारदात को अंजाम

वह पीड़िता को सेक्टर-39 झाड़सा से अपनी बाइक पर सेक्टर-45 स्थित अपने स्पा सेंटर में ले गया। वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर पीड़ित युवती को पिला दी। नशे के प्रभाव से पीड़िता का सिर घूमने लगा और वह विरोध नहीं कर पाई। जोयदेव ने जबरदस्ती उसके कपड़े उतारे और उसके साथ रेप किया। उसने दूसरे कमरे में सो रहे अपने एक दोस्त को भी बुलाया और उसने भी रेप किया।

### आरोपियों ने धमकी दी वीडियो बना ली है

सुबह जब पीड़िता की आंख खुली, तो दोनों आरोपियों ने धमकी दी कि उसकी वीडियो बना ली है। अगर उसने पुलिस में रिपोर्ट की या किसी को बताया, तो वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता ने कहा- दोनों युवक मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। पीड़िता की शिकायत पर केस रजिस्टर्ड किया गया है। वहीं सेक्टर-40 थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस चौकी सेक्टर-46 टीम की कार्रवाई

# पेट्रोल पंप पर सेल्समेन के साथ मारपीट करने के मामले में 3 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस चौकी सेक्टर-46 की टीम ने पेट्रोल पंप पर सेल्समेन के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राहुल निवासी फिरोजपुर झिरका ने पुलिस चौकी सेक्टर-46 में शिकायत दी कि दिनांक 11 जनवरी 2026 को रात करीब 11.30 बजे दो युवक स्कूटी पर पेट्रोल पंप पर आए और पैट्रोल भरवाने के बाद पैसे मांगने पर उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। कुछ देर बाद वे दोनों युवक अपने एक अन्य साथी के साथ डंडे लेकर दोबारा पेट्रोल पंप पर आए और शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की। जिस शिकायत पर थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर-46 की टीम ने आरोपी नितिन निवासी लहडोला, फरीदाबादए सौरभ नढ्ढा निवासी सहारणी, सिरसा हाल निवासी सेक्टर-70 फरीदाबाद तथा सौरभ हुड्डा निवासी डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नितिन पहले अपने साथी के साथ पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने आया था, जहां सेल्समेन के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी।



## चोरी की गाड़ी व 2795 किलोग्राम कॉपर वायर बरामद

# कंपनी की गाड़ी व कॉपर वायर चोरी करने वाले एक आरोपी काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने कंपनी की गाड़ी व कॉपर वायर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई गाड़ी तथा 2795 किलोग्राम कॉपर वायर बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना खेड़ीपुल में राधेश्याम निवासी भारत कॉलोनी फरीदाबाद ने शिकायत दी कि उसकी पैराडाइज वायर लिमिटेड नामक कम्पनी खेड़ीपुल क्षेत्र में स्थित है, जहां कॉपर वायर का कार्य होता है। 12 जनवरी 2026 को कम्पनी से जुड़ी एक गाड़ी में 2795 किलोग्राम कॉपर वायर लोड कर साहुपुरा भेजा गया था, लेकिन गाड़ी निर्धारित समय पर बताए गए पते पर नहीं पहुंची। इस दौरान ड्राइवर का मोबाइल फोन भी बंद आने लगा। शिकायत के आधार पर थाना खेड़ीपुल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# हरियाणा जागरूक व जीवंत समाज हांक कर नहीं चलाया जा सकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा फरीदाबाद के पृथला विधानसभा में सोमवार को दूसरे दिन भी उत्साह और जनसमर्थन के साथ आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में नागरिकों ने मालाओं और आत्मीय स्वागत के साथ सद्भाव यात्रा को समर्थन व आशीर्वाद प्रदान किया।

यात्रा 107वें दिन भी पूरे जोश और जनसहभागिता के साथ जारी रही। यह यात्रा लगातार दूसरे दिन लोगों के बीच सकारात्मक संवाद और सामाजिक एकता का संदेश लेकर आगे बढ़ी। जनसभा को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि कुछ लोग पुराने, असफल तरीकों पर ही पार्टी को चलाना चाहते हैं तो उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। कहा कि हरियाणा जागरूक और जीवंत समाज का प्रदेश है, यहां लोगों को हांककर नहीं चलाया जा सकता।


## आईएसएफ लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : खसरा नं. 10/2 समालका, नई दिल्ली, गुड़गांव रोड, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, भारत-110037
CIN NO : L74899DL1988PLC076648, Email id: info@isflimited.in, Website: www.isflimited.in

31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तृतीय तिमाही और 9 माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख)

| विवरण | समाप्त तिमाही (समीक्षाकृत) 31.12.2025 | समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) 31.03.2025 | समाप्त तिमाही (समीक्षाकृत) 31.12.2024 |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 40.06 | 178.83 | 42.13 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ | 9.38 | -0.65 | -24.05 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद) | 9.38 | -0.65 | -24.05 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) | 95000000 | 95000000 | 95000000 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष (31.03.2025) की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | | 392.07 | |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | 0.0099 | -0.0007 | -0.0253 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | 0.0099 | -0.0007 | -0.0253 |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.isflimited.in) पर उपलब्ध है।

कृते आईएसएफ लिमिटेड
हस्ता/-
अंजलि राज
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एम. नं. ए77251

स्थान : नोएडा
दिनांक : 19.01.2026



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में हरनोल खेड़ी लखा सिंह रोड से अकबरपुर (आईडी 639) कि.मी. 0.00 से 0.20 तक मौजूदा रोड की शिफ्टिंग। | 15.01.2026 22.01.2026 | 8.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला अस्पताल चरखी दादरी में विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 16.01.2026 22.01.2026 | 25.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में रानियां में ग्रामीण न्यायालय में स्तनपान करवाने वाली माताओं के लिए नर्सिंग रूम (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 16.01.2026 26.01.2026 | 4.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | जिला परिषद पानीपत | गांव सींख ब्लॉक इसराना में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 17.01.2026 23.01.2026 | 336.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7027133058 XENZILAPARISHADPANIPAT@GMAI |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | गांव भागवी में 3 अदद सेल्फ-प्राइमिंग इलैक्ट्रिक ड्राइवन एंड सक्शन हॉरिजंटल सेंट्रीफ्यूगल पम्पिंग सैट 150 मिमी × 200 मिमी सहित प्राइम मूवर 40 एचपी, 1440 आरपीएम और 03 अदद डिलीवरी पाइप 8 इंच डाया 20 फीट लम्बा और 3 अदद सक्शन पाइप 6 इंच डाया 20 फीट लम्बा की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रेवाड़ी | राजपुरा खालसा पम्प हाउस पर 1 अदद एमसीसी / एलटी पैनल एवं मोटर्स के साथ-साथ 2 अदद-10 सीएस और 1 अदद 5 सीएस एएफवीटी पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2026 | ईएमडी 4.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01274298963 xenmechrri@gmail. |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बड़ागांव ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में अम्बेडकर भवन में ई.आई. का प्रावधान + 1 कार्य। | 17.01.2026 26.01.2026 | 28.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.ni |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव ब्रास खुर्द में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव सिंघरा में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव गुनियाना में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव गुल्लारपुर में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव बस्ताली ब्लॉक निसिंग में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 16.01.2026 26.01.2026 | 65.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.ni |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव चोर कारसा ब्लॉक असंध, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का विस्तृत आकलन + 4 कार्य। | 17.01.2026 28.01.2026 | 286.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.ni |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | पोली पैल्लेट्स। | 20.01.2026 03.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. जैनेटिक एनालाइजर / ऑटोमेटेड डीएनए सिक्वेंसर की खरीद, 2. मधुबन के लिए ऑटोमेटेड लिक्विड हैंडलिंग सिस्टम की खरीद। | 20.01.2026 18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | हरियाणा रोडवेज के डिपुओं में अगले एक वर्ष के लिए ऑयल, लुब्रिकेंट्स, रेडिएटर कूलेंट्स और ग्रीसेज की खरीद के लिए निविदा सूचना, कुल मूल्य ? 1.80 करोड़ (लगभग)। | 24.01.2026 23.02.2026 | 180 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 13 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | एचएसएससी की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों और दस्तावेजों की संवीक्षा और पीएमटी/पीएसटी के दौरान सम्बन्धित टैंट के प्रावधान के लिए ई-निविदा के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 16.01.2026 30.01.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9814301658 hsscresultpublication@gmail.co |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/260/42191/I/88/7 दि. 19.01.26

खबर संक्षेप

### बेचते थे बच्चों के अंग कराते थे देह व्यापार

**रांची।** जगन्नाथपुर इलाके से दो जनवरी को अगवा अंश-अंशिका की रामगढ़ से बरामदगी के बाद



रांची पुलिस ने बच्चों को अगवा करने वाले एक बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश किया। पुलिस जांच में पता चला कि पश्चिम बंगाल के पुरुलिया का सूरज रवानी चोरी हुए बच्चों का बड़ा खरीदार है। वह गुलगुलिया गिरोह से बच्चों को खरीदता है व भीख मंगवाता है। वह बच्चों के अंगों का सौदा भी करता है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को जमानत मंजूर

**देवरिया।** धोखाधड़ी मामले में यूपी की देवरिया जेल में बंद पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को



जिला जज की अदालत से राहत मिली। अदालत ने उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली है। अदालत ने जहां उनकी जमानत याचिका को मंजूर कर उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ कर दिया है, वहीं उनकी पत्नी नूतन ठाकुर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

### एंटी करप्शन ने दरोगा को घूस लेते रंगे हाथ दबोचा

**बाराबंकी।** मारपीट के एक मामले में आरोपियों के नाम न बढ़ाने के एवज में बदोसराय थाने के दरोगा



सुरेश कुमार यादव और अभियोजन कार्यालय में आउटसोर्सिंग पर तैनात कर्मचारी अशफाक को एंटी करप्शन टीम ने 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कार्रवाई के बाद सफदरगंज थाने ले जाया गया।

# दूसरी बार अयोध्या आ सकते हैं राहुल गांधी, संत समाज में मचा घमासान

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अयोध्या स्थित राम मंदिर जाने की संभावित खबर ने सियासी और धार्मिक हलकों में हलचल मचा दी है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयान के बाद संत समाज की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अयोध्या स्थित राम मंदिर जाने की संभावित खबर सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों से लेकर संत समाज तक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। राहुल गांधी के राम मंदिर आगमन की अटकलों ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है, जिसमें साधु संतों के बयान और प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं।

**राम मंदिर दर्शन या सियासी रणनीति बंटी राय**



### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का बड़ा बयान

राहुल गांधी के राम मंदिर आने की खबर के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हिंदू नहीं हैं और उन्हें राम मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए। शंकराचार्य के इस बयान के बाद अयोध्या में धार्मिक और राजनीतिक माहौल और ज्यादा गरमा गया है।

### साधु संतों ने किया समर्थन

अयोध्या के कई साधु संतों ने शंकराचार्य के बयान का समर्थन किया है। संतों का कहना है कि राहुल गांधी शुद्ध रूप से हिंदू नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पहले प्रभु राम को काल्पनिक बताते थे और अब राजनीतिक स्वार्थ के चलते राम मंदिर आना चाहते हैं. संत समाज ने इसे केवल दिखावा करार दिया है।

### राहुल गांधी की मंशा पर उठे सवाल

साधु संतों का कहना है कि राहुल गांधी का अयोध्या आगमन पूरी तरह से राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है। उनका कहना है कि राहुल गांधी जब राम मंदिर आएंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को भी देखेंगे। संत समाज का आरोप है कि यह दौरा श्रद्धा से ज्यादा राजनीति से जुड़ा हुआ है।

### जगतगुरु परमहंस आचार्य का बयान

जगतगुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि राहुल गांधी भले ही राम मंदिर दर्शन के लिए आएं, लेकिन उनकी मानसिकता सनातन विरोधी रही है।

समृद्धि यात्राः सीतामढ़ी को मिली विकास की बड़ी सौगात

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 41 योजनाओं का किया शिलान्यास और 26 का उद्घाटन

समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी में 346 करोड़ की 41 योजनाओं का शिलान्यास और 208.12 करोड़ की 26 योजनाओं का उद्घाटन किया। बेलसंड में पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ जनसंवाद भी किया

एजेंसी ▶▶ सीतामढ़ी

समृद्धि यात्रा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सीतामढ़ी जिले को विकास की कई बड़ी सौगातें दीं। बेलसंड प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 346 करोड़ रुपए की लागत से 41 योजनाओं का शिलान्यास तथा 208.12 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हो चुकी 26 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिले में चल रही विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, निरीक्षण और जनसंवाद भी किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

- 346 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

**खास बातें**

- नीतीश कुमार ने विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की
- आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया



### हेलीकॉप्टर से बेलसंड पहुंचे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पटना से हेलीकॉप्टर द्वारा बेलसंड पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले बेलसंड–मीनापुर पथ के चंदौली घाट पर 7089.38 लाख रुपए की लागत से बने उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ का उद्घाटन किया।

### तटबंध निरीक्षण और विद्यालय में नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन

इसके बाद मुख्यमंत्री ने बागमती तटबंध का निरीक्षण किया। उन्होंने चंदौली स्थित हितनारायण उच्च विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पर्यावरण आधारित नक्षत्र वाटिका व आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

### लाभुकों से संवाद कर जमीनी हकीकत को समझा

इसी विद्यालय परिसर से मुख्यमंत्री ने जिले की विभिन्न योजनाओं का समेकित रूप से शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लाभुकों से संवाद कर जमीनी हकीकत को समझा। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल, भवन निर्माण और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया।

### ऑनलाइन शिक्षा पहल की सराहना

समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी में संचालित बोधायन ऑनलाइन लाइव क्लासेस का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी रिची पांडेय की पहल पर शुरू की गई इस योजना के तहत प्रतिभावान शिक्षक माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन लाइव पढ़ाई करा रहे हैं।

बिहार में भीषण टक्कर, धू-धूकर जलीं गाड़ियां

# ट्रक ड्राइवर समेत तीन लोग जिंदा जल गए, खलासी घायल

एजेंसी ▶▶ किशनगंज

दबिहार के किशनगंज में दो ट्रक ड्राइवर समेत तीन लोग जिंदा जलकर दर्दनाक मौत के शिकार बने। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। केबिन में स्टेयरिंग पर बैठे ड्राइवर बाहर निकल नहीं पाए और देखते देखते मौत के मुंह में समा गए। एक ट्रक का खलासी भी जलकर मर गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाकर उनका शव बाहर निकाला। घटना में खलासी घायल हो गए।

सोमवार को किशनगंज के सुखानी थाना क्षेत्र के एनएच 327 ई पर गंभीरगढ़ के पास दुर्घटना हुई। घटना स्थल पर पहुंचे एसडीपीओ-2 मंगलेश कुमार ने दोनों चालक और एक अन्य के आग से जलकर मरने की पुष्टि की है।



### बगहा से चावल लोड करके ट्रक आ रहा था

बगहा से चावल लोड करके ट्रक आ रहा था। खलासी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि उनके साथ उनके ड्राइवर धर्मेंद्र सिंह (45) बाबू टोला बेतिया बगहा से चावल लोड कर आसाम पहुंचाने जा रहे थे। गंभीरगढ़ चौक के समीप एन एच 327 ई पर सिलीगुड़ी की ओर से आ रही एक डंफर अनियंत्रित होकर उनके ट्रक से टकरा गई।

### शाहिद निकलकर भागने में कामयाब रहा

आग इतनी भयावह हो गई कि उसमें से निकल पाना चालक के लिए मुश्किल हो गया और ट्रक चालकों की जलने से मौत हो गई। शाहिद निकलकर भागने में कामयाब रहा। वह काफी जख्मी है। घटना की सूचना मिलते ही सुखानी थाना अध्यक्ष मन्नू कुमारी, पौआखाली थाना अध्यक्ष अंकित सिंह ठाकुरगंज थाना अध्यक्ष मकसूद अहमद अशरफी, एसडीपीओ मंगलेश कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पौआखाली, सुखानी और ठाकुरगंज से आए अग्निशमन टीम ने काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाया जा सका। इस दौरान काफी देर तक आवागमन ठप रहा।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के...

प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने भी पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा अनुशासन और समर्पण से भरे कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा साबित होंगे। बड़ौली ने कहा कि भाजपा में बड़े पद और बड़ी ज़िम्मेदारियां किसी परिवार से नहीं, बल्कि परिश्रम, समर्पण, जनसेवा और देशसेवा के आधार पर तय होती हैं।

### पीठासीन अधिकारी का ...

के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुभकामना संदेश पढ़ा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में आगामी दो दिन पूर्ण सत्रों में विधायी प्रक्रियाओं में तकनीक का उपयोग, विधायकों का क्षमता-निर्माण तथा जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। अपने उद्बोधन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पीठासीन अधिकारी चाहे जिस भी राजनीतिक दल से आते हो, उनका आचरण दलगत राजनीति से हटकर पूर्णतः न्यायपूर्ण एवं निष्पक्ष होना चाहिए तथा न्यायपूर्ण व निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायिका के माध्यम से जनता की आकांक्षाएं और आवाज़ शासन तक पहुँचती है, तथा उनका समाधान होता है। ऐसे में राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही का घटता समय सभी के लिए चिंताजनक है। बिरला ने राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही के लिए निश्चित एवं पर्याप्त समय सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि सदन जितना अधिक चलेगा, उतनी ही अधिक सार्थक, गंभीर और परिणामोन्मुख चर्चा संभव होगी। बिरला ने कहा कि आधुनिक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के युग में जनप्रतिनिधियों के प्रत्येक आचरण पर जनता की दृष्टि रहती है, इसलिए संसदीय शिष्टाचार और अनुशासन का पालन और भी अधिक आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक के युग में जब चारों तरफ़ से सूचना का प्रवाह होता है, तब सदन की प्रामाणिकता बनाए रखना, हम सभी की महती ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन जैसे मंच लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच सहयोग को बढ़ाते हैं, आपसी समन्वय को मजबूत करते हैं और शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाते हैं। इन सम्मेलनों से देशभर में नीतियों और कल्याणकारी उपायों में सामंजस्य स्थापित करने में भी सहायता मिलती है। बिरला ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि सदन में सभी सदस्यों, विशेषकर नए और युवा सदस्यों को पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि विधानमंडल जनता की समस्याओं को उठाने का सबसे प्रभावी मंच बना रहे।

### शिवराज ने वीबी-जी ...

समन्वित प्रयासों को बढ़ावा देती है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम पर विपक्ष की आलोचना का जवाब देते हुए कांग्रेस नेताओं पर गलत सूचना फैलाने और कानून को लेकर अनावश्यक भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि यह सत्य नहीं है। कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खर्गे के बयानों और ऑनलाइन पोस्ट का हवाला देते हुए चौहान ने पूछा कि गलत सूचना फैलाने के लिए एआई-जनरेटेड तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं। क्या लोकतंत्र में यह जायज है? आप एआई-जनरेटेड तस्वीरें क्यों पोस्ट कर रहे हैं? क्या आपको जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है? उन्होंने विपक्ष से आगे कहा, मैं एक बार फिर आग्रह करता हूं कि वे झूठ का यह अड्डा बंद कर दें। चौहान ने कहा कि अगर हमारे मजदूर भाई-बहन और किसान मिलकर काम करते हैं, तो इसमें क्या गलत है? मैं राहुल गांधी और खरगे से एक बार फिर आग्रह करना चाहता हूं कि इस तरह का झूठ आपको शोभा नहीं देता। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वे झूठ का अड्डा और तथ्यों का गलत प्रस्तुतीकरण बंद करें। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी बचाओ एमएनआरईजीए अभियान का जिक्र करते हुए कहा, यह गांधी जी का सत्य नहीं है; यह सत्य का मजाक है। मैंने आंदोलनों और अभियानों के बारे में सुना है, लेकिन 'संग्राम', यह किस तरह की शब्दावली है? चौहान ने इस बात पर भी जोर दिया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाएं, दिव्यांगजन और गरीब सरकार की रोजगार प्रतिबद्धता के केंद्र में हैं। ग्रामीण संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने कहा कि भारत के 85 प्रतिशत से अधिक किसान लघु एवं सीमांत किसान हैं जिन्हें बुवाई और कटाई के मौसम में अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून ग्राम पंचायतों को स्थानीय जरूरतों के आधार पर निर्णय लेने का अधिकार देता है, जिससे पारदर्शिता और विकेंद्रीकृत योजना सुनिश्चित होती है।

### एनएसए अजीत डोभाल ...

सरमा, मध्य प्रदेश के डॉ. मोहन यादव, तेलंगाना के ए. रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन बैठक में भाग लेंगे। प्रोमेनाड पर इंग्लिश चर्च इस बार आधिकारिक तौर पर अमेरिकी आयोजनों का केंद्र बना है। अमेरिका अपनी स्थापना की 250वीं वर्षगांठ फ्रीडम थीम के तहत मनाने की तैयारी में है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष जैसे विषयों पर कार्यक्रम होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति की मौजूदगी को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। यूक्रेन अपने पवेलियन के जरिए रूस के युद्ध की जमीनी हकीकतों से वैश्विक प्रतिनिधियों को अवगत करा रहा है। डब्ल्यूईएफ बार-बार स्पष्ट करता है कि इनमें से कई पवेलियन औपचारिक रूप से फोरम का हिस्सा नहीं हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 की शुरुआत से पहले स्विट्जरलैंड का दावोस शहर पूरी तरह उच्च-सुरक्षा मोड में नजर आने लगा है। आधिकारिक उद्घाटन से पहले ही ट्रेन से आने वाले मेहमानों का स्वागत स्विस आर्मी की फ्लाइट-डिफेंस तोपें कर रही हैं, जो सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजामों का संकेत है।

### वैश्विक सप्लाई चेन ...

आधारित है। डावोस मंच पर भारतीय युवाओं की मौजूदगीः यहां भारत से आए दो युवा भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। ये युवा भारत की जमीनी चुनौतियों से जुड़े समाधान दुनिया के सामने रख रहे हैं एक नागरिक समस्याओं के समाधान में जनता और प्रशासन के सहयोग की बात कर रहा है, तो दूसरा ब्लू-कॉलर सेक्टर के लिए आसान बाजार पहुंच पर काम कर रहा है। इनमें से एक हैं 22 वर्षीय ईशान प्रताप सिंह, जो एक सिविक एंटरप्रेन्योर हैं और कोऑपरेशन17 नामक वैश्विक सोशल स्टार्टअप के संस्थापक और चेयरमैन हैं। ईशान वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के ग्लोबल शेपर हैं और उन्हें दुनिया भर से चुने गए 40 युवा नेताओं में शामिल किया गया है, जो डब्ल्यूईएफ डावोस 2026 की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेंगे। इस मंच पर वे भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। असम की दृष्टि मेधी क्विकघी की सह-संस्थापक हैं, जो भारत में ब्लू-कॉलर सेक्टर के लिए आसान बाजार पहुंच का निर्माण कर रही है और उनका ध्यान उन्हें कौशल प्रदान करने, प्रशिक्षित करने और सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

**संवाद और एक-दूसरे को सुनना समाधान की कुंजी :** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के संस्थापक और पूर्व चेयरमैन क्लाउस श्वाब ने दावोस में होने वाली 56वीं वार्षिक बैठक से पहले समाज की बुनियादी नींव कमजोर पड़ने को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक संकटों के बीच दुनिया में सच और भरोसे की कमी है, जिसके बिना सामूहिक समाधान संभव नहीं है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा संदेश में श्वाब ने कहा कि सच के बिना साझा वास्तविकता खत्म हो जाती है और भरोसे के बिना मिलकर कार्रवाई की क्षमता कमजोर पड़ जाती है। उन्होंने संवाद और एक-दूसरे को सुनने को समाधान की कुंजी बताया।

तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट ने 2002 में अवैध घोषित किया था

# बहराइच में मेडिकल कॉलेज परिसर में अवैध रूप से निर्मित 10 मजारें ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ बहराइच

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में बनी 10 अवैध मजारों को सोमवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने बताया कि महाविद्यालय परिसर के भीतर दो मजारों की आड़ में अवैध रूप से अतिक्रमण कर अन्य 10 मजारों समेत 12 मजारें बनाकर बड़े भूखण्ड पर अवैध कब्जा कर लिया था। इनमें से 10 मजारों को तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट ने 2002 में अवैध घोषित किया था। इस आदेश के खिलाफ पक्षकारों ने जिलाधिकारी के यहां याचिका योजित की, जो वर्ष 2004 में जिलाधिकारी ने खारिज कर दी। पक्षकारों ने पुनः मंडलायुक्त के यहां वाद दायर किया, किन्तु 15 वर्ष बाद 2009 में वहां से भी कोई राहत नहीं मिली और मंडलायुक्त ने तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट के आदेश को यथावत रखा।



### 17 जनवरी तक हटाने का नोटिस था

इस पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने 10 जनवरी को संबंधित पक्ष को अवैध मजारों को 17 जनवरी तक हटाने का नोटिस दिया था। निर्धारित समयावधि तक मजारें न हटाए जाने पर जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस बल की मौजूदगी में 10 मजारों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि दो मजारें ही वक्फ में वैध रूप से दर्ज हैं। शेष मजारें अवैध रूप से बनाई गई थी। जिसे ध्वस्त कर दिया गया।

### वर्ष 2023 में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण

इसी बीच वर्ष 2023 में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण होने के बाद ये मजारें परिसर के भीतर आ गई। पक्षकारों ने पहले अतिक्रमण को स्वयं हटाने की बात कही थी। लेकिन समयावधि समाप्त होने के बाद भी कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

परिवार के रिश्ते खराब करने का हवाला

# अखिलेश के छोटे भाई प्रतीक देंगे अपर्णा यादव को तलाक, कहा- स्वार्थी महिला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सपा मुखिया अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव ने अपनी पत्नी एवं भाजपा नेत्री अपर्णा यादव से तलाक लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके यह बात सार्वजनिक की। हालांकि अपर्णा के भाई का कहना है कि अकाउंट हैक किया गया है। इसकी शिकायत की जा रही है।

प्रतीक के नाम वाले इंस्टाग्राम अकाउंट से की गई पोस्ट पर लिखा गया कि मैं अपर्णा को जल्द से जल्द तलाक देने जा रहा हूं। उन्होंने मेरे परिवार के रिश्ते खराब कर दिए। बस मशहूर और असरदार बनना चाहती हैं।



### हैकर ने यह पोस्ट की है

वहीं अपर्णा यादव के भाई अमन बिष्ट ने कहा कि प्रतीक यादव का सोशल मीडिया एकाउंट हैक हो गया है। हैकर ने यह पोस्ट की है। इसकी शिकायत की जा रही है। अपर्णा वर्तमान में यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। तलाक की बात सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### 2011 में हुई थी शादी

उल्लेखनीय है कि अपर्णा यादव और प्रतीक की शादी वर्ष 2011 में हुई थी। इससे पहले वह दोनों आठ साल तक दोस्त रहे। यह बात अपर्णा ने एक इंटरव्यू में कही थी। 2011 में हुई ये शादी चर्चित शादियों में से एक थी। अपर्णा-प्रतीक की इस शादी में अनिल अंबानी, अमिताभ बच्चन सरीखे सेलिब्रेटीज शामिल हुए थे।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम | आयु (31.12.2025 तक) अधिकतम |
|---|---|---|---|
| उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 40 | 50 |
| उप उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 36 | 44 |
| सहायक उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 32 | 40 |
| वरिष्ठ विशेष कार्यकारी (यूआई और यूएक्स) | 3 | 28 | 37 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम | आयु (31.12.2025 तक) अधिकतम |
|---|---|---|---|---|
| उप प्रबंधक (यूआई और यूएक्स) | एमएमजीएस-II | 6 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→"Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 16.01.2026 से 05.02.2026 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 16.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

हरिभूमि
# सहेली



**विशेष: गणतंत्र दिवस**
**वसंत पंचमी, बालिका दिवस**

भारतीय स्त्रियां गणतांत्रिक व्यवस्था के प्रति पूरी आस्था रखती हैं, वे इसे व्यापक संदर्भों में देखती हैं। उनके लिए गणतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, परिवार-समाज की एक ऐसी संरचना है, जो आपस में सबको जोड़ती है। स्त्रियों का मानना है, घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जो जीवन मूल्य सहेजता है। आज की स्त्रियों का यह भी मानना है कि घर-परिवार का लोकतंत्र मजबूत है तो देश का गणतंत्र भी हमेशा मजबूत रहेगा।

## नए युग में स्त्री के लिए गणतंत्र के मायने

आवरण कथा



**कल्पना मनोरमा, साहित्यकार**

कभी-कभी बदलाव शोर मचाकर नहीं, दबे पांव भी आते हैं और भीतर ही भीतर विचलित कर देते हैं। ऐसे बदलाव धीरे से आकर हमारे भीतर बैठ जाते हैं, हमें पता तब चलता है, जब हम स्वयं को पहले जैसा नहीं पाते। इस तकनीकी युग के आगमन के साथ स्त्री की सजगता और स्वतंत्रता के दायरे में एक मौन के साथ गहरा बदलाव घटित हुआ है। यह बदलाव केवल सुविधा का नहीं, बल्कि मां के अनुभव और उसकी नैतिक समझ को चुनौती देने वाला है, मानो समय के प्रवाह में अचानक आईने रख दिए गए हों, जिनमें स्त्री को स्वयं को नए सिरे से देखने की चुनौती आ खड़ी हुई हो। खासतौर पर वे स्त्रियां, जिनके बच्चे बढ़ रहे हैं, पढ़ रहे हैं। जिन्हें बच्चों के अनुभव, अनुभूति, अभिव्यक्ति को तराशना है, उनके लिए यह तकनीकी दौर का संविधान, पहेली जैसा है।

**बदलते समय का चक्र:** सत्तर के दशक की मां के हाथ में छड़ी होती थी। वह छड़ी क्रूरता का प्रतीक नहीं, बल्कि वह स्पष्टता का संकेत थी। उसमें सीमा थी, अनुशासन था, और एक ऐसी नैतिक रेखा थी, जिसे लांघने से पहले बच्चा ठिठकता था, सोचता था, डरता था। फिर भी उस दौर की मां को उसकी संतान डर से नहीं, प्रेम, भरोसे और एक सहज स्नेह के साथ देखती थी। समय बदला। मां ने भी समय के साथ स्वयं को बदला। मांओं की दुनिया में घर के अलावा विद्यालय, ऑफिस, हवाई अड्डे, बस अड्डे आदि जुड़ने लगे तो उनके हाथ में छड़ी की जगह उपहार आ गए, संवाद, सुविधा, समझाइश, सहमति। यह परिवर्तन किसी हार का नहीं, संवेदनशीलता के विस्तार की यात्रा के रूप में देखा गया। लेकिन समय यहीं नहीं रुका। यह ऐसा समय है, जो न छड़ी से अनुशासित होता दिख रहा है और न ही उपहारों से साधा जा सकता है। यह न स्नेह से पिघलता है, न डांट से रुकता है। यहां स्कूल का होमवर्क हो या बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जटिल डेटा, सब कुछ क्षण भर में सुलझ जाता है। स्त्री यह सब देख रही है।





**जटिलताओं का अंबार:** मां की भूमिकाएं बदल रही हैं। आज की स्त्री के पास जटिलताओं का अंबार है। उसे अपने भीतर ठहरकर सोचना होगा कि यदि सब कुछ इतना तात्कालिक, असुविधा रहित होता चला गया, तो अनुभव कहां जाएगा? संघर्ष कहां टिकेगा? चिंतन की वह धीमी आग कहां सुलगेगी, जो मनुष्य को मनुष्य बनाने में मदद करती है। ऐसी विधि जो मनुष्य को केवल सक्षम नहीं, संवेदनशील भी बनाती है। भय यह नहीं है कि एक दिन मशीन मनुष्य बन जाएगी। भय यह है कि मनुष्य अपने सोचने, ठहरने और गलती करने के अधिकार से वंचित हो जाएगा, और तब यह दुनिया कैसी होगी, इसकी कल्पना ही सिहरन पैदा करती है, क्योंकि जिस गति से मनुष्य दौड़ रहा है, वह मानव तो रहने वाला है नहीं। यहीं से स्त्री का गणतंत्र जन्म लेता है। किसी उद्घोष से नहीं, बल्कि इस गहरी चिंता से कि मनुष्य कैसे बचा रहे?

**स्त्री के लिए संविधान शब्दों से नहीं व्यवहार से लिखा जाता है:** अंतिम निर्णय किसी बाहरी व्यवस्था से नहीं, मनुष्य के भीतर रचे गए विवेक से जन्म लेता है। स्त्री इस विवेक को जानती है, इसलिए उस पर भरोसा करती है। उसके घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जहां संवेदना कोई सजावटी मूल्य नहीं, बल्कि जीवन की अमूल्य शर्त है। वहां दक्षता उपयोगी हो सकती है, पर निर्णायक नहीं, उपलब्धि दिख सकती है, पर मनुष्यता से बड़ी नहीं होती। आज की स्त्री दोहरे मोर्चों पर डटी है। वह ऐसा घर बनाना चाहती है, जहां गणतंत्र किसी एक दिन का उत्सव नहीं, रोज का अभ्यास बने। छोटे-छोटे निर्णयों में, सुने गए प्रश्नों में, रोके गए मुद्दों में और उस सावधानी में, जिससे मनुष्य को परिणामों में नहीं बदला।

**आज की सबसे बड़ी चुनौती:** स्त्री जानती है कि प्रतीक जरूरी हैं, पर संरचना सजगता से बनती है। आज की स्त्री अनुभव से सीख चुकी है कि यदि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित है, तो वह अपने घर को प्रयोगशाला नहीं बनने देगी। वह नहीं चाहेगी कि बच्चे आंकड़ों में ढलें और संबंध माप-तौल में सिमट जाएं। आज की स्त्री की समझ सीधी भी है और गहरी भी। अगर नहीं है तो वह अपनी समझ गहरी करती है, क्योंकि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित रहा, तो देश के गणतंत्र को बचाने के लिए बाहर किसी संघर्ष की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मानवता का गणतंत्र न भय पर टिका है, न किसी प्रलोभन पर, बल्कि उस स्वतंत्र सोच और सजग उपस्थिति पर टिका है, जो समय की आंखों में आंखें डालकर प्रश्न कर सके। क्योंकि जीवन भूलों में रहकर ही अपने लिए बेहतर चुनना सीखता है, और यही प्रक्रिया मनुष्य को मनुष्य बनाए रखती है। पर जिस गति से मशीन, मानवीय समय को स्थिर करती हुई मानकीकृत शक्ति को भस्मासुर की तरह बढ़ा रही है, वहां सबसे बड़ी चुनौती यही है कि मनुष्य अपनी अनुभूति, धीमी गति और चूक की संभावना को बचाए रखे। ऐसे समय में स्त्री को किसी एक पक्ष में नहीं, बल्कि संतुलन साधने के उपाय खोजने होंगे, ताकि तकनीकी साधन बनी रहे, निर्णायक न बने, और जीवन अपनी स्वाभाविक लय में बहता रहे। यही उसका गणतंत्र है, अघोषित, पर हर दिन जिया जाने वाला, निरंतर।

### स्त्री के लिए चेतना की एक संरचना है गणतंत्र

**आज की** जागरूक स्त्री के लिए गणतंत्र केवल कोई राजनीतिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि चेतना की एक संरचना है। एक ऐसा आंतरिक संविधान, जो शोर में नहीं, आत्मसंवाद में रचा जाता है। यह वह गणतंत्र है, जहां सुविधा से पहले विवेक की बात की जाती है। गति से पहले ठहराव आता है और उत्तर से पहले प्रश्न पूछे जाते हैं। क्योंकि प्रश्न पूछना ही मनुष्य की अंतिम आजादी है। स्त्री जानती है कि तकनीक को न तो पूरी तरह नकारा जा सकता है, न आंख मूंदकर अपनाया जा सकता है। इसलिए वह गणतंत्र की गरिमा संसद के शोर में नहीं, अपने घर की चुप्पी में बचाने का संकल्प लेती है। घर जहां वह हर दिन, अनजाने ही, अपना संविधान लिखती है। इस संविधान में सबसे पहले अनुभव का अधिकार सुरक्षित होता है। हर समस्या का त्वरित समाधान नहीं दिया जाता। बच्चे को सोचने दिया जाता है, उलझने दिया जाता है, गिरने और उठने का अवसर दिया जाता है, क्योंकि जीवन उत्तरों से नहीं, प्रक्रिया और प्रतिक्रिया से बड़ा होता है। यहां प्रश्न पूछना अपराध नहीं होता। यहां असहमति अवज्ञा नहीं कहलाती। मशीन से उत्तर लेने से पहले मनुष्य से संवाद किया जाता है। शब्दों के बीच की खामोशी को भी सुना जाता है, समझा जाता है। यहां तकनीक साधन होती है, निर्णायक नहीं। चैटजीपीटी सहायक है, जीवनचर्या का विकल्प नहीं।

## नेतृत्वशील बनकर मजबूत करें देश का गणतंत्र

अगर आपके भीतर नेतृत्व के गुण हैं तो आप सशक्त होकर देश के गणतंत्र को भी मजबूत करने में अपना योगदान दे सकती हैं। नेतृत्वशील कैसे बनें, जानिए-

भूमिका

**नलिन खोईवाल**



आप किसी भी क्षेत्र में हों, आपके भीतर नेतृत्व क्षमता यानी लीडरशिप की क्वालिटी है तो आप न सिर्फ तरक्की पाएंगी, सशक्तिकरण की राह पर भी आएंगी। इस तरह महिलाएं सशक्त बनकर, अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वाह करके देश के विकास में अपना योगदान देकर, देश का गणतंत्र मजबूत कर सकती हैं। आप भी नेतृत्वशील बनिए। इसके लिए आपके भीतर कुछ खूबियों का होना जरूरी है, ये कौन-सी हैं, जानिए-

**त्वरित निर्णय लेने की क्षमता:** अच्छा नेतृत्व वही कर सकता है, जो अच्छा प्रबंधक हो। अच्छा प्रबंधक बनने के लिए त्वरित निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही कोई बात सही है या नहीं, योजना उचित है या नहीं, निर्णय न्यायसंगत है या नहीं, इसके लिए स्वविवेक से निर्णय लेने की भी क्षमता होना बहुत जरूरी है।

**दृढ़ इच्छाशक्ति और सेवाभावी:** कुशल नेतृत्व वही कर सकता है, जिसके भीतर दृढ़ इच्छाशक्ति और पक्का इरादा हो। आप जो भी निर्णय लें दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ लें। साथ ही आपका व्यक्तित्व सेवाभावी और दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने वाला भी होना चाहिए।



**चेहरा हो मुस्कान भरा:** एक हंसता-मुस्कराता चेहरा, सौ मर्ज की दवा है। एक मधुर मुस्कान भारी से भारी थकान को चुटकी में दूर कर देती है। सफल प्रबंधन के लिए जरूरी है कि आप स्वभाव से हंसमुख भी हों।

**ईमानदार, सामर्थ्यवान और बुद्धिमान बनें:** आप जिस भी संस्थान में काम कर रही हों, वहां पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें। काम कितना ही बड़ा और जटिल क्यों न हो, आपके भीतर उसे पूरे आत्मविश्वास के साथ करने की सामर्थ्य होनी चाहिए।

**सोच हो सकारात्मक:** आप जहां भी अपनी सेवाएं दें, नकारात्मक विचारों को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ अपनी सेवाएं दें। जैसी दृष्टि होगी, वैसी ही सृष्टि होगी। कर्म में विश्वास करें और औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**समय प्रबंधन हो कुशल:** नेतृत्व में कुशल महिलाएं हमेशा समय का उचित प्रबंधन करके चलती हैं, क्योंकि कम समय में बहुत सारे काम करने होते हैं। समय के साथ चलें और समय की कीमत को पहचान कर आगे बढ़ें। सफलता के लिए जरूरी है कि कार्य की प्राथमिकता तय कर कार्यों का निष्पादन करें।

**बनें परिवर्तनशील और बढ़ावा दें नवचारिता को:** परिवर्तन संसार का नियम है, परिस्थितियों के अनुसार प्रतिष्ठान की कार्यशैली में बदलाव करती रहें। नए-नए प्रयोग कर नवचारिता को बढ़ावा दें। इससे संस्थान में स्वस्थ वातावरण बनेगा, सबकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।

**हो समर्पण और टीम भावना:** आप काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और जरूरत पड़ने पर त्याग करने के लिए तत्पर रहें। सभी को साथ लेकर चलें, टीम भावना का विकास करें, क्योंकि संगठन में ही शक्ति है।

**व्यक्तित्व हो सरल-सादगीपूर्ण:** आपका व्यक्तित्व ऐसा सरल और सादगीपूर्ण होना चाहिए कि दूसरों पर एक अच्छा प्रभाव छोड़े और आप लोगों के लिए एक मिसाल बनें। दिखावे की जिंदगी न जिएं। सादा जीवन-उच्च विचार को महत्व दें।

**व्यवहार हो मृदु:** एक टीम लीडर के रूप में आपका प्रयास यही हो कि कार्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण रहे, इससे लोग अनावश्यक तनाव से बचे रहेंगे। आप भी निश्चिंत होकर अपने कार्य का निर्वहन अच्छे से कर पाएंगी।

यहां बताई गई इन बातों को ध्यान में रखेंगी तो सफलताएं आपकी कदम चूमेंगी। देश के विकास में आपकी अहम भूमिका होगी।

वसंत ऋतु में निहित भावबोध को समझें तो यह हमारे भीतर की एक अनुभूति भी है, जीवन जीने की एक कला है। आज की स्त्रियां इस जीवन कला को पूरे मन से अपना रही हैं, अपने संग अपनों के जीवन को वासंती रंगों से संवार रही हैं।

## वसंत को जीवनपर्यंत जीती हैं स्त्रियां

जीवनशैली

**सरस्वती रमेश**



वसंत ऋतु परिवर्तन, सृजन, ज्ञान और नवजीवन का द्योतक है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी, शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश लेकर आता है। एक तरह से यह प्रकृति की ऊष्मा को जीवन में उतारने का संदेश लेकर भी आता है। इस संदेश को अपनाने में महिलाएं सबसे आगे होती हैं। वसंत और महिलाओं की प्रकृति का यह साम्य आजीवन बना रहता है।

**घर में बिखेरती हैं वसंत की सुगंध:** एक स्त्री के जीवन का वसंत ठीक वैसा ही होता है, जैसा प्रकृति के बाहरी स्वरूप में दिखाई पड़ता है। जिस तरह प्रकृति अपने भीतर के साज, कोमलता, रंग, गंध और जीवन को वसंत के माध्यम से अभिव्यक्त करती है, ठीक वैसे ही एक स्त्री प्रकृति के इन विशेषणों को अपने जीवन और आचरण में धारण कर अपने घर-परिवार में बारहों महीने वसंत होने का अहसास भरती है। कोयल के कूकने में, आम्र मंजरियों की सुगंध में, सरसों के पीले फूलों को देखने में जो आनंद की अनुभूति होती है, कुछ-कुछ वैसी ही अनुभूति एक स्त्री सुबह-सुबह चाय की प्याली में भर कर घर भर में बिखेर देती है। उसके पकाने-खिलाने, सजाने-संवारने, पालने-पोसने से जुड़ी हर क्रिया में वसंत का ही राग और रंग निहित होता है। परिवार के हर सदस्य की जरूरत का ख्याल रखकर उनके जीवन में खुशी और संतुष्टि के फूल घर की स्त्री ही खिलाती है। स्त्री के परिश्रम और समर्पण से ही उसके घर के कोने-कोने में वसंत हर समय मुस्कुराता है।



**अपनों के जीवन में घोलती हैं रंग:** स्त्रियों के जीवन का वसंत कोमल या संकुचित नहीं जीवंत, कर्मठ और विस्तृत होता है। आज की स्त्री अपने जीवन में वसंत लाने के साथ ही अपने पूरे परिवार के सपनों में रंग भी भरती है। वसंत का अर्थ भी यही है। हर ओर फूल, हर ओर हरियाली, हर ओर खुशहाली। उसका मानना है कि जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य अपने जीवन में संतुष्टि, कामयाबी, प्रेम, अपनत्व और प्रसन्नता का वसंत नहीं महसूस करेगा, तब तक उसके जीवन में आया वसंत एकाकी और उल्लासहीन रहेगा। उसमें उल्लास तभी शामिल होगा, जब उसके अपनों के मन के तार भी एक साथ झंकृत हों। इसीलिए आज की स्त्रियों ने घर-परिवार और बाहरी संसार के बीच कुछ इस तरह संतुलन बनाना सीख लिया है कि हर ओर वसंत मुस्कुरा उठे।

**पराए को बना लेती हैं अपना:** स्त्री के जीवन में वसंत जीवन भर उसके संग-संग सहचर बना रहता है। बचपन के दिनों में बाबुल के आंगन में उनकी चहचहाहट, किशोरवय की उनकी खिलखिलाहट वसंत के फूलों की तरह घर-आंगन में झरती रहती है। बेटियों के लिए उनके मां-बाप का दुलार-प्यार उनके जीवन के वसंत का सबसे मोहक पक्ष होता है। बहू के रूप में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी और देवर को सम्मान और स्नेह के सुगंध से अपना बना लेती हैं। पत्नी के रूप में अपने पति के जीवन का तो वसंत ही बन जाती हैं। ऐसी खिलती और महमहाती हैं कि पराया घर, पराए लोग कब अपने बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता।

**लुटाती हैं वसंत की ऊष्मा:** स्त्रियां घर-परिवार में मनाए जाने वाले पर्व-त्योहारों में नए रंग भर देती हैं। रिश्तों में मायूसी की सारी बर्फ, ठिठुरन, ठहराव की शीत पर वसंत की ऊष्मा छिड़कते हुए हर ओर अपनेपन और प्यार के फूल खिलाती हैं, जीना सिखाती हैं।

## स्किन को यंग बनाएगा केले का छिलका

स्किन केयर



**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

हम अकसर केला खाने के बाद उसका छिलका डस्टबिन में फेंक देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि केले का छिलका आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा सकता है? केले का छिलका एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन बी-6, विटामिन-सी, पोटेशियम और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो कि आपकी त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। विटामिन त्वचा को पोषण देते हैं और चमक बढ़ाते हैं। पोटेशियम त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है जबकि एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को धूप और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।

**फेस मास्क:** यह फेस मास्क बनाने के लिए केले के छिलके को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इन्हें मिक्सी में पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें। इस पेस्ट में आधा चम्मच चावल का आटा और आधा चम्मच चीनी मिलाएं। इन तीन चीजों को अच्छी तरह मिक्स करें। इस तरह आपका नेचुरल फेस मास्क तैयार हो जाएगा। इस फेस मास्क को अप्लाई करने से पहले अपने चेहरे को साफ पानी से जरूर धो लें ताकि त्वचा पर जमी मैल और गंदगी हट जाए अन्यथा इसके पॉजिटिव रिजल्ट नहीं आएंगे। इसके बाद इस फेस मास्क को त्वचा पर समान रूप से लगाएं और प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। जब मास्क सूख जाए तो ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इस मास्क को रोजाना एक बार लगाने से आपकी त्वचा मुलायम, साफ और चमकदार बनेगी। आप चाहें तो यह पेस्ट ज्यादा मात्रा में बनाकर एयर टाइट कंटेनर में भी रख सकती हैं और जरूरत के अनुसार इसका उपयोग कर सकती हैं।



**फाइन लाइंस के लिए:** अगर आपके चेहरे पर समय से पहले फाइन लाइंस आनी शुरू हो गई है या दाग-धब्बों से परेशान हैं। तो भी केले का छिलका मददगार हो सकता है। इसके लिए पके हुए केले का छिलका लेकर अंदर वाले हिस्से से चेहरे पर धीरे-धीरे मसाज करें। खासकर दाग-धब्बों या पिंपल्स वाली जगह पर। इसके बाद आधे घंटे तक छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**रिंकल्सफ्री स्किन के लिए:** केले के छिलके के अंदर वाले हिस्से को चेहरे पर कुछ मिनट के लिए रगड़ें, फिर गुलाब जल लगाएं। इसके बाद 25 मिनट के बाद चेहरा धो लें। बेहतर परिणामों के लिए इसका नियमित इस्तेमाल करें।

**स्किन टोनिंग के लिए:** केले के छिलके को मैश करके इसमें दही मिलाकर स्मूद पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के बाद आधे घंटे के लिए छोड़ दें फिर ताजे ठंडे पानी से धो डालें। इसके नियमित उपयोग से कील-मुंहासों को चेक करने में भी मदद मिलेगी।

**डार्क सर्कल के लिए:** आंखों के नीचे के काले घेरे दूर करने में भी केले का छिलका असरदार साबित होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले केले के अंदर का सारा रेशा निकालना होगा। इसमें एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर आंखों के आस-पास 15-20 मिनट लगाएं और बाद में ताजे पानी से धो डालें। इसके रोजाना उपयोग से आंखों के नीचे की रंगत में असर दिखाई देगा।

इस बार वसंत ऋतु में सरस्वती पूजन का पर्व और राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) का संयोग, अपने में कई संदेश लेकर आया है। संदेश यह कि हमारे प्रोत्साहन से बेटियां अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकती हैं।

## हमारी बेटियां बनें विवेकशील-सशक्त

नई सोच


**चैतन्या**

वसंत, नव सृजन और उल्लास की रुत है। यह मौसम हर ओर खिले रंग-बिरंगे फूलों और भंवरों की गुंजन के बीच नई ऊर्जा संग जीवन से जुड़ जाने का उल्लास साथ लाता है। मां शारदा की उपासना का उत्सव, वसंत पंचमी भी सर्दी के कुहासे से निकलकर प्रकृति की रौनक से मिलने का पर्व है। ज्ञान, संगीत और कला की देवी वीणावादिनी के अर्चन का पर्व मन से रचनात्मक और जीवन को उल्लासित दृष्टि से देखने वाली बेटियों के लिए भी बहुत अहम होता है। हमारे परिवारों में समय के साथ आए बदलावों ने इस पर्व को और सार्थक बना दिया है। बेटियों की शिक्षा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के प्रति बदली सोच वसंत पंचमी के उत्सव से जुड़े सुंदर-स्नेह भरे रंगों से मिलवाती है। जिसमें देवी की आराधना के साथ ही बेटी की अनुभूतियों को समझने का भाव भी जुड़ गया है।



**लाडलियों के ज्ञान का मान:** बेटियां हमेशा से ही घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। उनकी खिलखिलाहट के बिना हर उत्सव अधूरा लगता है। बेटियों की खुशी और उल्लास अपनों के जीवन में वासंती रंग भर देते हैं। नृत्य-संगीत जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में बेटियों की खूब रुचि रहती है। एक समय था, जब उनके अस्तित्व को घर के बाहर की दुनिया से जोड़कर नहीं देखा जाता था। कलात्मक क्षेत्रों में उनके रुझान को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन अब बेटियां अपनी कला, बुद्धि और विवेक से हर ओर छाई हुई हैं। परिवार से लेकर समाज और देश के आंगन तक, बेटियों की मौजूदगी दिखती है। उनकी भागीदारी ही नहीं ज्ञान का भी मान होने लगा है। लाडलियों की रचनात्मकता पर अब उनके अपने गर्व करते हैं। ऐसे में ज्ञान, कला और संगीत की देवी के पूजन का पर्व और प्रासंगिक लगता है। वैसे भी वसंत पंचमी का त्योहार पौराणिक और धार्मिक महत्व का ही नहीं सृजनात्मक कार्यों की नई शुरुआत के लिए भी बहुत खास होता है। इस दिन बेटियां भी माता सरस्वती से अपनी प्रतिभा निखारने का आशीर्वाद मांगती हैं।

**सशक्त बनाता स्नेह:** हमारे घरों में अब बेटियों को देश की शिक्षित-सजग नागरिक बनाने वाला स्नेही भाव साफ दिखता है। यह बदलाव हर बालिका को सही मायने में सशक्त बनाने वाला है। कहते हैं कि अज्ञान का अंधकार दूर होने से ही जिंदगी में सुनहरा सवेरा होता है। मां सरस्वती की उपासना का यह पर्व भी मन को चेतनामयी बनाने का ही तो उत्सव है। देखने में आ रहा है कि अब बिटिया के जज्बाती भावों को नहीं, जागरूक सोच को भी जरूरी माना जाने लगा है। अपनी लाडलियों को प्रभावी व्यक्तित्व की धनी बनाने पर जोर दिया जाता है। जिसके चलते ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माता शारदा की उपासना की रीत वाले हमारे परिवेश में बेटियां भी अपनी बुद्धि और समझ के बल पर नित नए आसमान छू रही हैं। हर दिन अपनी जिजीविषा और प्रतिबद्धता के बल पर कुछ कर गुजरने के उदाहरण सामने आते रहते हैं।



**भविष्य की बुनियाद:** असल में वसंत की दस्तक को सार्थक विचारों का आगमन भी माना जाता है। बेटियों के प्रति बर्ताव में आया अर्थपूर्ण बदलाव, परिवार ही नहीं, पूरे समाज के भविष्य की बुनियाद बनाने की भी शुरुआत है। घर-परिवार में लाडलियों के प्रति लगाव का भाव उनके स्वतंत्र अस्तित्व और आकांक्षाओं की स्वीकार्यता के सुखद पहलू लिए है।

मध्य प्रदेश में अनुपूरक बजट के लिए विभागों से फाइनेंस के मांगे प्रस्ताव

# नए वाहन, फर्नीचर खरीदी के प्रस्ताव नहीं दे सकेंगे विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्त विभाग के सभी विभागों से तीसरे अनुपूरक बजट के लिए आईएफएमआईएस के जरिए ऑनलाइन प्रस्ताव मांगे हैं। वाहन खरीदी, फर्नीचर, कार्यालय उपकरण के खरीदी के प्रस्ताव नहीं भेज सकेंगे।

■ बीसीओ के जरिए प्रस्ताव के साथ भेजना होगा

ऐसे नवीन मद के प्रस्ताव भी वित्त विभाग नहीं लेगा, जिनमें राज्य के वित्तीय संसाधनों से अतिरिक्त मांग की जा रही है। वित्त विभाग ने सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिव को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि तृतीय अनुपूरक बजट के प्रस्ताव प्रशासकीय विभाग के समक्ष अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही ई ऑफिस के माध्यम से ऑनलाइन वित्त विभाग को 23 जनवरी तक जानकारी देनी होगी। केवल ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे। अनूपूरक अनुमान से संबंधित जानकारी विभाग के सभी बीसीओ के जरिए प्रस्ताव के साथ भेजना होगा।

**अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी**

**प्रदेश के वित्त विभाग को 23 जनवरी तक जानकारी देनी होगी**


फाइल फोटो।

जिन मदों के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्राप्त होनी है। इसके अलावा राज्य के लोन और अनुदान के बारे में भी जानकारी देनी होगी उसका भी उल्लेख अवशयक रूप से किया जाएगा। यदि कोई व्यय के लिए राशि मांगी जाती है तो उसमें स्वीकृति बजट के बचत से समायोजित होगी। उसके संबंध में अनुदान संख्या साहित पूरा विवरण देना होगा।

**मैराथन बैठक - 31 विभाग के 10 दिन के भीतर प्रस्ताव पर होगी चर्चा**

मध्य प्रदेश में बजट पेश करने के लिए सरकार तैयारी में जुट गई है। 16 फरवरी से मध्य प्रदेश का बजट सत्र शुरू हो जाएगा। इससे पहले बजट संबंधी विषयों पर अधिकारियों की मैराथन बैठक होगी। 19 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक लगातार बैठकों का दौर जारी रहेगा। इसमें 10 दिन के भीतर 31 विभाग के बजट संबंधी विषयों पर अधिकारी चर्चा करेंगे। इसके बाद वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से चर्चा करने के बाद विधानसभा में सरकार बजट पेश करेगी। आगामी बजट सत्र 16 फरवरी से लेकर 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिनों में 12 बैठकें होगी।

### इन प्रस्ताव पर होगी चर्चा

ऐसे प्रस्ताव जो राज्य की आकस्मिता निधि से अग्रिम स्वीकृति वित्त विभाग ने दी हो। भारत सरकार और एजेंसी से वित्तीय सहायता केंद्र से स्वीकृति मदों से विमुक्त नहीं हो सके। अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था प्रशासकीय विभाग की अन्य प्रचलित योजनाओं में उपलब्ध राशि से कटौती कर बचत राशि से नहीं कर पाएंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हुआ नगर-नगर में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन

# सकल हिन्दू समाज के सम्मेलन में सशक्त और संगठित भारत के लिए हुआ आह्वान

*सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को भोपाल महानगर के विभिन्न नगर, खंड एवं बस्तियों में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

इन सम्मेलनों में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। तात्या टोपे जिले की आशीर्वाद बस्ती स्थित बंजारी दशहरा मैदान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति, युवा एवं बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे। सम्मेलन का शुभारंभ हवन एवं भारत माता की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी सौरभ शर्मा ने संघ द्वारा प्रतिपादित पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित हिन्दू समाज ही सशक्त हिन्दुस्तान की नींव है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे समाज को जागृत करने के कार्य में सहभागी बनें और सनातन धर्म के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें।



विराट हिन्दू सम्मेलन दृश्य-1


विराट हिन्दू सम्मेलन दृश्य-2

### संस्कृति का संरक्षण परिवार से ही प्रारंभ

इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडे ने पंच परिवर्तन के अंतर्गत समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों को हिन्दू परिवारों द्वारा आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का संरक्षण परिवार से ही प्रारंभ होता है। वरिष्ठ समाजसेवी आभा पांडे ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर विचार रखे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद आचार्य ने अधर्म से दूर रहकर धर्म की सेवा का संदेश देते हुए समाज को नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में छह वर्षीय बालिका मान्य सिंह द्वारा सुमधुर स्वर में हनुमान चालीसा पाठ ने सभी को भावविभोर कर दिया। सुप्रसिद्ध भजन गायिका शंभवी एवं शेविका ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित

इसी क्रम में माधव नगर के दानिशकुंज तथा मंदाकिनी बस्ती में भी विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ। मुक्तेश्वर धाम हरिद्वार के श्री महामंडलेश्वर अनुपानंदजी महाराज एवं ज्योति वर्मा ने धर्म रक्षा एवं धर्म जागरण पर विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता पंडित दीपक राजोरिया ने संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा का सरल एवं प्रेरक शब्दों में दर्शन कराया। वहीं, जहांगीराबाद के वसुंधरा बस्ती में प्रमुख वक्ता भोपाल विभाग प्रचार प्रमुख विनय यादव ने आह्वान किया कि हम अपनी महान परंपराओं को अपनाते हुए आगे बढ़ें।

### गौतम नगर बस्ती में सामाजिक एकता का दिया संदेश

गौतम नगर बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन के माध्यम से धर्म, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संतोष बाहेती, डॉ. साधना बलवटे, पंडित बलराम पुरोहित एवं विलास बालकृष्ण गोले ने आयोजन की भावना, पंच परिवर्तन, हिंदुत्व, सनातन धर्म तथा संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, सुप्रसिद्ध नाटक लेखिका साधना ने संस्कार एवं संस्कृति पर प्रेरक संदेश दिया। आचार्य गोस्वामी एवं संघ के क्षेत्र गौ संयोजक विलास ने हिंदू संस्कृति एवं समाज की एकता पर प्रकाश डाला।

### गौ एवं ध्वज पूजन का आयोजन

भोजपुर जिले के फंदा खंड के रातीबड़ मंडल में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथियों ने पूर्व गौ पूजन व ध्वज पूजन किया। भागवताचार्य एवं प्रसिद्ध कथावाचक रंगीलाल शर्मा ने समाज से संगठित और सशक्त होने का आह्वान किया। साकेत नगर की एम्स पिपल्या बस्ती में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में सामाजिक एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सुनील नायर ने आरएसएस की समाज में सकारात्मक भूमिका पर प्रेरक संदेश दिया। सीमा सिंह जादौन ने पांच परिवर्तन विषय पर महिलाओं की भूमिका पर संदेश दिया इसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ हुआ भारत माता की आरती की गई।

### श्रीमती भारद्वाज ने दिया पंच परिवर्तन पर उद्‌बोधन


संबोधन देतीं श्रीमती भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंचन की मध्य भारत प्रान्त प्रमुख सीमा भारद्वाज ने अमराई पार्क सूर्यनारायण मंदिर में आयोजित महोत्सव में पंच परिवर्तन पर उद्‌बोधन दिया। श्रीमती भारद्वाज ने पंच परिवर्तन के अंतर्गत समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों को हिन्दू परिवारों द्वारा आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी से ही परिवर्तन संभव है। हर हिन्दू को आज स्वदेशी अपनाने की जरूरत है।

ओबीसी-एससी-एसटी के महासम्मेलन में लगे जय बिरसा, जय ज्योति, जय भीम के नारे


सम्मेलन में जुटी लोगों की भीड़।

## संतोष वर्मा पर कार्रवाई दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग की आवाज दबाने जैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय, आरक्षण और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर रविवार को भेल दशहरा मैदान में ओ बी सी - ए स सी - ए स टी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में महासम्मेलन और प्रदर्शन आयोजित किया गया। महासम्मेलन में जयस, भीम आर्मी, अपाक्स, अजाक्स समेत 21 सामाजिक संगठनों के साथ प्रदेशभर से कर्मचारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

महासम्मेलन का मुख्य मुद्दा आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के समर्थन का रहा। आंदोलनकारियों ने संतोष वर्मा पर की गई कार्रवाई को तुरंत वापस लेने की मांग की। अपाक्स के संरक्षक भुवनेश पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संतोष वर्मा पर कार्रवाई दबाव में और एकतरफा तरीके से की गई है। संतोष वर्मा पर कार्रवाई करना दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग की आवाज दबाने का प्रयास है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है।

### 10 की करो विदाई, 90 प्रतिशत भाई-भाई

जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज के वरिष्ठ आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। यह दोहरी नीति नहीं चलेगी। इसलिए हम कहते हैं कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। लोकश मुजाल्दा ने कहा कि 10 प्रतिशत की करो विदाई 90 प्रतिशत भाई-भाई, संतोष वर्मा को शीघ्र अच्छे विभाग का दायित्व सौंपा जाए और उनके विरुद्ध षडयंत्र करने वाले लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का प्रकरण पंजीबद्व कार्रवाई की जाए।

### संतोष वर्मा पर कार्रवाई को किया जाए शून्य

संयुक्त संघर्ष मोर्चा के मीडिया प्रभारी विजय शंकर श्रवण ने बताया कि मप्र का 88 प्रतिशत समाज जो एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक कहलाता है। उसे अपने अधिकार क्यों प्राप्त नहीं हो रहे हैं। उनके साथ अन्याय अत्याचार उपेक्षा क्यों हो रही है ।

आठ लाख का इनामी डीवीसीएम दिलीप बेड़जा भी शामिल

# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 महिला सहित 6 माओवादी ढेर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना भोपालपटनम और फरसेगढ़ के सीमावर्ती नेशनल पार्क एरिया में हुई मुठभेड़ में चार महिला माओवादियों सहित कुल छह माओवादी कैडर मारे गए। मारे गए माओवादियों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी का इंचार्ज और आठ लाख रुपये का इनामी डीवीसीएम दिलीप बेड़जा भी शामिल है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नेशनल पार्क एरिया कमेटी के डीवीसीएम दिलीप बेड़जा और अन्य सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ कोबरा (202, 206, 210) और सीआरपीएफ 214 की संयुक्त टीम ने 17 जनवरी 2026 को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। अभियान के दौरान 17 जनवरी की सुबह से 18 जनवरी की शाम तक सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग होती रही।

### बड़ी मात्रा में हथियार बरामद

मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च ऑपरेशन में मौके से 6 माओवादियों के शव बरामद किए गए। इनके पास से 2 एक-47, 1 इंसास राइफल, 2 .303 राइफल और 1 कार्बाइन सहित कुल 6 अत्याधुनिक हथियार जब्त किए गए। इसके अलावा, भारी मात्रा में गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री, बीजीएल लॉन्चर, वायरलेस सेट, स्कैनर, नकद राशि, माओवादी साहित्य, वर्दी और अन्य सामग्री भी बरामद की गई। अभियान के दौरान दुर्गम परिस्थितियों में कार्य करते हुए कोबरा 206 के प्रधान आरक्षक नीरज शर्मा भालू के हमले में तथा एसटीएफ के प्रधान आरक्षक कृष्णा नेताम वनभैंसा के हमले में घायल हो गए। दोनों जवानों को सुरक्षित रूप से उपचार हेतु हायर सेंटर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए माओवादियों पर कुल 27 लाख रुपये का इनाम घोषित था।दिलीप बेड़जा के विरुद्ध बीजापुर जिले के विभिन्न थानों में 135 आपराधिक मामले दर्ज थे और वह कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहा था।

## सड़क हादसे में जरहागांव थाना प्रभारी की मौत



**बिलासपुर ।** पुलिस विभाग से एक अत्यंत दुखद हादसा घटित हुआ है। जरहागांव थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा का राजस्थान में एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। इस हृदयविदारक घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। उनके असमय निधन से न केवल पुलिस विभाग बल्कि पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं उनके सहकर्मी और परिचित गहरे सदमे में हैं। इस अपूरणीय क्षति से हर कोई मर्माहत नजर आ रहा है। नंदलाल पैकरा एक ईमानदार, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। वे कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ-साथ आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते और त्वरित समाधान के लिए प्रयासरत रहते थे।

विशेष रूप से गुमशुदा व्यक्तियों जैसे संवेदनशील मामलों में वे स्वयं मौके पर पहुंचकर सक्रिय भूमिका निभाते थे, जिससे जनता के बीच उनकी एक अलग पहचान बनी हुई थी। उनकी कार्यशैली की सभी सराहना करते थे। दिवंगत थाना प्रभारी के निधन पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## मैहर गए परिवार के खाली मकान में लाखों की चोरी

**कोरबा ।** कैलाश नगर एकता चौक निवासी आदित्य विक्रम केशरवानी अपने परिवार के साथ 16 जनवरी की रात मैहर माता के दर्शन के लिए घर में ताला लगाकर निकले थे। परिवार 18 जनवरी की सुबह मैहर से वापस घर लौटे तो घर पहुंचने पर देखा कि मुख्य गेट का ताला बाहर से बंद था।


**यात्रीगण कृपया ध्यान दें!**

**हावड़ा - आनंद विहार (ट.) एवं डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनकी समय–सारणी निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (ट.) - हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13065 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 13066 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:10 | हावड़ा | 10:50 | ---- |
| 00:01 | 00:03 | बैण्डेल जं. | 09:05 | 09:07 |
| 01:04 | 01:06 | बर्द्धमान | 07:53 | 07:55 |
| 01:55 | 01:57 | दुर्गापुर | 06:52 | 06:54 |
| 02:26 | 02:28 | आसनसोल जं. | 06:20 | 06:22 |
| 04:00 | 04:05 | धनबाद जं. | 05:00 | 05:05 |
| 04:30 | 04:32 | एनएससी बोस गोमो | 04:25 | 04:27 |
| 04:55 | 04:57 | पारसनाथ | 04:04 | 04:06 |
| 05:55 | 05:57 | कोडरमा जं. | 03:07 | 03:09 |
| 07:25 | 07:30 | गया जं. | 01:45 | 01:50 |
| 08:12 | 08:14 | अनुग्रह नारायण रोड | 00:24 | 00:26 |
| 08:30 | 08:32 | डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| 08:48 | 08:50 | सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| 09:25 | 09:27 | भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| 10:45 | 10:50 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| 11:50 | 12:00 | वाराणसी जं. | 21:40 | 21:50 |
| 13:06 | 13:08 | जौनपुर सिटी | 19:26 | 19:28 |
| 14:20 | 14:25 | सुलतानपुर जं. | 18:30 | 18:35 |
| 14:54 | 14:56 | निहालगढ़ | 17:43 | 17:45 |
| 16:50 | 17:00 | लखनऊ जं. | 16:05 | 16:15 |
| 19:56 | 19:58 | शाहजहांपुर जं. | 11:48 | 11:50 |
| 20:58 | 21:00 | बरेली जं. | 10:36 | 10:38 |
| 22:38 | 22:48 | मुरादाबाद जं. | 09:05 | 09:10 |
| 23:30 | 23:32 | गजरौला जं. | 07:27 | 07:29 |
| 00:13 | 00:15 | हापुड़ जं. | 06:44 | 06:46 |
| 01:41 | 01:43 | गाजियाबाद जं. | 06:01 | 06:03 |
| 02:50 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 05:15 |

चलने के दिन: **13065 हावड़ा** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 22.01.2026 से एवं **13066 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 24.01.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 15949/15950 डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर - डिब्रुगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15949 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15950 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | डिब्रुगढ़ | 12:40 | ---- |
| 21:35 | 21:37 | मोराणहाट | 11:00 | 11:02 |
| 22:23 | 22:25 | शिमलगुड़ी जं. | 10:10 | 10:12 |
| 23:15 | 23:25 | मरियानी जं. | 08:40 | 08:50 |
| 00:40 | 00:42 | फरकाटिंग जं. | 08:00 | 08:02 |
| 02:35 | 02:40 | डिमापुर | 06:20 | 06:25 |
| 03:13 | 03:15 | दिफू | 05:30 | 05:32 |
| 04:00 | 04:10 | लामडिंग जं. | 04:35 | 04:45 |
| 05:00 | 05:02 | होजाई | 03:25 | 03:27 |
| 05:35 | 05:37 | चापरमुख जं. | 02:45 | 02:47 |
| 06:03 | 06:05 | जागी रोड | 02:13 | 02:15 |
| 07:35 | 07:45 | गुवाहाटी | 01:05 | 01:15 |
| 08:00 | 08:02 | कामाख्या जं. | 00:45 | 00:47 |
| 08:50 | 08:52 | रंगिया जं. | 23:50 | 23:52 |
| 09:08 | 09:10 | नलबाड़ी | 23:20 | 23:22 |
| 09:44 | 09:46 | बरपेटा रोड | 22:45 | 22:47 |
| 10:30 | 10:40 | न्यू बंगाईगाँव | 22:00 | 22:10 |
| 11:20 | 11:22 | कोकराझार | 21:20 | 21:22 |
| 12:25 | 12:27 | न्यू अलीपुरद्वार | 20:03 | 20:05 |
| 12:45 | 12:47 | न्यू कोच बिहार | 19:40 | 19:45 |
| 15:00 | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी | 17:30 | 17:40 |
| 15:52 | 15:54 | अलुआबाड़ी रोड | 16:18 | 16:20 |
| 16:20 | 16:22 | किशनगंज | 15:50 | 15:52 |
| 17:20 | 17:22 | बारसोई जं. | 15:08 | 15:10 |
| 19:20 | 19:30 | कटिहार जं. | 14:15 | 14:25 |
| 20:13 | 20:15 | नवगछिया | 12:00 | 12:02 |
| 21:17 | 21:19 | खगड़िया जं. | 10:23 | 10:25 |
| 21:49 | 21:51 | बेगूसराय | 09:31 | 09:33 |
| 22:25 | 22:35 | बरौनी जं. | 09:05 | 09:15 |
| 00:18 | 00:23 | हाजीपुर | 06:55 | 07:00 |
| 00:31 | 00:33 | सोनपुर | 06:41 | 06:43 |
| 02:40 | 02:50 | छपरा | 05:15 | 05:20 |
| 03:45 | 03:50 | सिवान | 04:05 | 04:10 |
| 04:50 | 04:52 | देवरिया सदर | 02:58 | 03:00 |
| 06:50 | 07:00 | गोरखपुर जं. | 01:50 | 02:00 |
| 07:39 | 07:41 | खलीलाबाद | 00:16 | 00:18 |
| 08:13 | 08:16 | बस्ती | 23:47 | 23:50 |
| 09:00 | 09:02 | मनकापुर | 22:56 | 22:58 |
| 10:05 | 10:10 | अयोध्या धाम जं. | 22:00 | 22:05 |
| 10:30 | 10:40 | अयोध्या छावनी | 21:30 | 21:40 |
| 12:36 | 12:38 | बाराबंकी | 19:12 | 19:14 |
| 13:30 | ---- | गोमतीनगर | ---- | 18:40 |

चलने के दिन: **15949 डिब्रुगढ़** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 30.01.2026 से एवं **15950 गोमती नगर** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.02.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

193/2026 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


रुकने से लेकर भोजन और इलाज फ्री, देखने पहुंचे सीएम डॉ. यादव

# पूर्व मंत्री भार्गव ने सरकारी बंगले को बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निवास पहुंचे। जहां उनके द्वारा संचालित सेवा कार्य और वैदिका फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी ली। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मरीजों का हाल चाल भी जाना। बता दें कि पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने अपने सरकारी बंगले को 'मरीज घर' बना दिया है। जहां उनकी फाउंडेशन दूसरे जिलों से आने वाले मरीज और उनके परिजनों के रुकने की और इलाज की मदद की जाती है। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए एक प्ले गेम एरिया भी बनाया है।


सेवा कार्य की जानकारी लेते सीएम।

### अब तक 30 हजार से मरीजों ने उठाया लाभ

पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव यहां न सिर्फ मरीजों की सेहत का ख्याल रखते हैं, बल्कि स्वाद की चिंता भी करते हैं। यही वजह है कि इलाजरत लोगों और परिजनों को यहां की रसोई में मटर पनीर और मलाई कोफ्ता जैसे स्वादिष्ट व्यंजन मिलते हैं।

## चिंतन

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश : ईसी की विश्वसनीयता ही बढ़ेगी

लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद चुनाव प्रक्रिया पर टिकी होती है। मतदाता सूची इस प्रक्रिया की आत्मा है, क्योंकि यही तय करती है कि कौन नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सामने आई गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हालिया आदेश इसी लोकतांत्रिक मूल भावना की रक्षा की दिशा में एक अहम कदम है। अदालत ने न केवल चुनाव आयोग को पारदर्शिता का पाठ पढ़ाया है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों को भी केंद्र में रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में एसआईआर के दौरान संदिग्ध या गड़बड़ी वाले लगभग 1.25 करोड़ नामों को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न केवल प्रक्रिया को खुला और जवाबदेह बनाता है, बल्कि उन नागरिकों को भी जानकारी देता है, जिनके नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से हटे या संदिग्ध पाए गए। लोकतंत्र में सूचना का अधिकार केवल एक कानूनी अवधारणा नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का आधार है। जब आंकड़े और सूचनाएं सार्वजनिक होंगी, तो आशंकाओं और अफवाहों को स्वतः विराम लग जाएगा। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि लंबे समय से यह आशंका जताई जा रही थी कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक करने का आदेश इस संदेह को दूर करने और प्रक्रिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। अदालत ने साफ कहा कि जांच पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। यह टिप्पणी केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चुनाव आयोग के रवैये पर भी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है। अक्सर देखा गया है कि दस्तावेजों की कमी, तकनीकी त्रुटियों या प्रशासनिक सख्ती के कारण गरीब, प्रवासी मजदूर, बुजुर्ग और युवा मतदाता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सुनिश्चित करता है कि जांच का उद्देश्य सुधार हो, न कि नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करना। फैसले का एक और अहम पहलू यह है कि बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम दोबारा मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया गया है। जिन लोगों के नाम कट गए थे, उनके लिए यह आदेश एक नई उम्मीद लेकर आया है और यह संदेश भी देता है कि कोई भी प्रशासनिक प्रक्रिया नागरिक के मौलिक अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती। दसवीं कक्षा के एडमिट कार्ड को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मान्य दस्तावेज मानने का निर्देश लाखों लोगों को राहत देगा। देश में बड़ी आबादी ऐसी है जिसके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य पारंपरिक पहचान दस्तावेज नहीं हैं, लेकिन शैक्षणिक रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। इस फैसले से खासतौर पर युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ मिलेगा। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आंकड़े सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हों। इससे पहले भी अदालत पारदर्शिता पर जोर देती रही है। बिहार चुनाव के दौरान एसआईआर के बाद मतदाता सूची को सार्वजनिक किया गया था, जिससे न केवल विवाद कम हुए बल्कि जनता का भरोसा भी बढ़ा। वही, अनुभव बंगाल में भी दोहराया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह फैसला चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता लाने और उसकी विश्वसनीयता बढ़ाने वाला है।



आर्थिक चुनौतियां
रोहित माहेश्वरी

# जाली करंसी से अर्थव्यवस्था को चोट

> नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं।

देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है, इसमें से कुछ जाली करंसी विदेशों से आई है तो कुछ भारत में ही तैयार की गई है। अभी तक पांच सौ, हजार और सौ-सौ के नकली नोट ही सिरदर्द बने थे। परंतु अब पचास, बीस और दस रुपये के नकली नोटों का धड़ल्ले से चलन में हैं। छोटे-बड़े नकली नोटों की खपत ग्रामीण बाजारों में आसानी से हो जाती है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीती 18 जनवरी को थाना बिसवां पुलिस ने गुलजारशाह मेले के करीब एक लाख के नकली नोटों के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। बीती 1 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने नकली नोट बनाकर मार्केट में चलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया था। बीती 17 जनवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की पुसद पुलिस ने एक बड़े जाली नोट नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। गत 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश के बांदा में पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा तैयार कर उसे बाजार में खपाने वाले एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बीती 13 जनवरी को गुजरात के सूरत में नकली नोटों के रैकेट को लेकर पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छोटे दुकानदारों को निशाना बनाकर नकली नोट चलाने वाले एक हीरा कारीगर को गिरफ्तार किया है।

बीते साल नवंबर में भोपाल पुलिस ने 21 साल के एक युवक को वीडियो देखकर अपने घर को नकली नोटों की फैक्ट्री बनाने के आरोप में पकड़ा था। आरोपी प्रिंटर, स्पेशल पेपर और प्रेस के अनुभव का इस्तेमाल कर असली जैसे 500-500 रुपये के नोट तैयार करता था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारा देश डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करंसी की मौजूदगी बनी हुई है। देश में नकली नोटों का नेक्सस लगातार फैल रहा है, जो देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। नकली नोटों का यह नेटवर्क सीधे तौर पर भारत के बैंकों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों की शिकायत पर एक केस दर्ज किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। इस मामले में 18 सरकारी और प्राइवेट बैंक शामिल हैं। बैंकों का कहना है कि उनके यहां करीब 11 हजार नकली करंसी नोट जमा किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। यह अपने आप में एक गंभीर और हैरान करने वाली बात है कि देश के बैंकों में इतने नकली नोट कैसे जमा हो पा रहे हैं। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि बीते सालों के दौरान नकली नोट पकड़े जाने के मामलों में तेजी आई है। इससे पता चलता है कि नकली नोटों का चलन तेज हुआ है। पिछले कुछ सालों में नकली नोटों की समस्या ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 500 रुपये के नकली नोटों में वित्त वर्ष 2019 से 2023 के बीच 317 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जहां 2019 में यह संख्या 21,865 मिलियन पीस (एमपीसी) थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 91,110 एमपीसी तक पहुंच गई। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 85,711



एमपीसी पर आ गई। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। वर्ष 2016 में नोटबंदी के फैसले का उद्देश्य नकली नोटों और भ्रष्टाचार को रोकना था। लेकिन मौजूदा आंकड़े इस कदम की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं।

नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। वास्तव में, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नकद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। नोटबंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था कैशलेस सोसायटी की ओर अग्रसर है। डिजिटल ट्रांजेक्शन्स 300 प्रतिशत तक बढ़े हैं। कैशलेस लेन-देन लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ हर लेन-देन से काले धन को हटाते हुए क्लीन इकोनॉमी बनाने में भी मददगार साबित हुआ है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। असल में, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के नौ साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है।

बेशक, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिए जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिए नकली करंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं। नकली नोटों के चलन को रोकने में सबसे बड़ी बाधा जागरूकता का अभाव है। शहरों में तो थोड़ी बहुत जागरूकता दिखती है, पर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के कम पढ़े-लिखे होने का फायदा उठाकर नकली नोटों के सौदागर अपना लक्ष्य आसानी से पूरा कर लेते हैं। जाली नोट के साथ सबसे बड़ी दिक्कत ये होती है कि इसे पहचानना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि जालसाज टेक्नोलॉजी की मदद से हूबहू असली नोटों से मिलते जुलते नकली नोट बना रहे हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि नकली नोटों का बढ़ना न केवल अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि यह आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करता है। नकली नोटों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए तकनीकी सशक्तिकरण, कड़ी निगरानी, और जागरूकता अभियान जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
सोनम लववंशी



# उबलती चाय, जलते हाथ और ठहाके लगाता समाज!

देश ने चाय से आजादी पाई थी, अब चाय से दोस्ती साबित कर रहा है। सोशल मीडिया का ताजा आविष्कार उबलती चाय हाथों पर डालो और बताओ कि यार कितने पक्के हैं। शायद अगला चरण आग में कूदकर रिश्तेदारी नापने का होगा। कभी दोस्ती का मतलब होता था साथ बैठकर चाय पीना। आज मतलब है चाय सहना। फर्क बस इतना है कि पहले जलन दिल में होती थी, अब हथेलियों पर दिखाई देती है। और कैमरा ऑन हो तो दर्द भी देशभक्ति जैसा पवित्र हो जाता है। यह ट्रेंड बताता है कि हमारे समय में विवेक कोई आंतरिक गुण नहीं, बल्कि वैकल्पिक सुविधा है जिसे रील बनाते वक्त बंद किया जा सकता है। दोस्ती अब भावनात्मक रिश्ता नहीं, कंटेंट है। जितना ज्यादा जोखिम, उतना ज्यादा रिच। अगर अस्पताल में भर्ती हो जाओ, तो बोनस व्यूज। असली समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अपने हाथ जला रहे हैं। असली समस्या यह है कि बाकी लोग कह रहे हैं कि 'भाई, गजब ट्रेंड है।' यही वह क्षण है जहां समाज ताली बजाते हुए अपनी समझ को चुपचाप दफन कर देता है। हम पहले ही ऐसे समाज में रहते हैं जहां हिंसा रोमांच है और जोखिम बहादुरी। सड़क पर स्टंट, रिश्तों में सहनशीलता और सोशल मीडिया पर मूर्खता सबको अलग-अलग नाम देकर वैध बना दिया गया है। अब जलना भी एक्सप्रेशन है। महिलाओं के लिए यह ट्रेंड कोई नई कहानी नहीं सुनाता, बस पुरानी सोच को नए फिल्टर में परोसता है। सहना आज भी 'अच्छी लड़की' की पहचान है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह परीक्षा ससुराल में नहीं, इंस्टाग्राम पर ली जा रही है। इंकार आज भी खराब लगता है, जलना अब भी स्वाभाविक। अगर दोस्ती सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण-सुदामा की मित्रता आज के ट्रेंड में फेल हो जाती। न कोई स्टंट, न कोई वीडियो, न कोई सबूत। सिर्फ भरोसा। शायद इसी वजह से वह मित्रता इतिहास में बची रह गई और आज तो दोस्तियां 24 घंटे में ही गुम हो जाती हैं। सबसे डरावनी बात यह नहीं कि लोग उबलती चाय डाल रहे हैं। डरावना यह है कि समाज क्यों पूछ नहीं रहा। जब सवाल पूछना बोरिंग और तालियां बजाना आसान हो जाए, तब समझ लीजिए कि जलन केवल हाथों में नहीं, सोच में फैल चुकी है। दोस्ती का मतलब सुरक्षा होता है। लेकिन जब रिश्ते लोकप्रियता के लिए खतरे में डाले जाएं, तो उसे दोस्ती नहीं भीड़ के सामने किया गया असफल अभिनय कहते हैं। आज अगर हमने इसे 'मजाक' कहकर छोड़ दिया, तो कल कोई और उबलता प्रयोग तैयार खड़ा होगा। और तब भी हम कहेंगे 'ट्रेंड तो चल रहा था।' कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि वायरल चैलेंज की वजह से 2020 के बाद खतरनाक चोटें दोगुनी हो गई हैं, और 'ब्लैकआउट चैलेंज' जैसी गतिविधियों में 20 से अधिक बच्चों की मौतें हुई हैं। हालिया घटना में, एक किशोरी के चेहरे और हाथों पर जलने के निशान रह गए, सिर्फ इसलिए कि उसने 'फायर चैलेंज' में भाग लिया। यही डेटा बताता है कि यह सिर्फ स्टंट नहीं है, यह सोशल मीडिया की मानसिकता है। दर्द और जोखिम को रोमांच और लोकप्रियता का लेबल दे दिया गया है। महिला दृष्टि से यह मामला और गहरा है। इतिहास में सहनशीलता और धैर्य को स्त्रियों की शक्ति माना गया। आज वही सहनशीलता शारीरिक परीक्षा और डिजिटल चैलेंज के रूप में सामने आ रही है। 'ना' कहना अब भी कठिन है, 'सहना' अब भी आदर्श। जब समाज ने इसे स्वीकार्य मान लिया, तो यह सिर्फ व्यक्तिगत मूर्खता नहीं, सामूहिक समस्या बन जाती है। सोशल मीडिया पर दिखावे की दोस्ती ने यह सिद्ध कर दिया है कि मित्रता अब भावनात्मक विश्वास की नहीं, बल्कि दिखावे और प्रदर्शन की वस्तु है। अगर मित्रता सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी आदर्श के रूप में याद रखी जाती। वहां न कोई स्टंट था, न कोई कैमरा, था तो केवल भरोसा और सम्मान। आज का ट्रेंड उसी मूल भावना का मजाक है। दोस्ती का मतलब अब सुरक्षा और सम्मान नहीं, कंटेंट बनाना हो गया है। हाथ जलता है तो जले, कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि व्यूज मिल गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 में इंटरनेट पर वायरल खतरनाक चैलेंज में 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावितों में किशोरियां और युवा महिलाएं हैं। उसकी वजह केवल ट्रेंड की खोज नहीं, बल्कि यह भी है कि समाज में सहनशीलता को 'गुण' मानने की मानसिकता अब डिजिटल मंच पर भी हावी है। दोस्ती, जो कभी विश्वास और समय की कसौटी पर परखी जाती थी, अब फ्रेम, रील और व्यूज की कसौटी पर आ गई है। और समाज, जो कभी सवाल पूछता था, अब केवल देख रहा है। यह स्थिति न केवल हाथों को जला रही है, हमारे सामाजिक विवेक को भी धीरे-धीरे भस्म कर रही दोस्ती का अर्थ सुरक्षा, सम्मान और साथी की रक्षा है, न कि लोकप्रियता के लिए जोखिम में डालना। अगर आज हम चुप रह गए, तो कल कोई और ट्रेंड हाथों और विवेक दोनों को जला देगा। और तब भी हम कहेंगे 'सोशल मीडिया है, चलता है।'

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
## दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
## प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तन, मन व आत्मा को शुद्ध करता है मौन

18 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई गई। हमारी देवभाषा संस्कृत में मौनी का एक अर्थ मौन भी होता है। सनातन धर्म में बहुत से त्योहार, पर्व, वर्त और अन्य बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनका धार्मिक महत्व तो बहुत होता है, इसी के साथ-साथ यह विज्ञान की दृष्टि में भी बहुत महत्वपूर्ण है। इनसे हमारा तन, मन और पर्यावरण भी शुद्ध होता है। मौनी अमावस्या पर साधु-संतों और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से पूजा अर्चना की। इनमें से बहुतों ने इस दिन मौन व्रत भी रखा। विद्वान कहते हैं कि मौन व्रत से हमारा तन, मन और आत्मा शुद्ध होती है और हवन करने से पर्यावरण भी साफ होता है। मौन से हमारी वो ऊर्जा बेवजह बर्बाद होने से बचती है जो हम बेकार और फालतू बातों के लिए बर्बाद करते हैं। *- पंकज पटेल, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# एआई बॉट चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं




दुनिया के पहले सोशल मीडिया आधारित 'वॉरगेम' से यह खुलासा हुआ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित बॉट न केवल बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैला सकते हैं, बल्कि संगठित तरीके से चुनावी नतीजों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। यह बात ऐसे समय में सामने आयी है, जब वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और डीपफेक सामग्री को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। एआई बॉट एआई पर आधारित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होता है, जो इंसानों की तरह बातचीत करने, सवालों के जवाब देने और काम करने में सक्षम होता है। रिपोर्ट में 14 दिसंबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले का उल्लेख किया गया है, जिसमें 15 नागरिकों और एक हमलावर की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद, जब देश सदमे में था, सोशल मीडिया पर एआई की मदद से तैयार की गई भ्रामक सामग्री तेजी से फैलने लगी। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिंस का छेड़छाड़ करके तैयार किया गया एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि हमलावरों में से एक भारतीय नागरिक था। इसके अलावा, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक कथित 'नायक' का महिमामंडन किया गया।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में



प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

## ट्रेंड

### यूएई से मज़बूत दोस्ती



अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट गया। उनकी यह यात्रा दिखाती है कि वह भारत-यूएई की मज़बूत दोस्ती को कितनी अहमियत देते हैं। हमारी बातचीत का इंतज़ार है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पार्वती गिरी को नमन



महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी पार्वती गिरी जी की 100वीं जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अल्पायु में ही भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़कर मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अहम भूमिका निभाई थी। पार्वती जी का त्याग-राष्ट्रप्रेम प्रेरणास्रोत है।


-अमित शाह, गृहमंत्री

### संघर्ष करते तो बनते महान



देशभर में ऐसे लोगों को देखते हैं जो किसी बात पर विश्वास तो करते हैं, लेकिन कहने का साहस नहीं रखते लेकिन महान राष्ट्र चुप्पी से नहीं बनते। जब वे विचार खुलकर रखते हैं उसके लिए संघर्ष करते हैं तब व महान बनते हैं। - राहुल गांधी. कांग्रेस सांसद

### हार्दिक शुभकामनाएं



कोकबोरोक दिवस के अवसर पर त्रिपुरा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर कोकबोरोक का जश्न मनाता है - यह एक प्राचीन, सांस्कृतिक रूप से जीवंत स्वदेशी भाषा है जो सदियों से बोली जाती रही है, और यह भारत की विविधता और साझा मूल्यों की समृद्धि को उजागर करती है।-

- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस परेड में 10 हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित

## कर्तव्य पथ पर दिखेगा जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप

आमंत्रित अतिथियों में वे नागरिक भी शामिल हैं जिन्होंने रोजगार सृजन, नवाचार, अनुसंधान, खेल, कृषि, विज्ञान, सामाजिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय आयोजनों में जन-भागीदारी को मजबूत करना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले भव्य गणतंत्र दिवस परेड समारोह को देखने के लिए लगभग 10,000 विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें गगनयान, चंद्रयान जैसे इसरो अभियानों से जुड़े उत्कृष्ट वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आमंत्रित किए गए ये अतिथि देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें डीप ओशन मिशन, समस्थानिक अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, अटल टिंकरिंग लैब्स के उत्कृष्ट विद्यार्थी, किसान तथा 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रतिभागी शामिल हैं। आमंत्रित अतिथियों में वे नागरिक भी शामिल हैं जिन्होंने रोजगार सृजन, नवाचार, अनुसंधान, खेल, कृषि, विज्ञान, सामाजिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय आयोजनों में जन-भागीदारी को मजबूत करना और योगदानकर्ताओं को सम्मानित करना है।



77वें गणतंत्र दिवस से पहले रिहर्सल करती 'डेयरडेविल्स' टीम

### किसान, पैरा एथलीट भी शामिल

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आमंत्रित अतिथियों में विश्व एथलेटिक्स पैरा चैंपियनशिप के विजेता, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, दलहन, तिलहन और मक्का उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान शामिल हैं। इसके साथ ही पीएम स्माइल योजना के अंतर्गत पुनर्वासित ट्रांसजेंडर और भिक्षावृत्ति से मुक्त नागरिक भी आमंत्रित किए गए हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लाभार्थी, ग्रामीण भारत में पशुपालन सेवाएं देने वाले प्रशिक्षित मैत्री कार्यकर्ता तथा राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से जुड़ी कंपनियों के प्रमुख भी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### महिला समूह, कारीगर को मिला सम्मान

महिला उत्पादक समूह, स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी, खादी विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और महिला कॉयर योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित कारीगरों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम, बायो-ई3 नीति और एसआरआई फंड से जुड़े स्टार्ट-अप्स एवं एमएसएमई, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर्स और बीआरओ सहित अन्य निर्माण श्रमिक भी समारोह का हिस्सा होंगे।

### योजनाओं के लाभार्थी शामिल

जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) और पीएम फसल बीमा योजना के लाभार्थी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आपदा प्रबंधन स्वयंसेवक, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के उत्कृष्ट कलाकार, खिलाड़ी, उद्यमी और जनजातीय प्रतिनिधि भी विशिष्ट अतिथियों में शामिल हैं।

### युवा और सरपंच आमंत्रित

वीर गाथा परियोजना के विजेता, केंद्र सरकार की योजनाओं में संतृप्ति प्राप्त पंचायतों के सरपंच, बौद्ध वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अंतरराष्ट्रीय और भारतीय भिक्षु प्रतिनिधिमंडल को भी आमंत्रित किया गया है। यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2026 के विदेशी प्रतिनिधि भी होंगे।

### दिल्ली भ्रमण करवाएंगे

सभी विशिष्ट अतिथियों के लिए कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थानों पर बैठने की व्यवस्था की गई है। उनके लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थलों के भ्रमण की भी व्यवस्था की गई है। अतिथियों को संबंधित विभागों के केंद्रीय मंत्रियों से संवाद का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कविता ने चुनावी रणनीति पर पीके से की चर्चा



**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी कलवकुंतला कविता जल्द ही अपनी नई राजनीतिक पार्टी शुरू करेंगी। इसके लिए कविता ने मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर से बातचीत की है। प्रशांत किशोर हाल ही में पांच दिनों के लिए हैदराबाद आए थे। इस दौरान कविता ने उनसे मुलाकात की।

### हिप्र में पेट्रोल-डीजल पर अनाथ व विधवा सेस



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करने के लिए पेट्रोल और डीजल पर 'अनाथ और विधवा सेस' लगाने का फैसला किया है। यह सेस तेल की पहली बिक्री के समय लगाया जाएगा। इससे आम उपभोक्ताओं पर बोझ नहीं पड़ेगा।

### इलैयाराजा को मिलेगा पद्मपाणि अवॉर्ड



**मुंबई।** आगामी अजंता-एलोरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एआईएफएफ) 2026 में दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा को पद्मपानी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोजकों ने की। वार्षिक फिल्म महोत्सव 28 जनवरी से 4 फरवरी तक छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में अवार्ड दिए जाएंगे।

### 34 करोड़ की धोखाधड़ी में ओबेरॉय पर जांच शुरू



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग के सामने करीब 34.75 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। क्यूपिड डायमंड प्रा. लि. के निदेशक ने हीरा धोखाधड़ी मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तीन लोगों के खिलाफ जांच शुरू की गई है। इनमें सतीश दर्यानानी, रिकी वसंदानी और अभिनेता विवेक ओबेरॉय के नाम शामिल हैं।

### बंगाल में 100 करोड़ से बनेगा राम मंदिर



**कोलकाता।** बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर में भी एक विशाल राम मंदिर के निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। 'श्री कृतिवास राम मंदिर ट्रस्ट' द्वारा बनाए जाने वाले इस मंदिर की थीम 'बंगाली राम' रखी गई है। मंदिर की परिकल्पना 15वीं शताब्दी के महान कवि कृतिवास ओझा के सम्मान में की गई है, जिन्होंने संस्कृत रामायण का बंगाली अनुवाद किया था।

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर पर चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# विसंगति सूची वाले करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम करें 'सार्वजनिक'

### दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए विशेष कांउटर बनाएं

अदालत ने स्पष्ट किया कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश (प्रोजेनी) मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है

### सूची ग्राम पंचायत भवनों से लेकर वार्ड कार्यालयों तक लगाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चल रहे मतदाता सूची के (एसआईआर) को लेकर चर्चा तेज होती ही जा रही है। इसी बीच इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग (ईसी) को अहम निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी) की सूची में हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। अदालत ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल में करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम इस तार्किक विसंगति सूची में दर्ज हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है।



सुप्रीम कोर्ट

### प्रभावितों को पूरा अवसर दें

मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया से प्रभावित हो सकते हैं, उन्हें अपने दस्तावेज और आपत्तियां दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया जाए। अदालत ने निर्देश दिया कि दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवनों और ब्लॉक कार्यालयों में विशेष काउंटर/ कार्यालय बनाए जाएं।

### पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो

बता दें, सुप्रीम कोर्ट यह मामला उन याचिकाओं पर सुन रहा था, जिनमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में मनमानी और प्रक्रियागत खामियां हैं। अदालत ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाली होनी चाहिए, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से न हटे।

### निर्देशों का सख्ती से पालन हो

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार चुनाव आयोग को पर्याप्त मानव संसाधन (स्टाफ) उपलब्ध कराए। हर जिले में चुनाव आयोग या राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यह सुनिश्चित करें कि पूरी प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न हो और काम शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हो।

### चुनाव में जीत हासिल होगी: बेनर्जी



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में आयोजित रैली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लेकर कहा कि अदालत में मिली इस जीत के बाद पार्टी को अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी जीत हासिल होगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह मां माटी मानुष की जीत है। यह पश्चिम बंगाल की जनता की उन लोगों पर जीत है, जिन्होंने मतदाता सूची से एक करोड़ नागरिकों के नाम मिटाने की कोशिश की।

### मंत्री हुसैन को सुनवाई के लिए बुलाया



पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री और टीएमसी नेता ताजमुल हुसैन को राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर के तहत सुनवाई के लिए चुनाव आयोग ने तलब किया गया है। उन्हें सुनवाई का नोटिस इसलिए भेजा गया है, क्योंकि 2002 की मतदाता सूची में दर्ज उनके और उनके पिता के नाम में अंतर पाया गया है। हुसैन ने कहा कि यह वही निर्वाचन आयोग है, जिसने मुझे तीन बार विधानसभा चुनावों का विजेता घोषित किया और अब वह यह सत्यापित करने की कोशिश कर रहा है कि क्या मैं एक वैध मतदाता हूं।

## प्रवक्ता पवन खेड़ा का भाजपा पर आरोप

# कांग्रेस ने की शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ दुर्व्यवहार और उन्हें शाही स्नान करने से रोकने की कड़ी निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने कहा कि खुद को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार हिंदु संतों का अपमान कर रही है और आज हालात यह हैं कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई संवेदनशील प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन एवं पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई झड़प का वीडियो दिखाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नेता न काम के हैं, न राम के; वे सिर्फ सत्ता और धन के हैं। यही भाजपा का असली चेहरा है, जिसे जनता के सामने लाना जरूरी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अखंड परंपरा है, जिसमें विघ्न डालना असुरों का काम माना जाता है। खेड़ा ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने स्वयं सार्वजनिक रूप से भगदड़ की आड़ में उनके खिलाफ किसी साज़िश की कोशिश की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि जिस राज्य में तथाकथित 'ट्रिपल इंजन सरकार' है, वहां एक शंकराचार्य खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद से शंकराचार्य जी अनशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार में किसी को फर्क नहीं पड़ रहा है। शंकराचार्य के साथ हुए दुर्व्यवहार को शर्मनाक बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए, अन्यथा वे 'सनातनी' नहीं, 'धनातनी' कहलाएंगे। पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से केंद्र में सत्ता में है और हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है, उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि शाही स्नान जैसी सदियों पुरानी परंपरा को रोकने का दुस्साहस किसी सरकार को कैसे हुआ, जबकि इस परंपरा को न मुगलों ने रोका था और न ही अंग्रेजों ने। खेड़ा ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अपराध केवल इतना है कि वे कमियों पर सवाल उठाते हैं, सरकार की आलोचना करते हैं, अयोध्या में आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ में अव्यवस्थाओं और कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों का उल्लेख करते हैं।

# राहुल गांधी का आरोप: आरएसएस-भाजपा देश में 'खामोशी की संस्कृति' थोपना चाहती है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आरएसएस और बीजेपी देश में 'खामोशी की संस्कृति' थोपने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि जनता की आवाज दबाई जा सके। कोच्चि में एक जनसभा में कहा कि कांग्रेस केरल में राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर वह आरएसएस–बीजेपी की विचारधारा के खिलाफ वैचारिक संघर्ष कर रही है। यहां ग्राम, ब्लॉक और जिला पंचायतों के नवनिर्वाचित सदस्यों, नगरपालिकाओं और नगर निगमों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने उन्हें बधाई दी और कहा कि संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी जमीनी स्तर से शुरू होती है।




उन्होंने कहा कि पंचायतें और स्थानीय निकाय लोकतंत्र की त्रि-स्तरीय व्यवस्था की नींव हैं। राहुल गांधी ने कहा, "अगर हमें संविधान को बचाना है और उसे जीवित रखना है, तो हमें तीसरे स्तर यानी पंचायतों और स्थानीय निकायों को मजबूत करना होगा।" उन्होंने याद दिलाया कि 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के जरिए स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने की सोच कांग्रेस की ही देन है।

उन्होंने आरएसएस–बीजेपी और कांग्रेस के बीच फर्क स्पष्ट करते हुए कहा कि जहां आरएसएस–बीजेपी केंद्रीकरण में विश्वास रखती है, वहीं कांग्रेस विकेंद्रीकरण की समर्थक है। "आरएसएस और बीजेपी जनता से आंख मूंदकर अनुपालन चाहती हैं। वे भारत के लोगों की आवाज सुनना नहीं चाहतीं," उन्होंने कहा।

प्रसिद्ध लेखिका डॉ. लीलावती को प्रियदर्शिनी साहित्य पुरस्कार प्रदान करने के बाद हुई बातचीत का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने देश में फैल रही 'खामोशी की संस्कृति' पर चिंता जताई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस–बीजेपी का वैचारिक एजेंडा इसी खामोशी को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। "वे चाहते हैं कि भारत चुप रहे, ताकि देश की सारी संपत्ति कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के हाथों में सौंपी जा सके। यह तभी संभव है जब लोकतांत्रिक आवाज को दबा दिया जाए," उन्होंने कहा। हालांकि, उन्होंने भरोसा जताया कि केरल की जनता की आवाज को कोई भी दबा नहीं सकता।

## कदमताल करते घुड़सवार


नई दिल्ली। 77वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर रिहर्सल करते हुए सेना के घुड़सवार।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष जूली का दावा

# राजस्थान में चल रहे एसआईआर में हो रहा है बड़े पैमाने पर फर्जीवाडा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग के बीच कथित मिलीभगत को उजागर करते गए राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर हो रहे फर्जीवाड़े को लेकर गंभीर खुलासे का दावा किया कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र की हत्या व वोट चोरी करना चाहती है।

डोटासरा ने कहा कि एसआईआर के बाद जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 45 लाख लोगों को अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत्यु की श्रेणी में डाल दिया गया। इसके बाद 15 जनवरी तक आपत्तियां मांगी गई थीं। उन्होंने कहा कि तीन जनवरी तक पूरी प्रक्रिया सामान्य रूप से चल रही थी। लेकिन तीन जनवरी को भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष के राजस्थान दौरे के बाद अचानक फर्जी तरीके से वोट जोड़ने और काटने का खेल शुरू हो गया।



उन्होंने चुनाव आयोग की वेबसाइट के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भाजपा के 937 बीएलए ने 17 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच 211 नाम जोड़ने और 5,694 वोट काटने के आवेदन दिए। वहीं कांग्रेस के 110 बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) ने 185 नाम जोड़ने और केवल दो नाम हटाने के आवेदन दिए।

राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अमित शाह के राजस्थान दौरे के दौरान 3 से 13 जनवरी के बीच गुप्त रूप से नाम काटने की प्रक्रिया तेज की गई। हर विधानसभा क्षेत्र में 10 से 15 हजार फर्जी कंप्यूटरीकृत फॉर्म प्रिंट कराए गए, जिन पर बीएलए के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। 13, 14 और 15 तारीख को हर विधानसभा क्षेत्र में हजारों फॉर्म देकर नाम काटे जाने का आंकड़ा है। यह काम विशेष रूप से उन विधानसभा क्षेत्रों को चिन्हित कर किया गया, जहां कांग्रेस पार्टी चुनाव जीती थी। उन्होंने कहा कि 2002 की वोटर लिस्ट से मैपिंग हो जाने के बाद मतदाताओं का नाम काटने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हालात ये हैं कि भाजपा के विधायकों और मंत्रियों ने खुद ही नाम काटने के हजारों फॉर्म एसडीएम के पास जमा करवा दिए।

डोटासरा के अनुसार भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर कांग्रेस की विचारधारा के लोगों का नाम काटने के लिए अंतिम तारीख को आगे बढ़ाया। कुछ विधानसभा क्षेत्रों में एक ही दिन में नाम काटने के लिए हजारों फॉर्म-7 जमा किए गए। झुंझुनू में 13,882, मंडावा में 16,276, उदयपुरवाटी में 1,241 और खेतड़ी में 1,478 फॉर्म जमा हुए। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी तक करीब 1.40 लाख नाम रजिस्टर भी करवा लिए गए हैं। डोटासरा ने चुनाव आयोग के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ड्राफ़्ट सूची प्रकाशित होने के बाद एक बीएलए एक दिन में अधिकतम दस फॉर्म ही दे सकता है, लेकिन इसके बावजूद हजारों फॉर्म स्वीकार किए गए। भाजपा के कई बीएलए मीडिया के सामने आकर कह चुके हैं कि उन्होंने फॉर्म जमा नहीं करवाए।

## महाराष्ट्र में शिवसेना पार्षदों की किलेबंदी

# होटल पॉलिटिक्स पर संजय राउत ने पूछा- डर किसे? स्थिति हास्यास्पद

एजेंसी ▶▶ मुंबई


संजय राउत व एकनाथ शिंदे

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के नतीजों के बाद शुरू हुई राजनीतिक हलचल के बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन की सहयोगी एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना द्वारा अपने नवनिर्वाचित पार्षदों को होटल में शिफ्ट करने पर तंज कसते हुए पूछा 'आखिर डर किसे है?

बीएमसी चुनाव में 227 सदस्यीय सदन में भाजपा के पास सबसे अधिक 89 सीटें है। हालांकि मेयर बनाने के लिए 114 पार्षदों की जरूरत होती है। इस गणित के चलते मेयर पद को लेकर राजनीतिक जोड़-तोड़ तेज हो गई है। नतीजों के तुरंत बाद शिंदे गुट की शिवसेना ने अपने सभी 29 पार्षदों को मुंबई के एक पांच सितारा होटल में भेज दिया। पार्टी की ओर से इसे ओरिएंटेशन वर्कशॉप बताया गया।

## खबर संक्षेप

### भारत कोकिंग कोल का शेयर 97 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) का शेयर अपने निर्गम मूल्य 23 रुपये से 96.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 45.21 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 96.56 प्रतिशत अधिक था।

### टेक महिंद्रा का लाभ बढ़कर 1,122 करोड़ रुपए




**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 14.11 प्रतिशत बढ़कर 1,122 करोड़ रुपये रहा।
महिंद्रा समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसने 983.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### बीएचईएल का लाभ तीन गुना होकर 390.40 करोड़




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 390.40 करोड़ रुपये रहा। यह वृद्धि मुख्य रूप से प्रमुख क्षेत्रों से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के कारण हुई। 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 134.70 करोड़ रुपये रहा था।

# भारत में सोने की चमक से घर-घर बढ़ी दौलत, परिवारों की संपत्ति 117 लाख करोड़ बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोने की कीमतों में तेज उछाल ने साल 2025 में भारतीय परिवारों की संपत्ति को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा दिया।एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक 2026 के मुताबिक, बीते साल भारतीय घरों की कुल संपत्ति में करीब 117 लाख करोड़ रुपए यानी लगभग 1.3 खरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। इस बढ़ी हुई संपत्ति का असर परिवारों की खर्च करने की क्षमता और वित्तीय भरोसे पर भी साफ दिखाई दिया। रिपोर्ट में बताया गया है कि सोने की कीमतों में आई तेजी के कारण यह पिछले 25 वर्षों की सबसे बड़ी संपत्ति बढ़ोतरी है। 2025 में 15 दिसंबर तक सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम करीब 57,000 रुपए बढ़ गई। इससे पहले 2024 में भी सोने के दाम 14,000 रुपए प्रति 10 ग्राम चढ़े थे। लगातार दो साल की इस मजबूती ने भारतीय परिवारों के पास मौजूद सोने की कीमत को कई गुना बढ़ा दिया।

■ आंकड़ा एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक 2026 ने जारी किया

## बीते साल भारतीय घरों की कुल संपत्ति में लगभग 1.3 खरब डॉलर की बढ़ोतरी

### बिटकॉइन जैसे विकल्प कमजोर साबित हुए

*वैश्विक स्तर पर 2025 में सोना, यूरोप और उभरते बाजारों के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि ऑयल, अमेरिकी डॉलर और बिटकॉइन जैसे विकल्प कमजोर साबित हुए। कई साल की तेजी के बाद स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में भी गिरावट देखी गई और करीब 30 फीसदी स्मॉल-कैप स्टॉक्स अपने 52 हफ्तों के उच्च स्तर से 30 फीसदी से ज्यादा टूट चुके हैं। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने कहा है कि नए निवेशकों के लिए हाइब्रिड फंड बेहतर विकल्प हो सकते हैं, जिनमें इक्विटी, डेट और सोने का संतुलित मिश्रण रहता है और जोखिम को संभालना आसान होता है।*



### शेयर बाजार में सुस्ती, सोने ने संभाला मोर्चा

*एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक में कहा गया है कि 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए अपेक्षाकृत कमजोर साल रहा। वैश्विक बाजारों की तुलना में भारत का प्रदर्शन फीका पड़ा, जिससे दुनिया के कुल शेयर बाजार मूल्य में भारत की हिस्सेदारी घट गई। निफ्टी का प्रदर्शन वैश्विक और उभरते बाजारों के मुकाबले करीब 25 फीसदी कमजोर रहा, जो करीब तीन दशक का सबसे खराब प्रदर्शन माना जा रहा है।*

### सोने के बदले लोन में भी इजाफा

सोने की कीमत बढ़ने का एक असर यह भी दिखा कि गोल्ड के बदले लिए जाने वाले रिटेल लोन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। जब सोने की वैल्यू बढ़ती है, तो लोग जरूरत के समय इसे गिरवी रखकर कर्ज लेना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में जब शेयर बाजार स्थिरता के दौर से गुजर रहा था, तब सोना एक भरोसेमंद और सुरक्षित निवेश बनकर उभरा।

## चीन और इंडोनेशिया की कतार में भारत होगा शामिल

# भारत वर्ष 2030 तक बन सकता है उच्च मध्यम आय वाला देशः एसबीआई रिसर्च

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत वर्ष 2030 तक 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनकर चीन एवं इंडोनेशिया की कतार में शामिल हो जाएगा और यह 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भी अग्रसर है।

सोमवार को एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के आधार पर देशों का वर्गीकरण निम्न आय, निम्न-मध्यम आय, उच्च-मध्यम आय और उच्च आय वाले देशों के रूप में करता है। वर्ष 1990 में विश्व बैंक के इस वर्गीकरण के तहत कुल 218 देशों में से 51 निम्न आय, 56 निम्न-मध्यम आय, 29 ऊपरी-मध्यम आय और 39 उच्च आय वाले देश थे।

### 2024 में 87 देश उच्च आय वाले थे

हालांकि वर्ष 2024 में प्रकाशित नवीनतम वर्गीकरण के तहत 26 देश निम्न आय, 50 निम्न-मध्यम आय, 54 उच्च-मध्यम आय और 87 उच्च आय वाले देश थे। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत को आजादी के बाद निम्न-मध्यम आय वाले वर्गीकरण से बाहर निकलने में 60 साल लग गए।

**वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर**

**विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय पर वर्गीकरण करता है**

**भारत को निम्न-मध्यम आय वर्ग से बाहर निकलने में 60 साल लग गए**

### 2030 तक 4000 डॉलर प्रति व्यक्ति होगी आय

रिपोर्ट कहती है, /"भारत अगले चार वर्षों में 2030 तक 4,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल करने की राह पर है जिससे वह उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और चीन एवं इंडोनेशिया के मौजूदा समूह का हिस्सा बन जाएगा।/ रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2047 तक भारत को उच्च-आय वाला देश बनने के लिए प्रति व्यक्ति जीएनआई को 7.5 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ाना होगा जो हासिल किया जा सकता है।



### अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब भी सबसे बड़ी

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत वर्ष 2028 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है जबकि 2035 तक यह 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब भी सबसे बड़ी है जबकि उसके बाद चीन का स्थान आता है। हालांकि भारत 2028 तक जर्मनी को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### 1962 में प्रति व्यक्ति आय 90 डॉलर थी

इसकी 1962 में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 90 डॉलर थी जो 2007 तक 910 डॉलर हो गई। इसके बाद भारत ने 2009 में प्रति व्यक्ति आय 1,000 डॉलर, 2019 में 2,000 डॉलर और 2026 तक 3,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल कर 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनने की दिशा में कदम रख दिया है।

### भारत 1990 में 14वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था

*भारत वर्ष 1990 में दुनिया की 14वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था लेकिन 2025 में उसने चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लिया। एसबीआई रिसर्च ने कहा, /"भारत को अपने सुधारों के कार्यक्रम को जारी रखना चाहिए ताकि वह अतिरिक्त और तेजी से होने वाली आर्थिक वृद्धि हासिल कर सके, जो इसे उच्च-आय वाले देश की श्रेणी तक पहुंचाने के लिए जरूरी है।/"*

### भारत की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी

*रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी और मौजूदा कीमतों पर जीडीपी में औसतन 11-11.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि संभव है, जो देश को 2030 तक उच्च-मध्यम आय और 2047 तक उच्च आय वाले देश की श्रेणी में लाने में मददगार होगी।*

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर नई ट्रेनों का भव्य स्वागत



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने हाल ही में 17 जनवरी, 2026 को वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन और 18 जनवरी, 2026 को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन देखा, जिसका उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इन नई सेवाओं की शुरुआत क्षेत्र में लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कई स्टेशनों पर, जिनमें मरानहाट, फरकाटिंग, लामडिंग, जागीरोड, रंगिया, न्यू बंगाईगांव, अलीपुरद्वार और न्यू जलपाईगुड़ी शामिल हैं, स्थानीय लोग उद्घाटन रनों का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए। ट्रेनों के आगमन को पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोक संगीत और नृत्य प्रदर्शनों के साथ मनाया गया, जिससे स्टेशन परिसर में एक उल्लासपूर्ण और उत्सव जैसा वातावरण बना।

## सियाराम्स ने वेडिंग एवं स्प्रिंग समर 2026 कलेक्शन के साथ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** सूटिंग और शर्टिंग फैब्रिक्स एवं फैशन के क्षेत्र में भारत के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक सियाराम्स ने खूबसूरत अनंतम गेटअवे, जिम कॉर्बेट में एक विशेष रिटेलर कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया। यह सम्मेलन बिज़नेस इनसाइट्स और आरामदायक अनुभव का बेहतरीन संगम रहा। इस अवसर पर रिटेलर्स ने वेडिंग और स्प्रिंग समर 2026 फैब्रिक कलेक्शन की प्रस्तुति को खूब सराहा। कॉन्फ्रेंस का प्रमुख आकर्षण रहा शानदार और बाजार-उन्मुख डिस्प्ले सेटअप, जिसमें सियाराम्स के सूटिंग और शर्टिंग कलेक्शन को वेडिंग और समर सीजनल रेंज के साथ प्रदर्शित किया गया। इस डिस्प्ले ने रिटेलर्स को रियल-टाइम रिटेल परिप्रेक्ष्य में कलेक्शन को समझने का अवसर दिया। रिटेलर्स ने बताया कि इस विस्तृत प्रस्तुति ने उन्हें मौजूदा वेडिंग सीजन और आगामी स्प्रिंग समर 2026 महीनों के लिए खरीद योजना बनाने में उल्लेखनीय मदद की। इस सकारात्मक प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप पर्याप्त फैब्रिक बुकिंग हुई, जो सियाराम्स के विविध और प्रीमियम पोर्टफोलियो में रिटेलर्स के मजबूत भरोसे को दर्शाती है।

**PUBLIC NOTICE**

I/We Rajuddin S/o Salimuddin and Parveen W/o Shri Rajuddin both R/o V - 250, Gali No. 18, Vijay Park, Maujpur, Delhi - 53, do hereby solemnly affirm and declare that We the deponents do hereby Dis - own our son MOHD. FAIZAN R/o V - 250, Gali No. 18, Vijay Park, Maujpur, Delhi - 53 from all of or Movable and Immovable Properties, with immediate effect due to his Misbehaviour and bad habbits. We shall not be responsible for any act done by MOHD. FAIZAN.

Rajuddin
Parveen

## रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार फिसला



मुंबई (एजेंसी)। वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं बढ़ने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली होने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 324 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 109 अंक टूटा। कारोबारियों के मुताबिक, कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही नतीजों, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी आने और शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक गिरावट के साथ 83,246.18 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 672.04 अंक तक फिसलकर 82,898.31 पर आ गया था। वहीं, निफ्टी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सर्वाधिक 3.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 18,645 करोड़ रुपये का लगभग स्थिर शुद्ध लाभ दर्ज किया है। गैस उत्पादन में गिरावट और खुदरा कारोबार की कमजोरी ने अन्य क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन को संतुलित कर दिया।

## नौसेना प्रमुख ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 का दौरा किया



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने 19 जनवरी, 2026 को दिल्ली छावनी में स्थित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 का दौरा किया। उनके आगमन पर सेना, नौसेना और वायु सेना विंग से चैयनित एनसीसी कैडेटों द्वारा उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। अपने संबोधन के दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट के रूप में अपने दिनों को याद किया और प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चैयनित होने पर कैडेटों को बधाई दी। उन्होंने कैडेटों के शानदार टर्नआउट सटीक ड्रिल, बैंड प्रदर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुति की सराहना की और नौसेनिक शब्दावली में इस प्रदर्शन को रावो जुलु कहा। युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों के संवर्द्धन में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए नौसेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नागरिक रक्षा प्रयासों में लगभग 72,000 एनसीसी कैडेटों के अनुकरणीय योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने ड्रोन संचालन और साइबर जागरूकता से संबंधित पहलों सहित एनसीसी द्वारा अपनाए गए नए एवं नवोन्मेषी प्रशिक्षण उपायों की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन भारत का युवा वैश्विक भलाई की शक्ति हैं का उद्धरण देते हुए नौसेना प्रमुख ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं पर अपना विश्वास व्यक्त किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** – सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरे राम गुप्ता, पुत्र नंद राम गुप्ता निवासी बी-24, गली नं. 10, जय विहार, फेस-3, बपरौला, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 738/2022 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना रनहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **हरे राम गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **हरे राम गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 738/2022 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना रनहौला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरे राम गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.04.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
महानगर दण्डाधिकारी-08, (पश्चिम)
तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/758/OD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोशन उर्फ कांचा, पुत्रः रघुनाथ, पताः म. नं. 32, ब्लॉक 18, कल्याणपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 284/2022, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोशन उर्फ कांचा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्षित कर दिया गया है कि उक्त **रोशन उर्फ कांचा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 284/2022, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **रोशन उर्फ कांचा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री सचिन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
DP/713/ED/2026 पूर्वी जिला, कमरा नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 79SE E/M/2025 (ICall) System Tender No.183953 Registered contractor class in "B" & above For Form B (Item Rate Basis) | SUPPLYING, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF AIR SHOWER FOR ETT LAB AT ANJORA DISTT.- DURG (C.G.) | Rs 19.24 Lacs |
| 81/SE E/M/2025 (ICall) System Tender No.83969 Registered contractor class in "C" & above For Form A (Percentages Rate Basis) | ZONAL NIT SCHEDULE FOR PROVIDING UTILITY SHIFTING( LT & HT-LINE & POLE, X'MER SHIFTING ETC. AND ELECTRIFICATION) AT KURUD & DHAMTARI BLOCK UNDER P.W.D. E/M DISTT. DHAMTARI SUBDIVISION-DHAMTARI (C.G.) | Rs 164.84 Lacs |
| 82/SE E/M/2025 (ICall) System Tender No.83957 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentages Rate Basis | ZONAL NIT SCHEDULE FOR PROVIDING UTILITY SHIFTING( LT & HT-LINE & POLE, X'MER SHIFTING ETC. AND ELECTRIFICATION) AT NAGRI BLOCK UNDER P.W.D. E/M SUB DIVISION-DHAMTARI DISTT. -DHAMTARI (C.G.) | Rs 68.38 Lacs |

Date of bid submission will be 04-02-2026

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)
G-252606135/5

## शब्द पहेली - 6114




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 6113 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| रा | ह | | | म | | रा | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |



# भारत के सामने टी-20 सीरीज में न्यूजीलैंड की चुनौती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज 1-2 से गंवाने के बाद भारतीय टीम को इसी टीम के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज 21 से 31 जनवरी तक खेली जानी है। वनडे सीरीज गंवाने के बाद टी20 सीरीज जीतना भारतीय टीम के लिए बड़ी चुनौती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज विश्व कप से ठीक पहले है।

भारत विश्व कप का सह-मेजबान है। ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज जीत भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारतीय टीम अपनी धरती पर और वो भी टी20 फॉर्मेट में काफी मजबूत है। हालांकि न्यूजीलैंड के प्रदर्शन को देखते हुए उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए टी20 सीरीज के रोमांचक होने की उम्मीद है।



**टी20 सीरीज का शेड्यूल**

टी20 सीरीज के शेड्यूल पर गौर करें तो पहला मैच 21 जनवरी को नागपुर में, दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर में, तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी में, चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में और पांचवां मैच 31 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे।

### टीमें इस प्रकार

**टीम इंडिया**
सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (पहले तीन टी20 के लिए), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड**
मिशेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कोनवे, बेवन जेकब्स, टिम रॉबिनसन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैक फॉक्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, जेकब डफी, काइल जेमीसन, ईश सोढ़ी और मैट हेनरी।

# नाईक के अर्धशतक से आरसीबी ने गुजरात जाइंट्स को 61 रन से हराया

एजेंसी ▸▸| वडोदरा

गौतमी नाईक के अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सोमवार को गुजरात जाइंट्स को 61 रन से हराकर महिला प्रीमियर लीग में अपना अपराजेय अभियान बरकरार रखा। आरसीबी की टूर्नामेंट में यह लगातार पांचवीं जीत थी। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आरसीबी ने छह विकेट पर 178 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। शीर्ष पर काबिज आरसीबी की शुरूआत अच्छी



नहीं रही। पहले ओवर में ग्रेस हैरिस और दूसरे ओवर में जॉर्जिया वोल पवेलियन लौट गए जब स्कोर नौ रन ही था लेकिन इसके बाद नाईक ने पारी को संभाला। जवाब में गुजरात की टीम शुरू ही से दबाव में रही और सातवें ओवर में 34 रन के स्कोर पर उसके चार विकेट गिर गए। बेथ मूनी, सोफी डेवाइन, अनुष्का शर्मा और कनिका आहूजा पवेलियन लौट चुकी थीं। काशवी गौतम और जॉर्जिया वेयरहैम भी टिक नहीं सकीं। कप्तान एशले गार्डनर ने 43 गेंद में 54 रन बनाये लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। गार्डनर ने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा लेकिन उनकी टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। आरसीबी की गेंदबाज सयाली सतघारे ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 21 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि नडाइन डि क्लेर्क को दो विकेट मिले।

## खबर संक्षेप



### साइना नेहवाल ने बैडमिंटन से संन्यास की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने प्रतिस्पर्धी खेल से संन्यास की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शरीर अब एलीट खेल की मांगों के अनुरूप उनका साथ नहीं दे रहा है। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 2023 सिंगापुर ओपन में खेला था। उन्होंने एक पॉडकास्ट में कहा, ''मैने दो साल पहले ही खेलना छोड़ दिया था। मुझे लगा कि मैंने अपनी शर्तों पर खेलना शुरू किया और अपनी शर्तों पर ही विदा लूंगी तो घोषणा करने की जरूरत ही नहीं थी।'' उन्होंने कहा, '' अगर आप और खेलने में सक्षम नहीं हैं तो कोई बात नहीं।''

### भगत और कदम ने जीते पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में मिस्र पैरा बैडमिंटन आमंत्रण टूर्नामेंट 2026 में अपने अपने एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। भगत ने एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में उमेश विक्रम कुमार को हराकर पीला तमगा हासिल किया। उन्होंने यह मुकाबला 19-21, 21-15, 21-13 से जीता। एसएल 4 पुरुष एकल में सुकांत ने भारत के सूर्यकांत यादव को 27-25, 21-18 से मात दी।

### 25 जनवरी से पहली कबड्डी चैंपियंस लीग

**नई दिल्ली।** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का आयोजन 25 जनवरी से 7 फरवरी तक हरियाणा स्थित खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सत्र के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह प्रतियोगिता 12 दिन तक चलेगी, जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इन टीम में सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुज, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स शामिल हैं।

### प्रज्ञाननंदा नहीं खोल पाए खाता, गुकेश ने खेला ड्रॉ

**विज्क आन जी।** गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए। विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे। इस तरह से वह टूर्नामेंट में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं और उन्हें अपना खिताब बचाने के लिए बाकी बचे 11 राउंड में शानदार प्रदर्शन करना होगा।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी जोकोविच की 100वीं जीत

*फ्रेंच ओपन और विम्बल्डन में भी कर चुके हैं ऐसा*

*स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया*

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच ने सोमवार को पेड्रो मार्टिनेज को आस्ट्रेलियन ओपन के अपने पहले मैच में 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ ली। ऑस्ट्रेलियन ओपन में यह उनकी 100वीं जीत है। 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश में जुटे इस सर्बियन खिलाड़ी के पास फ्रेंच ओपन और विम्बल्डन में भी 100 जीत पहले से हैं और अमेरिकी ओपन में 100 जीत से वे सिर्फ 5 जीत दूर हैं। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'क्या कह सकता हूं? मुझे यह सुनना अच्छा लगता है। सेंचुरियन कहलाना बहुत अच्छा लगता है। यह एक शानदार एहसास है। इतिहास रचना मेरे लिए बड़ी प्रेरणा रही है, खासकर मेरे करियर के पिछले 5-10 वर्षों में। जब मुझे एहसास हुआ कि मैं इतिहास रचने की स्थिति में हूं तो मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए खुद को और प्रेरित किया और यही मैंने किया है। करियर की शुरुआत में मुझे भाग्य से अच्छे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया कि लंबी दौड़ का खिलाड़ी कैसे बनना है। जल्दी थकना नहीं है, शरीर और दिमाग का ध्यान रखना है और करियर लंबा बनाना है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि आज भी इस



### मेदवेदेव ने जोंग को हराया

पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे।ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने ब्रिस्बेन में खिताब जीता था।

स्तर पर खेल पा रहा हूं और यहां एक और जीत मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसी है।' मार्टिनेज का पहली बार मुकाबला कर रहे जोकोविच ने मुश्किल शुरुआत को एक ब्रेक हासिल कर आसानी से काबू में कर लिया और पहले सेट पर पकड़ बनाए रखी।

### नोवाक ने दिखाया की दमखम अभी बाकी है

नवंबर में एथेंस में अपना 101वां करियर खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला मैच था, लेकिन जोकोविच की लय में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने शानदार क्रॉस-कोर्ट विनर लगाया और दूसरे सेट को भी आसानी से अपने नाम किया। जहां अधिकतर ध्यान मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और वर्ल्ड नंबर वन कार्लोस अल्काराज पर केंद्रित रहा है, वहीं जोकोविच ने तीसरे सेट में बेहतरीन टेनिस दिखाकर यह याद दिलाया कि वह अब भी सबसे बड़े दावेदारों में से एक हैं। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित तौर पर मेरा पसंदीदा कोर्ट है, इस कोर्ट ने मुझे बहुत कुछ दिया है।'

## 113वीं रैंकिंग की सोनमज ने किया उलटफेर रूस की एकातेरिना को तीन सेट में हराया



**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। तुर्की की 113वीं रैंकिंग की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। मैच के दौरान सोनमज ने बाल गर्ल की मदद की और चर्चा का विषय बनीं।

### डबल फॉल्ट की समस्या से जूझी कोको

गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था।

### मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के बाद छाई जेनेप



तुर्की की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने वाली पहली तुर्किश महिला खिलाड़ी बन गई हैं। 113वीं रैंकिंग की टेनिस खलिाड़ी के जबरदस्त खेल की चर्चा हर तरफ हो रही है, मगर वो इससे ज्यादा तो मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के लिए छाई हुई हैं। दरअसल सोनमज पहला सेट जीतकर दूसरे सेट अपने नाम मुकाबला जीतने के लिए जब जोर लगा रही थी, तभी एक बॉल गर्ल बेहोश हो गई, जिसकी मदद के लिए उन्होंने दौड़ लगाई।

## भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलो या बाहर हो आईसीसी की बीसीबी को दो टूक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या 7 फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ। आईसीसी के सूत्र ने कहा,' बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिए कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा।' सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जाएगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी। बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है।

## इंडोनेशिया मास्टर्स: अच्छा प्रदर्शन करने पर भारतीय खिलाड़ियों की निगाह

**आज से शुरू 5 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी स्पर्धा**

एजेंसी ▸▸| जकार्ता

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

### लक्ष्य सेन की भिड़ंत सिंगापुर के तेह से

पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो



और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली जी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि थारुन मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा।

### सिंधू करेंगी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। सिंधू को इंडिया ओपन के पहले दौर में ही वियतनाम की विश्व में नंबर 23 गुयेन थुई लिन्ह से हार का सामना करना पड़ा था। जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला जापान की चौथी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी से होगा। उन्नति हुडा पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन युफेई का सामना करेंगी जबकि मालविका बंसोड का मुकाबला कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली से होगा।

**रोमांचक मुकाबले में वर्ल्ड गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट आदित्य को 6-3 से हराया**

# पंकज आडवाणी ने जीता राष्ट्रीय सीनियर स्नूकर खिताब

- 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में चल रही 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के सीनियर पुरुष स्नूकर फाइनल में 28 बार के विश्व चैंपियन पद्म भूषण पंकज आडवाणी ने वर्ल्ड गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट आदित्य मेहता को रोमांचक मुकाबले में हराकर खिताब जीत लिया। एचएल सिटी एवं शाइनिंग स्टार बैडमिंटन अकादमी की चेयरपर्सन शैलजा जून, मुस्कान जून और अर्जुन नारंग ने विजेता पंकज आडवाणी को



बहादुरगढ़। पंकज आडवाणी को ट्रॉफी देती चेयरपर्सन शैलजा जून व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

ट्रॉफी प्रदान की। फाइनल की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती दो फ्रेम बांटकर स्कोर 1–1 किया। इसके बाद आडवाणी ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए लगातार तीन फ्रेम जीते, जिसमें एक बेहतरीन 133 का ब्रेक भी शामिल था और 15 मिनट के ब्रेक से पहले 4–1 की बढ़त बना ली।

### ब्रेक के बाद आदित्य की शानदार वापसी

ब्रेक के बाद आदित्य मेहता ने शानदार वापसी की और लगातार दो फ्रेम जीतकर अंतर 4–3 कर दिया।

ऐसा लग रहा था कि मेहता मैच में वापसी कर सकते हैं, लेकिन निर्णायक क्षणों में आडवाणी ने एक बार फिर नियंत्रण हासिल किया और अगले दो फ्रेम जीतते हुए मुकाबला 6–3 से अपने नाम किया तथा प्रतिष्ठित सीनियर राष्ट्रीय स्नूकर खिताब पर कब्जा जमाया। आडवाणी का यह खिताब उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों की सूची में एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय ताज जोड़ता है, जबकि मेहता के संघर्षपूर्ण खेल और निरंतरता ने दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। इस अवसर पर बीएसएफआई उपाध्यक्ष विजय गोयल, टूर्नामेंट डायरेक्टर मनमीत भाटिया, देवभूमि बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के सचिव पंकज कुकरेजा, भारतीय क्यू स्पोर्ट्स टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच अशोक शांडिल्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मंत्रालय ने इंडिया ओपन में साइ से सुधार के लिए कहा

**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजन में हुई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अधिकारियों से मुलाकात कर 'सुधार के उपाय' करने के लिये कहा ताकि भविष्य में फिर ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो। समझा जाता है कि खेलमंत्री ने स्टेडियम प्रशासकों के साथ बैठक की जो टूर्नामेंट के दौरान मौजूद नहीं थे। उनसे पिछले सप्ताह टूर्नामेंट में अव्यवस्था के लिये सफाई मांगी गई। भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी के लिये भी यह साल बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसे में इस चूक से स्थिति बिगड़ सकती है।


**विशेष रेलगाड़ियाँ**

24 और 25 जनवरी, 2026 को नांदेड साहेब में "हिंद की चादर" श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबद्ध में रेलयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के सुविधाजनक आगमन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा निम्न विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04524/04523 चंडीगढ़ - हुजूर साहेब नांदेड - चंडीगढ़ आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04524 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04523 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:40 | चंडीगढ़ | 08:00 | ---- |
| 06:25 | 06:30 | अम्बाला छावनी | 07:00 | 07:05 |
| 07:43 | 07:45 | पानीपत जं. | 05:30 | 05:32 |
| 10:40 | 10:45 | दिल्ली सफदरजंग | 03:00 | 03:05 |
| 14:05 | 14:10 | आगरा छावनी जं. | 22:05 | 22:10 |
| 17:20 | 17:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 18:50 | 19:00 |
| 19:50 | 20:00 | बीना जं. | 16:10 | 16:20 |
| 21:50 | 21:55 | भोपाल जं. | 14:00 | 14:10 |
| 23:25 | 23:30 | इटारसी जं. | 12:15 | 12:25 |
| 02:03 | 02:05 | खंडवा जं. | 09:35 | 09:45 |
| 03:55 | 04:00 | भुसावल जं. | 07:05 | 07:15 |
| 06:15 | 06:20 | मनमाड़ जं. | 04:25 | 04:30 |
| 08:13 | 08:15 | छत्रपति संभाजीनगर | 01:15 | 01:20 |
| 09:13 | 09:15 | जालना | 00:03 | 00:05 |
| 11:15 | 11:20 | परभणी जं. | 22:13 | 22:15 |
| 12:00 | 12:02 | पूर्णा जं. | 21:35 | 21:40 |
| 13:30 | ---- | हुजूर साहेब नांदेड | ---- | 21:00 |

चलने के दिन: **04524 चंडीगढ़** से दिनांक 23.01.2026 से 24.01.2026 तक एवं **04523 हुजूर साहेब नांदेड** से दिनांक 25.01.2026 से 26.01.2026 तक।
**स्थान:** वाता-1 टीयर, वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04494/04493 हज़रत निज़ामुद्दीन - हुजूर साहेब नांदेड - हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षित सुपरफॉस्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04494 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04493 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:20 | ---- |
| 15:28 | 15:30 | आगरा छावनी जं. | 20:08 | 20:10 |
| 18:00 | 18:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 16:50 | 17:00 |
| 20:25 | 20:30 | बीना जं. | 14:15 | 14:20 |
| 22:25 | 22:30 | भोपाल जं. | 12:10 | 12:15 |
| 00:10 | 00:20 | इटारसी जं. | 10:30 | 10:40 |
| 03:00 | 03:10 | खंडवा जं. | 08:00 | 08:10 |
| 05:10 | 05:20 | भुसावल जं. | 05:50 | 06:00 |
| 05:48 | 05:50 | जलगांव जं. | 05:23 | 05:25 |
| 07:55 | 08:00 | मनमाड़ जं. | 03:40 | 03:45 |
| 10:20 | 10:25 | छत्रपति संभाजीनगर | 00:18 | 00:20 |
| 11:23 | 11:25 | जालना | 23:23 | 23:25 |
| 13:23 | 13:25 | परभणी जं. | 21:18 | 21:20 |
| 14:13 | 14:15 | पूर्णा जं. | 20:40 | 20:45 |
| 16:20 | ---- | हुजूर साहेब नांदेड | ---- | 20:10 |

चलने के दिन: **04494 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 23.01.2026 से 24.01.2026 तक एवं **04493 हुजूर साहेब नांदेड** से दिनांक 24.01.2026 से 25.01.2026 तक।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04642/04641 अमृतसर जं. - चेरलापल्ली - अमृतसर जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04642 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04641 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 03:35 | अमृतसर जं. | 15:10 | ---- |
| 04:05 | 04:10 | ब्यास जं. | 14:03 | 14:05 |
| 04:40 | 04:45 | जालंधर सिटी | 13:25 | 13:30 |
| 05:05 | 05:07 | फगवाड़ा जं. | 12:48 | 12:50 |
| 06:00 | 06:05 | ढंडारी कलां | 11:50 | 11:55 |
| 08:00 | 08:10 | अम्बाला छावनी | 09:55 | 10:00 |
| 09:23 | 09:25 | पानीपत जं. | 07:53 | 07:55 |
| 12:30 | 12:35 | दिल्ली सफदरजंग | 04:45 | 04:50 |
| 16:15 | 16:20 | आगरा छावनी जं. | 00:15 | 00:20 |
| 19:30 | 19:40 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 20:30 | 20:40 |
| 23:45 | 23:55 | बीना जं. | 17:50 | 18:00 |
| 01:50 | 01:55 | भोपाल जं. | 15:45 | 15:50 |
| 03:30 | 03:40 | इटारसी जं. | 13:55 | 14:05 |
| 06:45 | 06:50 | खंडवा जं. | 11:10 | 11:15 |
| 09:00 | 09:10 | भुसावल जं. | 08:55 | 09:05 |
| 09:43 | 09:45 | जलगांव जं. | 08:23 | 08:25 |
| 12:15 | 12:20 | मनमाड़ जं. | 06:30 | 06:35 |
| 14:15 | 14:20 | छत्रपति संभाजीनगर | 03:40 | 03:45 |
| 15:23 | 15:25 | जालना | 02:13 | 02:15 |
| 17:28 | 17:30 | परभणी जं. | 22:58 | 23:00 |
| 18:35 | 18:40 | पूर्णा जं. | 22:20 | 22:25 |
| 19:25 | 19:30 | हुजूर साहेब नांदेड | 21:35 | 21:40 |
| 22:00 | 22:02 | बासर | 18:38 | 18:40 |
| 22:40 | 22:42 | निजामाबाद | 18:08 | 18:10 |
| 23:53 | 23:55 | कामारेड्डी | 17:13 | 17:15 |
| 01:10 | 01:12 | बोलारम | 16:13 | 16:15 |
| 03:30 | ---- | चेरलापल्ली | ---- | 15:40 |

चलने के दिन: **04642 अमृतसर जं.** से दिनांक 23.01.2026 से 24.01.2026 तक एवं **04641 चेरलापल्ली** से दिनांक 25.01.2026 से 26.01.2026 तक।
**स्थान:** वाता-1 टीयर, वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन न. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
198/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## खबर संक्षेप

### लद्दाख में 5.7 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, भूकंप के झटके दिन में 11:51 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 171 किलोमीटर की गहराई में 36.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.32 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। अभी तक भूकंप से संबंधित किसी भी प्रकार की क्षति की कोई सूचना नहीं है।



### चिली के जंगल में लगी भीषण आग, 19 की मौत

**वॉशिंगटन।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली में जंगलों में लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई है। आग की चपेट में आकर अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 50 हजार से अधिक लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने कई प्रभावित इलाकों में आपातकाल घोषित कर दिया है और सेना को राहत एवं सुरक्षा कार्यों में लगाया गया है।



### सिरफिरे ने परिवार के 7 सदस्यों की हत्या की

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो महीने की बेटी सहित सात लोगों की घर में गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने गोलीबारी की घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान फारूक उर्फ फारोकय के रूप में हुई है। आरोप है कि घरेलू विवाद के बाद उसने घर में मौजूद रिश्तेदारों को निशाना बनाकर गोलीबारी की।



## नॉर्वे पीएम को ट्रंप की चिट्ठी हुई लीक!

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर जुनून अब अपने अगले शिखर तक पहुंचता नजर आ रहा है।

इस बार की नोबेल विजेता मचाडो ने भले ही उन्हें अपना नोबेल पदक सौंप दिया हो, लेकिन इसके बाद भी ट्रंप का नॉर्वे की नोबेल समिति को लेकर गुस्सा कम नहीं हुआ है। उन्होंने नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोरे को एक पत्र लिखकर कहा है कि अब, जबकि उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया गया है, तो वह केवल शांति के बारे में सोचने की जरूरत महसूस नहीं करते हैं।

# मुझे नोबेल नहीं दिया, अब शांति की जिम्मेदारी मेरी नहीं: ट्रंप

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री को जमकर सुनाया है। नोबेल पुरस्कार न मिलने से नाराज ट्रंप ने कहा कि आठ युद्ध रुकवाने के बाद भी नॉर्वे ने उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया। इसलिए अब वह वैश्विक शांति के बारे में सोचने के लिए बाध्य।*

*ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर जुनून अपने शिखर पर*

*नोबेल समिति को लेकर भड़के डोनाल्ड*

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्र में पुरस्कार न दिए जाने का जिक्र किया


डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्टोरे को लिखे एक पत्र में उन्हें नोबेल पुरस्कार न दिए जाने का जिक्र किया। इतना ही नहीं उन्होंने नोबेल समिति में नॉर्वे सरकार की भूमिका को अपनी विदेश नीति से भी जोड़ा। उन्होंने लिखा, आपके देश ने मुझे 8 से अधिक युद्धों को रोकने के बावजूद नोबेल शांति पुरस्कार न देने का निर्णय लिया, इसलिए अब मुझे केवल शांति के बारे में सोचने की कोई बाध्यता महसूस नहीं होती, हालांकि शांति हमेशा सर्वोपरि रहेगी, लेकिन अब मैं इस बारे में सोच सकता हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए क्या अच्छा और उचित है।

### डेनमार्क, चीन और रूस की शक्तियों से ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकते: ट्रंप

ट्रंप ने आगे ग्रीनलैंड पर डेनमार्क की संप्रभुता पर सवाल उठाया और तर्क दिया कि न तो डेनमार्क और न ही मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाएं इस क्षेत्र को प्रमुख शक्तियों से बचा सकती हैं। उन्होंने कहा, डेनमार्क अकेले चीन और रूस जैसी शक्तियों से ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता। वैसे भी उसके पास ग्रीनलैंड के स्वामित्व का कोई अधिकार क्यों है? उनके पास कोई लिखित दस्तावेज नहीं है।

### अमेरिका के लिए कुछ करे नाटो

नाटो में अमेरिका की भूमिका पर बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया, नाटो की स्थापना के बाद से अमेरिका ने किसी भी अन्य देश की तुलना में इसके लिए अधिक काम किया है, और अब नाटो को भी संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूर्ण नियंत्रण नहीं हो जाता, तब तक दुनिया सुरक्षित नहीं रहेगी।

## विदेशमंत्री जयशंकर की पोलैंड के डिप्टी पीएम को दो टूक

# हमारे पड़ोस में आतंकवाद और आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा और मदद न दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पौलेंड के डिप्टी पीएम से कहा कि आप हमारे क्षेत्र से अच्छी तरह परिचित हैं और क्रॉस बार्डर टेररिज्म की चुनौतियों से भलीभांति वाकिफ हैं। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखानी चाहिए और अपने पड़ोस में आतंकी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए।*

दिल्ली में पोलैंड के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की के साथ बैठक के दौरान ने एस जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर उनके रुख पर कड़ी आपत्ति जताई है। पोलैंड विदेश मंत्री के पाकिस्तान को समर्थन देने के बयान पर एस जयशंकर ने दो टूक कहा कि पोलैंड को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी अपनी बातें रखीं।

1. जयशंकर ने भारत को रूस-यूक्रेन विवाद के नाम पर अनुचित और चुनिंदा तरीके से निशाना बनाए जाने पर आपत्ति जताई
2. *विदेशमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने और पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद में समर्थन न देने की चेतावनी दी*


विदेश मंत्री, एस जयशंकर, राडोस्लाव सिकोरस्की पोलैंड के विदेशमंत्री

### पोलैंड ने टैरिफ को लेकर भारत के रुख का समर्थन किया

पोलैंड ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान का समर्थन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका खास देशों को को टैरिफ के जरिए टारगेट कर रहा है। रादोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा, टैरिफ के जरिए चुनिंदा देशों को निशाना बनाने वाले आपके बयान से मैं पूरी तरह सहमत हूं, हमें डर है कि यह ग्लोबल ट्रेड में उथल-पुथल का रूप ले रहा है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि यूरोप को उम्मीद है कि भारत इस क्षेत्र के साथ जुड़ाव बनाए रखेगा। उन्होंने कहा हमने देखा है कि आप यूरोप में हर जगह दूतावास स्थापित कर रहे हैं, जिसका अर्थ है कि आप यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को लेकर गंभीर हैं।

### आप सीमा पार आतंकवाद की समस्या से परिचित

भारत ने राडोस्लाव सिकोरस्की से कहा कि वह पाकिस्तान में आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने में मदद न करें। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'हाल ही में न्यूयॉर्क और पेरिस में मैंने यूक्रेन संघर्ष और इसके नतीजों पर अपने विचार खुलकर शेयर किए हैं। ऐसा करते हुए मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि भारत को चुन-चुनकर निशाना बनाना गलत और अन्यायपूर्ण है, मैं आज फिर यही कह रहा हूं। आप इस क्षेत्र से अनजान नहीं हैं और सीमा पार आतंकवाद की पुरानी समस्या से परिचित हैं।

### पोलैंड के विदेश मंत्री : मैं आपसे पूरी तरह सहमत

एस जयशंकर की बातों पर सहमति जताते हुए पोलैंड के विदेश मंत्री सिकोरस्की ने कहा, 'मैं सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने की जरूरत पर आपसे पूरी तरह सहमत हूं। जैसा कि आपने सुना होगा, पोलैंड हाल ही में आगजनी और राज्य प्रायोजित आतंकवाद दोनों का शिकार हुआ है, जब पोलैंड की रेलवे लाइन को उड़ा दिया गया था। हालांकि आतंकवादियों की नाकामी के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

### पोलैंड ने पाक के साथ साझा बयान में कश्मीर का किया था जिक्र

*पोलैंड विदेश मंत्री ने अक्टूबर 2025 में पाकिस्तान के साथ जारी संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया था। बयान में कहा गया था, 'पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर और पोलैंड ने यूक्रेन युद्ध पर अपना पक्ष रखा। भारत ने तब इसकी निंदा की थी और अब पैलेंड के विदेश मंत्री के सामने ये मद्दा उठाया।*

## व्हाइट हाउस के अधिकारी का खुलासा

# ईरान पर हो सकता था हमला, मीटिंग के बाद ट्रंप ने रोकने का फैसला किया


बेंजामिन नेतन्याहू


डोनाल्ड ट्रंप


अली ख़ामेनेई

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान पर बुधवार को अमेरिकी हमला होने ही वाला था। सुरक्षा के लिहाज से कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस अल उदैद को अमेरिकी सेनाओं ने खाली करना शुरू कर दिया था। बहरीन से अमेरिकी नेवी की पांचवीं फ्लीट को भी खाली कर दिया गया था।

ईरानी सरकार को यकीन था कि अमेरिका हमला करने वाला है और उसने अपना एयरस्पेस बंद करने का नोटिस जारी कर दिया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, यह नकली या कोई चाल नहीं थी। इस बीच सबका ध्यान बुधवार दोपहर को ट्रंप द्वारा अपनी टॉप नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बुलाई जाने वाली एक अहम मीटिंग पर चला गया। लेकिन घंटों बीत गए और व्हाइट हाउस से कोई खबर नहीं आई। ट्रंप ने रुकने का फैसला किया था।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा, वह स्थिति पर नजर रखना जारी रखना चाहते थे। दूसरे अमेरिकी अधिकारी ने कहा, यह बहुत करीब था। सेना बहुत तेजी से कुछ करने की स्थिति में थी, लेकिन आदेश नहीं आया।

### ईरान के हमले से बचाव करने को तैयार नहीं इजराइल: ट्रंप

ट्रंप से कहा कि इजराइल ईरान के संभावित जवाबी हमले से खुद का बचाव करने के लिए तैयार नहीं है, खासकर इसलिए क्योंकि अमेरिका के पास इस क्षेत्र में इतने लाव-लश्कर नहीं हैं कि वह इजराइल को ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में मदद कर सके। इसके अलावा प्रधानमंत्री नेतन्याहू के एक सलाहकार ने कहा कि नेतन्याहू को लगा कि मौजूदा अमेरिकी प्लान काफी मजबूत नहीं है और असरदार नहीं होगा। मीडिया के अनुसार अनुसार सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी ट्रंप से बात की और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके नतीजों को लेकर गहरी चिंता जताई। हालांकि ट्रंप के मन की बात जानना मुश्किल है, नेतन्याहू की चेतावनी और ट्रंप की टीम द्वारा अमेरिकी सेना पर ईरानी जवाबी कार्रवाई से होने वाले खतरों के बारे में दी गई।

## 18 साल से ज्यादा उम्र के हर युवक का सेना में जाना जरूरी

# यूरोप की सबसे शक्तिशाली सेना बना रहा जर्मनी

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी दूसरे विश्वयुद्ध के बाद एक बार फिर से यूरोप की सबसे शक्तिशाली सेना बनाने लगा है। जर्मनी में अब 18 साल की उम्र से ज्यादा के हर एक युवक को जर्मनी के ने कानून के मुताबिक आर्मी में शामिल होना अनिवार्य कर दिया गया है।



हालांकि ये वॉलंटरी है, लेकिन यह कानून सरकार को वर्ल्ड वॉर -2 के बाद पहली बार यूरोप की सबसे मजबूत आर्मी बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए अनिवार्य सर्विस शुरू करने की इजाजत देता है। पिछले साल जर्मनी के पास एक्टिव ड्यूटी पर तैनात सैनिकों की संख्या 184,000 थी, जो मई के मुकाबले 2500 ज्यादा है। उस दौरान जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने पहली बार संसद में कहा था कि सेना, या बुंडेसवेहर, को यूरोप की सबसे मजबूत पारंपरिक सेना बनने की जरूरत है। पॉट्सडैम में बुंडेसवेहर सेंटर ऑफ मिलिट्री हिस्ट्री एंड सोशल साइंसेज के एक सीनियर रिसर्चर टिमो ग्राफ ने अलजजीरा की एक रिपोर्ट में कहा है कि यह बहुत लंबे समय में उनकी सबसे बड़ी सैनिकों की संख्या है और यह 2021 के बाद से हमारी सबसे मजबूत सेना है। जर्मनी की सरकार ने 23 महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर वॉलंटियर सर्विस शुरू की है।

# किश्तवाड़ एनकाउंटर में सेना का एक जवान शहीद, जैश के 3 आतंकी फंसे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सिंहपोरा में रविवार को सुरक्षाबलों और पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई।

दोनों तरफ से हुई भारी गोलीबारी एक जवान बलिदान हो गया तो वहीं सात जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं, दूसरी तरफ सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि रात भर रुकने के बाद, सुरक्षाबलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में छिपे होने की संदेह पर सर्च ऑपरेशन फिर से शुरू कर दिया। यह ऑपरेशन रविवार को चतरू बेल्ट में मंदराल-सिंहपोरा के पास सोनार गांव में शुरू किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि घनी हरियाली और खड़ी ढलानों वाले मुश्किल इलाके में रविवार देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था, जिससे विजिबिलिटी और मूवमेंट सीमित हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कई टीमें, ड्रोन और स्निफर कुत्तों की मदद से, इलाके की तलाशी ले रही हैं, एक सख्त सुरक्षा घेरा बनाए हुए हैं सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवादी भाग न सकें। पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो से तीन आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा हुआ माना जा रहा है।

### आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी



## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नाटो को कमजोर करने का आरोप

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप की जबरदस्ती नाटो को हमेशा के लिए खत्म कर देगी?

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की ऐसी जिद्द पाल ली है कि वो अपने दोस्तों को ही दुश्मन बनाते जा रहे हैं। जिन पश्चिमी देशों ने रूस से रक्षा के लिए नाटो सैन्य संगठन बनाया था, आज वो गुट ही अंदर से खोखला दिख रहा है। अमेरिका की जिद्द के सामने उसके वजूद पर ही सवालिया निशान लग रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ग्रीनलैंड पर अपनी सनक का विरोध करते नाटो सहयोगियों पर ही टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। इसे नाटो के लिए उसके इतिहास का सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। चलिए समझते हैं कि ट्रंप ने नाटो के वजूद को चुनौती कैसे दे दी है।

### नाटो में अमेरिका से लेकर यूरोप के तमाम बड़े देश शामिल


ग्रीनलैंड

*अब समझते हैं नाटो को नाटो या उत्तर अटलांटिक संधि संगठन 32 सदस्य देशों का एक सैन्य और राजनीतिक गठबंधन है। इसमें अमेरिका से लेकर यूरोप के तमाम बड़े देश शामिल हैं। इसमें डेनमार्क भी शामिल है, जिसके अंदर ग्रीनलैंड आता है। इस नाटो को बनाने का मुख्य उद्देश्य ही था कि अपने सदस्य देशों की स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करना। यदि किसी एक सदस्य देश पर हमला होता है, तो उसे सभी सदस्यों पर हमला माना जाता है और सभी मिलकर उसका मुकाबला करते हैं। यह इसके अनुच्छेद 5 के तहत आता है।*

### ट्रंप की ग्रीनलैंड वाली जिद और नाटो का सबसे बड़ा वादा

ग्रीनलैंड में साल 1979 से व्यापक स्वशासन है, हालांकि रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क के हाथों में है। इसीलिए ग्रीनलैंड को डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त हिस्सा माना जाता है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क में बैठी दोनों जगह की सरकारों ने साफ-साफ कह दिया है कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है लेकिन ट्रंप और उनकी सरकार मान नहीं रही है।

### ग्रीनलैंड पर रूस और चीन कब्जा कर सकते हैं: ट्रंप

यहां इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि ट्रंप का दावा है कि रूस और चीन ग्रीनलैंड पर कब्जा कर सकते हैं और इसलिए अमेरिका अपने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उसे खुद में मिलाना चाहता है। अब सवाल है कि किसी नाटो देश को रूस और चीन के ऐसे हमलों से बचाने के लिए ही तो नाटो बनाया गया था। अब दोस्त पर दूसरे के हमले को रोकने के लिए खुद अपने दोस्त पर हमला कर देना कहां तक जायज है?

### नाटो देशों में टैरिफ वॉर शुरू?

ट्रंप ने ग्रीनलैंड के लिए अपनी आक्रामक मांगों को तेज करते हुए पूरे को स्तब्ध कर दिया। उन्होंने विदेश नीति में टैरिफ के उपयोग को चरम सीमा पर पहुंचा दिया। उन्होंने शनिवार को कहा कि वह ग्रीनलैंड पर उनके स्टैंड को विरोध करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएंगे। 1 फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड के किसी भी और सभी सामान पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे, जो 1 जून को बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा, जब तक कि कोई समझौता नहीं हो जाता।

## अन्य रेलगाड़ी से टकराने से हुआ हादसा

# दक्षिण स्पेन में दो रेलगाड़ियों की टक्कर में 21 लोगों की मौत हुई

एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

दक्षिण स्पेन में एक तेज रफ्तार रेलगाड़ी के पटरी से उतर कर विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य रेलगाड़ी से टकरा जाने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मीडिया को मिली जानकार के अनुसार एक रेलगाड़ी में लगभग 300 यात्री सवार थे।

वह स्थानीय समयानुसार शाम 7:45 बजे कॉर्डोबा के पास पटरी से उतरकर दूसरी पटरी पर चढ़ गई और मैड्रिड से दक्षिणी स्पेन के एक अन्य शहर हुएल्वा जा रही एक अन्य ट्रेन से टकरा गई। इस रेलगाड़ी में लगभग 200 यात्री सवार थे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने बताया कि इस हादसे में 21 लोग मारे गए हैं। बचाव अभियान संचालित किया गया, अन्य यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। पुएंते ने कहा कि मृतक संख्या बढ़ सकती है। परिवहन मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने इसे दुर्लभ घटना करार दिया क्योंकि यह पटरी के एक समतल हिस्से पर हुई जिसकी मई में मरम्मत की गई थी।


घायलों को अस्पताल ले जाते हुए कर्मी

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109